RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 46
लखनऊ, सोमवार, 04 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



रिंकू टी20 विश्व कप के दावेदार हैं, पर अभी जल्दबाजी होगी
स्पोर्ट्स-12

# मोदी ने रंगा हिंदी हृदयभूमि को गेरुआ

## पूरी चमक के साथ खिला शिवराज सिंह का कमल

**पायनियर समाचार सेवा।** भोपाल/नई दिल्ली

**एक** मजबूत संगठन में बदलाव, निराश कार्यकर्ताओं के भीतर विशाल आंतरिक गुटबाजी की शुरुआती चुनौतियों का समाधान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता के साथ मिलकर मतदान के आखिरी दिनों में मध्य प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने वाले प्रमुख कारक थे।

भगवा पार्टी के लिए हिंदी भाषी क्षेत्र में सत्ता बरकरार रखने की घबराहट स्पष्ट थी, क्योंकि कांग्रेस को बढ़त मिल रही थी। इसलिए भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सात मौजूदा पार्टी सांसदों को मैदान में उतारा था। प्रतिष्ठित राज्य में भाजपा को सत्ता में वापस लाने के अंतिम उद्देश्य के लिए संगठनात्मक स्तर पर सभी को एक साथ काम करना मुख्य कार्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान मध्य प्रदेश में 14 रैलियों को संबोधित किया और युवा मतदाताओं तक पहुंच कर उन्हें विभिन्न मोर्चों पर पिछली कांग्रेस सरकारों की विफलताओं की याद दिलाई और सभी वर्गों के विकास पर जोर दिया। वहीं राहुल गांधी के नेतृत्व में अपने अभियान में कांग्रेस ने सत्ता में आने पर नारी सम्मान निधि के तहत महिलाओं को 1,500 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। चौहान ने महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये प्रदान करके लाडली बहना योजना शुरू की। उन्होंने किस्तों में सहायता को बढ़ाकर 3,000 रुपये करने का वादा किया और 250 रुपये मासिक बढ़ोतरी लागू की। जहां पूर्व कांग्रेस सीएम कमल नाथ ने अभियान के दौरान प्रतिदिन एक से दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया, वहीं चौहान ने भाजपा के लिए समर्थन जुटाने के लिए हर दिन औसतन आठ से दस रैलियों को संबोधित किया। भाजपा ने 21 केंद्रीय मंत्रियों को विधायक उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा था, जिनमें सबसे अधिक संख्या मध्य प्रदेश में, उसके बाद राजस्थान और छत्तीसगढ़ में थी।



चार में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद रविवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह नतीजा उन ताकतों को भी चेतावनी है, जो प्रगति और जन कल्याण की राजनीति के खिलाफ खड़े रहते हैं तथा कांग्रेस और उसके साथी विकास का विरोध करते हैं। इस दौरान पीएम मोदी का सम्मान किया गया। फोटोः रंजन डिमरी (खबर पेज 11)

## छत्तीसगढ़ में फिर भाजपा ने सत्ता पर किया कब्जा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रायपुर

**छत्तीसगढ़** में भाजपा ने रविवार को 90 सदस्यीय विधानसभा में 54 सीटें जीतकर कांग्रेस के पांच साल के शासन को उखाड़ फेंका और आराम से वापसी की। मध्य प्रदेश से विभाजित होकर राज्य के गठन के बाद भाजपा लगातार 15 वर्षों तक राज्य में सत्ता में रही। छत्तीसगढ़ के नतीजे कई लोगों के लिए आश्चर्यचकित करने वाले थे क्योंकि कांग्रेस को राज्य में बने रहने की काफी उम्मीदें थीं। भाजपा द्वारा किए गए वादे जिसे उसने 'मोदी की गारंटी 2023' के रूप में प्रचारित किया, ने आदिवासी बहुल राज्य में उसके पक्ष में काम किया और उसने प्रचंड बहुमत दर्ज किया। 2018 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा सरकार के खिलाफ 'मजबूत' सत्ता विरोधी लहर और सबसे पुरानी पार्टी के मुफ्त और कल्याणकारी उपायों के वादे के कारण भारी जीत दर्ज की थी। निवर्तमान विधानसभा में वर्तमान में कांग्रेस के 71, भाजपा के 13, जेसीसी (जे) के 3 और बसपा के 2 सदस्य हैं जबकि एक सीट खाली है। भाजपा ने इस बार अपने घोषणापत्र में छत्तीसगढ़ के लिए 'मोदी की गारंटी 2023' नाम से लोकलुभावन वादे किए हैं।

## राजस्थान का किला भी कर लिया फतह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**राजस्थान** ने हर पांच साल में शासन बदलने की अपनी परंपरा को बरकरार रखा और रविवार को भाजपा को वोट देकर कांग्रेस के नेतृत्व वाली अशोक गहलोत सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश को बरकरार रखने और छत्तीसगढ़ पर जीत हासिल करने के बाद भाजपा के लिए दूसरी जीत राजस्थान में आई, जहां उसने आसानी से गुटबाजी वाली सबसे पुरानी पार्टी से सत्ता छीन ली।

चुनाव आयोग के अपडेट के अनुसार अंतिम रिपोर्ट दाखिल होने तक, भाजपा ने कुल 200 विधानसभा सीटों में से 115 सीटें जीतीं और कांग्रेस को 70 सीटें मिलीं। 199 सीटों पर चुनाव कराए गए, जबकि श्रीगंगानगर की करणपुर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार गुरुमीत सिंह कूनर के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। भारत आदिवासी पार्टी एक सीट जीत चुकी है और दो पर आगे चल रही है. बसपा ने एक सीट जीती और एक पर आगे चल रही है जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी दो पर और रालोद एक पर आगे चल रही है। सात सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार आगे चल रहे हैं या जीत रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देर शाम राज्यपाल कलराज मिश्र को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिससे पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया समेत कई नामों की चर्चा चल रही है। गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव परिणाम 'हर किसी के लिए अप्रत्याशित' थे और पार्टी ने विनम्रतापूर्वक लोगों के जनादेश को स्वीकार किया। लगभग पूरे कार्यकाल तक गहलोत को अपने पूर्व डिप्टी और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट से संघर्ष करना पड़ा, जिन्होंने रेगिस्तानी राज्य में कांग्रेस सरकार के गठन के दो साल के भीतर बड़े पैमाने पर विद्रोह किया था। कई कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद सांस्कृतिक रूप से मजबूत राज्य में कांग्रेस नेताओं की फूट का फायदा भाजपा को हुआ।

## विधानसभा चुनाव के नतीजें

**छत्तीसगढ़ (कुल सीट 90)**

| पार्टी | जीत | आगे | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 54 | 0 | 54 |
| कांग्रेस | 35 | 0 | 35 |
| जीजीपी | 01 | 0 | 01 |

**मध्यप्रदेश (कुल सीट 230)**

| पार्टी | जीत | आगे | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 163 | 0 | 163 |
| कांग्रेस | 65 | 1 | 66 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 01 | 0 | 01 |

**राजस्थान (कुल सीट 199)**

| पार्टी | जीत | आगे | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 115 | 0 | 115 |
| कांग्रेस | 69 | 0 | 69 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 03 | 0 | 03 |
| बसपा | 02 | 0 | 02 |
| आरएलडी | 01 | 0 | 01 |
| आरएलटीपी | 01 | 0 | 01 |
| निर्दलीय | 08 | 0 | 08 |

**तेलंगाना (कुल सीट 119)**

| पार्टी | जीत | आगे | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 64 | 0 | 64 |
| बीएचआरएस | 39 | 0 | 39 |
| भाजपा | 08 | 0 | 08 |
| एआईएमआईएम | 07 | 0 | 07 |
| सीपीआई | 01 | 0 | 01 |

## तेलंगाना में कांग्रेस ने जीती मुश्किल बाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव में 60 सीटों का जादुई आंकड़ा हासिल कर कांग्रेस रविवार को पहली गैर-बीआरएस सरकार बनाने की राह पर है, हालांकि भगवा लहर के बीच उसे हिंदी पट्टी में उसे दो राज्यों को गंवाने के साथ तीन राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले मई 2023 में कर्नाटक में जीत के साथ तेलंगाना कांग्रेस की झोली में दूसरा दक्षिणी राज्य आ गया है।

निवर्तमान मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की विशाल छवि के साथ-साथ पार्टी के व्यापक जमीनी नेटवर्क और कल्याण कार्यक्रमों के बावजूद सत्ता विरोधी लहर, युवाओं के बीच असंतोष जैसे कारणों ने बीआरएस के चुनाव में हार का कारण बना। कांग्रेस ने बीआरएस को हराने के लिए एक उत्साही चुनाव अभियान चलाया था, जबकि भाजपा ने भी सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ बिना लाग लपेट के जमकर हमला किया। अंतिम रिपोर्ट तक चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी ने सत्तारूढ़ बीआरएस के खिलाफ भारी बढ़त दर्ज कर ली थी। 119 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस ने 47 सीटों पर दर्ज करने के साथ और 17 पर आगे थी। निवर्तमान विधानसभा में बीआरएस के 101 सदस्य हैं, जिनमें से 22 पर जीत हुई थी और 17 पर आगे थे। मुख्यमंत्री के चन्द्रशेखर राव ने रविवार को अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। चुनाव आयोग के ताजा नतीजों के अनुसार भाजपा छह सीटों पर जीत हासिल कर अपनी स्थिति में सुधार किया है जबकि वह दो सीटों पर आगे चल रही थी। निवर्तमान विधानसभा में एआईएमआईएम के इसके तीन सदस्य हैं, जबकि उसने पांच सीटों पर जीत हासिल कर ली है दो पर आगे चल रही है। राज्य में भारी जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

इससे पहले उसके यहां कांग्रेस के सिर्फ तीन विधायक थे। बीआरएस सरकार ने राज्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, जिसमें गरीबों के लिए आवास प्रदान करना, महत्वपूर्ण रोजगार सृजन सुनिश्चित करना, बेरोजगारी राहत प्रदान करना शामिल था। लेकिन इसके साथ ही किसानों की ऋण माफी के कार्यान्वयन में देरी और भर्ती परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र उनके लिए नकारात्मक साबित हुए। जो उनके प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करने में उनकी विफलता को साबित करती है। शुरुआत में भाजपा को बीआरएस का मुख्य विपक्षी माना जा रहा था, लेकिन मई में कर्नाटक चुनाव के बाद कांग्रेस के मजबूत होने के बाद परिदृश्य बदल गया।

## पांच राज्यों में कुल हैं 84 लोकसभा सीटें

**पांच** राज्यों में कुल मिलाकर 84 लोकसभा सीटें हैं। मध्य प्रदेश में 29, छत्तीसगढ़ में 11, राजस्थान में 25, तेलंगाना में 17 और मिजोरम में दो। वर्तमान लोकसभा में, मध्य प्रदेश की कुल 29 लोकसभा सीटों में से भाजपा के 28 सांसद हैं और कांग्रेस के एक। राजस्थान में 24 सांसद हैं जिनमें कांग्रेस का कोई नहीं है। छत्तीसगढ़ में नौ और कांग्रेस के दो, जबकि तेलंगाना से 04 हैं जहां कांग्रेस के 3 सांसद हैं और बीआरएस (पूर्व में टीआरएस) के सबसे ज्यादा 9 सांसद हैं तथा एक एआईएमएमएम का है। इस तरह इन पांच राज्यों में कुल मिलाकर 84 लोकसभा सीटें हैं।

## मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीतः योगी

● तीन राज्यों की जीत पर मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**तीन** राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिए जीत की बधाई दी है।

सीएम योगी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चारों राज्यों में 57 रैली कर 92 सीटों पर कमल खिलाने की अपील की थी। यही नहीं सीएम योगी ने मध्य प्रदेश में 29 सीटों पर प्रचार किया था जिसमें से 22 सीटों पर कमल खिलकर जीत हासिल हुई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना श्मोदी की गारंटीश् पर श्जनता के विश्वास की गारंटीश् है। सीएम ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। राजस्थान की जीत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि वीरभूमि राजस्थान में भाजपा की भारी मतों से विजय की समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं सम्मानित राजस्थान वासियों का अभिनंदन। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। आपणो अग्रणी राजस्थान की चाह रखने वाले सभी राजस्थान वासियों को पुनरू शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में भाजपा के जीत की बधाई देते हुए एक्स अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश में विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के प्रति अटूट जन.विश्वास की मुहर है। डबल इंजन सरकार के सुशासनए सुरक्षा और विकास को समर्पित इस जीत की सभी प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई।



# अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्णः मुख्यमंत्री

## ● सीएम योगी ने 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को दिया नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर हैए लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा। जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिशए बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई।

### 2017 के पहले यूपी में नौकरी नहीं थी और बाहर छंटनी होती थी

सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वत: रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगताए वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें। 2017 के पहले जिस राज्य को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में होना चाहिए, वह पिछड़ता गया। उस समय देश में यूपी छठवें स्थान पर था। यूपी के नौजवान यहां नौकरी नहीं पाते थे और बाहर जाने पर यूपी का होने के कारण छंटनी हो जाती थी, लेकिन आज युवा व नागरिक सम्मानजनक व्यवहार पाते हैं। अब तो पारदर्शी तरीके से नौकरी, रोजगार व स्वरोजगार भी है।

### विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली इसके संरक्षण का दायित्व हमारा

सीएम ने चयनित बोरिंग टेक्नीशियन से कहा कि सिर्फ ट्यूबवेल ऑन ऑफ करना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है। यहां पर्याप्त जल संसाधन है। हमारे पास भूजल और सरफेस वाटर भी है तो सदानीरा नदियां भी हैं। इसने यूपी की धरा को उर्वरा भूमि के रूप में स्थापित करने में मदद की है। यूपी में 70 फीसदी सिंचाई भूजल से होती है। शेष 30 फीसदी सिंचाई के लिए नहरें आदि बिछाई हैं। 80 फीसदी आबादी को भूगर्भीय जल से पेयजल की आपूर्ति करते हैं। यूपी औद्योगिकीकरण के नए युग में प्रवेश कर रहा है। उद्योगों में 85 फीसदी भूगर्भीय जल की आपूर्ति होती है। प्रकृति व परमात्मा ने हमें अमूल्य निधि दी है। विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिलीए लेकिन इसके संरक्षण का दायित्व हमारा होना चाहिए। एक ओर पेयजलए सिंचाई व उद्योगों के लिए जलापूर्ति करनी है, लेकिन पानी के एक.एक बूंद का संरक्षण भी करना है। सीएम ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यूपी जैसे राज्य में वर्षा देर से आने पर भी हम खेतीबाड़ी कर लेते हैं। मॉनसून विलंब से आने पर भी धान की बिठौनी समय से प्रारंभ हो गई। अधिकांश क्षेत्रों में किसानों को संकट नहीं उठाना पड़ा। ट्यूबवेलए नहरों में पानीए बिजली आदि की सुविधा थीए लेकिन हर राज्य के पास ऐसा सौभाग्य नहीं है। आजादी के समय यूपी में छह करोड़ लोग रहते थेए लेकिन आज आबादी 25 करोड़ हो गई है। जल के संरक्षण की उचित व्यवस्था न होने से प्रदूषण की समस्या खड़ी हुई। उद्योगों की लंबी फेहरिस्त है। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवरए चेकडैम बनाने व अटल भूजल योजना के तहत अनेक कार्यक्रम भी हुए। सीएम ने आह्वान किया प्रदेश के अतिदोहित जनपदों व विकासखंडों को सामान्य के रूप में बदल सकें। क्रिटिकल को सेमीक्रिटिकलए डार्क को सामान्य जनपदों में लेकर आना है। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सचिव डॉ. बलकार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सीएम के हाथों 10 नवचयनितों को मिले नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 नवचयनितों मुकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार, सनोज यादव, सौरभ कुमार वर्मा, दीक्षा गुप्ता, शुभम दीक्षित, प्रियंका सैनी, सचिन कुमार, विमल राजवंशी, मो इमरान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सीएम ने कहा कि 2022 में दूसरी बार डबल इंजन की सरकार आई तो भी युवाओं के लिए रोजगार की बहार लाई। उन्होंने बताया कि जेई ;सिंचाई व जलसंसाधनद्ध के 1438 अभ्यर्थीए उप्र लोकसेवा आयोग के द्वारा प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के 436 पद, 271 खंड विकास अधिकारीए 49 उपजिलाधिकारी, 110 नायब तहसीलदार, 31277 सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा, 160 डिप्टी कलेक्टर, बीएसए, प्रवक्ता, समीक्षा अधिकारी व गन्ना पर्यवेक्षक की नियुक्ति हुई। 267 नायब तहसीलदारए प्रवक्ता व सहायक अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा किया गया। 332 आबकारी सिपाहियों की नियुक्ति हुई। 1354 स्टाफ नर्स, 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि सेवा, 9055 सब इंस्पेक्टर सिविल, पीएसी, प्लाटून कमांडर व अग्निशमन अधिकारी, 2021 के चयनित 496 पीसीएस अफसरों को नियुक्ति पत्र दिया गया। विभिन्न विभागों के नवचयनित 795 अधिकारी, 7182 एएनएमए 1148 उप व सहायक उपनिरीक्षकों की भर्ती हुई। सीएम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिपए एशियन गेम्सद्ध में पदक लाने वाले खिलाड़ियों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। पहली बार यूपी पुलिस में 277 आरक्षियों व दूसरी बार में 333 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। 510 समीक्षा अधिकारीए 400 समीक्षा अधिकारीए कार्यशाला अनुदेशक व कनिष्ठ सहायकए 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्री, 240 कनिष्ठ सहायक व 293 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट की भर्ती प्रक्रिया को कुशलता पूर्वक संपन्न किया।

# दिव्यांगो के लिए सरकार चला रही कई योजनाएंः भूपेन्द्र

## ● भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी दिव्यांग प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के मूलमंत्र को सिद्धान्त बनाकर कार्य करते हुए भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश में कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा दिव्यांगो को लेकर चलायी जाने वाली प्रत्येक योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगो को लाभ मिले। इसके लिए योजना पूर्वक कार्य करना होगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि हर दिव्यांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में आज स्वाभिमान के साथ समाज में सजग प्रहरी बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानन्द ने समाज का आवाहन करते हुए कहा था कि मेरे जैसा 10 लोग मिल जाये राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचा सकते है। प्रदेश भर में सरकारी योजनाओं का लाभ दिव्यांगो को दिलाने के लिए सभी को प्रयास करने चाहिए। प्रदेश संयोजक डा. उत्तम ओझा ने कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से सभी 6 क्षेत्रों की बैठक दिसम्बर माह में शीघ्र सम्पन्न होगी। प्रदेश की बैठक का संचालन भाजपा प्रदेश संयोजक डा. उत्तम ओझा ने किया। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ की प्रदेशीय बैठक में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अभिषेक त्रिवेदी, हीरालाल सरोज, अवनीश प्रजापति, डा. अनुपम जैन, डा. राजेश सिंह, मुकेश मिश्रा, डा. सीमा यादव, अजय शर्मा, लवली मिश्रा सहित सभी 6 क्षेत्र कानपुर, काशी, अवध, गोरखपुर, पश्चिम तथा ब्रज आदि के जिलो के लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया हैः सीएम योगी

## ● दिव्यांगजनों की पेंशन को 300 से बढ़ाकर हमने 1000 रुपए कियाः सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ऋषि अष्टावक्र, मध्यकालीन संत सुकरात, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य इसके उदाहरण हैं। चीन में संपन्न हुए पैरा एशियाई खेलों को ही देखें तो हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए उन्हें विकलांग की जगह एक नया शब्द दिव्यांग दिया।

सीएम योगी ने रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी हुई योजनाओं की धनराशि में वृद्धि की है। पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा मिलती है। वर्तमान में इसे बढ़ाकर हमने 1000 रुपए मासिक कर दिया है। आज प्रदेश के लगभग 10 लाख दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 के बजट में प्रदेश के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मात्र 312 करोड़ रुपए का प्रावधान था। वर्तमान में हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1120 करोड़ रुपए कर दिया है। कुष्ठ रोग से जो ग्रसित दिव्यांगजनों को पहले ढाई हजार रुपए की पेंशन मिलती थी। इसे बढ़ाकर हमने तीन हजार रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश के अंदर कुल 305000 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। साथ ही प्रदेश की सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में 8000 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष 40 करोड रुपए परिवहन विभाग को दे रही है। साथ ही 4342 दिव्यांगजनों को शादी प्रोत्साहन की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के अंदर दिव्यांगजनों की चिकित्सा अनुदान राशि को अब 10000 रुपए कर दिया गया है। हमारी सरकार कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के तहत 6 लाख रुपए तक की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। 2023-24 के बजट में इसके लिए 60 करोड़ 48 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसिक दिव्यांगजन के लिए पूरे प्रदेश में पहले मेरठए बरेली और गोरखपुर को मिलाकर कुल तीन राजकीय आश्रय गृह थे। वर्तमान में हमारी सरकार ने 6 नवीन केंद्रों की स्थापना की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संचालन के साथ ही साथ प्रभु श्री राम की पावन तपो भूमि चित्रकूट में भी जगतगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य हैए जहां दिव्यांगजनों के लिए दो विश्वविद्यालय संचालित हैं।

### राज्यस्तरीय पुरस्कार का किया वितरण

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सामाजिक संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं, नियोक्ताओं, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण भी वितरित किए। साथ ही उन्होंने विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के राज्य मंत्रीए स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यपए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रए प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर केपी सिंहए अध्यापकए छात्र छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पसरा सन्नाटा।

# सपा ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती 'अधिवक्ता दिवस' के रूप में मनाई

**लखनऊ।** सपा मुख्यालय में रविवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती समाजवादी पार्टी द्वारा 'अधिवक्ता दिवस' के रूप में सादगी से मनाई गई। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल तथा समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल, समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकन्दर यादव आदि ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। यह भी संकल्प लिया गया कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में संविधान को बचाने के लिए लोकतांत्रिक भूमिका का निष्ठापूर्वक पूरी ताकत से निर्वहन करेंगे।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में देश की आजादी के लिए गांधी के नेतृत्व में संघर्ष किया था। उन्होंने आजादी के बाद संविधान निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे संविधान सभा के अध्यक्ष थे। वक्ताओं का कहना था कि लोकतंत्र में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कानून का राज रहे यह देश की एकता के लिए आवश्यक है। जैसे आजादी के आंदोलन में अधिवक्ताओं की अग्रणी भूमिका थी वैसे ही स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई में भी अधिवक्ताओं की भूमिका अहम होनी चाहिए। संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के मूल्यों पर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे कुठाराघात को रोकने का दायित्व निभाना है। संघर्ष में अधिवक्ताओं की भूमिका निर्णायक होती है। अधिवक्ताओं से समाज को भरोसा है कि वे कोर्ट के बाहर और कोर्ट में न्याय दिलाएंगे। सामाजिक और आर्थिक विषमता की के विरुद्ध वे भी संकल्पित है। अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, प्रेम प्रकाश वर्मा, विकास यादव सहित अधिवक्ता उमेश प्रताप, संदीप कुमार, सिराज अहमद खां, विंध्यवासिनी कुमार, सर्वेश कुमार, नरेन्द्र कुमार वर्मा, मोनू सिंह यादव, केकेश्रीवास्तव, संतोष भारती, राम सेवक यादव दिलीप पाठक, सुरेश यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# चुनाव परिणामों का कांग्रेस के कार्यक्रमों पर कोई असर नहीः अजय राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**चार राज्यों** के विधान सभा परिणाम घोषित होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने चारो राज्यों के जनादेश को स्वीकार करते हुए तेलंगाना की जनता को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और कार्यप्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इन राज्यों के परिणाम का उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं, नेताओं, नीतियों और कार्यक्रमों पर कोई असर नही पड़ेगा। इन परिणामों से यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा को पूरे देश में अगर कोई पराजित कर सकता है तो वह कांग्रेस पार्टी ही है। तेलंगाना में जीत के साथ 3 अन्य राज्यों में औसतन 40 प्रतिशत से अधिक मत देकर जनता ने हमपर विश्वास जताया है। रविवार को जर्रार हुसैन प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, आफताब आलम और मंसूर भाई के नेतृत्व में लगभग 200 नये लोगों ने कांग्रेस पार्टी के विचारों मे आस्था रखते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता लिए। उन्होंने कहा कि 5 दिसम्बर को अपने नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक को पूरे उत्साह और उर्जा के साथ करेंगे। हम 2024 के आम चुनावों में पूरी ताकत के साथ लड़ते हुएए भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेकेंगे।

# भारतीय संस्कृति और परंपरा के पक्षधर थे भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसादः सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मेयर सुषमा खर्कवालए भाजपा नेता अविनाश त्रिवेदीए महेंद्र नाथ सिंह आदि मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न डॉण् राजेंद्र प्रसाद महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी के आंदोलन में एक अनुयायी के रूप में शामिल हुए और पूरे आंदोलन को पग.पग पर अपना नेतृत्व प्रदान किया। वहीं स्वतंत्र भारत के लिए डॉण् राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में ही संविधान का निर्माण किया गया। वह देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम योद्धा के साथ स्वतंत्र भारत की व्यवस्था के भी सूत्रधार थे। उनके इन कार्यों के चलते वे आज भी स्मरणीय हैं। तत्कालीन सरकार के विरोध के बावजूद सोमनाथ मंदिर के पनुरोद्धार कार्यक्रम में भाग लिया। इतना ही नहीं प्रयागराज और कुंभ उनके हृदय में बसता था। वह भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए आजीवन उन संकल्पों के साथ आगे बढ़े।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता ने जताया विश्वास : स्वाती सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मध्य प्रदेश,** राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। तमाम एक्जिटपोल और चुनाव पूर्व अनुमानों को झुठलाते हुए भाजपा ने यहां जीत दर्ज की है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोगों के विश्वास को जताता है। ये बातें भाजपा नेता और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी चुनाव की दृष्टि से जनसेवा नहीं करती है। यह सतत हर वक्त जनता की सेवा में लगी रहती है। आज जनता भाजपा के सेवा भाव और राष्ट्र सेवा की भावना को समझ चुकी है। कांग्रेस और दूसरी पार्टियां सिर्फ चुनावी दृष्टि से जनता को छलने के लिए चुनाव में जाती हैं। अब जनता छलने वाली नहीं रह गयी है। स्वाती सिंह ने कहा कि कांग्रेस स्वहित के लिए देश को भी बेचने का काम कर सकती है। आतंकवादियों के साथ भी देने में उसको गुरेज नहीं होता। कांग्रेस से जुड़े अधिवक्ता आतंकवादियों को बचाने के लिए मुकदमा लड़ते हैं। इन सब बातों से जनता वाकिफ है। वह समझ चुकी है कि भाजपा ही देश की तरक्की के लिए काम कर सकती है। इस कारण जनता ने भाजपा का साथ दिया है।



# तीन राज्यों में मिली जीत पर भाजपा मुख्यालय में मना जश्न

## ● ढोल नगाड़े की धुन पर झूमे कार्यकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मध्य प्रदेश,** राजस्थान, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर जीत का जश्न मनाया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और जमकर आतिशबाजी कर ढोल-नगाडों की थाप पर गगन भेदी नारों के साथ जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, अनूप गुप्ता, राम प्रताप सिंह, सुभाष यदुवंश, प्रदेश मंत्री अमित बाल्मीकि, मीना चौबे, शंकर लोधी, शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, कार्यालय सहप्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में राजस्थानए मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर जनता की बढ़ी हुई विश्वसनीयता का परिणाम बताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी की ऐतिहासिक विजय के लिए सभी कर्मठशील पार्टी पदाधिकारियों, ऊर्जावान कार्यकर्ताओं और देवतुल्य मतदाताओं का हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रखर नेतृत्व पर अटूट विश्वास का प्रमाण है तथा भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा और गरीब कल्याण की प्रभावशाली नीतियों पर जनता की मुहर है।



डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के गेट पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन।

# पेशेवर अपराधियों का चिन्हांकन कर हो कार्रवाई: डीजीपी

## डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीजीपी** विजय कुमार ने पुलिस मुख्यालय पर समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रिय पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में समीक्षा की जिसमें मुख्य रूप से माफियाओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई, गोतस्करी, धर्म परिवर्तन, लूटए चैन स्नैचिग आदि अपराधों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने निर्देशित किया कि माफियाओं तथा पेशेवर अपराधियों का चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। माफियाओं एवं संगठित अपराधियों तथा उनके गिरोह के सदस्यों द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति को गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14/1 के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गोतस्करी, गोकसी की रोकथाम हेतु कार्य योजना बनाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा उक्त घटना में सम्मलित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी विधिक, निरोधात्मक कार्रवाई की जाए।अवैध धर्म परिवर्तन आदि से सम्बन्धित घटित घटनाओं में तत्काल समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तत्परता पूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

लूट/चैन स्नैचिंग व अन्य गम्भीर प्रवृत्ति के अपराधों की समीक्षा कर अनावरित प्रकरणों का शीघ्र अनावरण कराते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशकए कानून. व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यपरिषद की बैठक में शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में रविवार को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक में कई शिक्षकों को प्रोन्नति दी गयी। बैठक में मानव शास्त्र विभाग में डॉक्टर केया पाण्डेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉक्टर दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉक्टर अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसी के साथ प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति प्रदान की गई।

# आरोग्य मेले में 4815 लोगों को मिला चिकित्सकीय लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जिले** के सभी ग्रामीण व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है।

डॉ. अग्रवाल के मुताबिक परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया जा रहा है और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए जा रहे हैं। इसके अलावा ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और संदर्भन की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। आरोग्य मेले के दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के स्टॉल लगाए गए। मेले में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने भी अपना स्टाल लगाया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4815 लोगों ने लाभ उठाया। जिसमें 1905 पुरुष, 2195 महिलायें और 815 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 983 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

# एलडीए ने रविवार को भी खोला कार्यालय रजिस्ट्री के लिए तैयार की गयी फाइलें

**लखनऊ।** आवासीय और व्यवसायिक सम्पत्तिों की रजिस्ट्री की तैयारियों के लिए साप्ताहिक अवकाश में कार्य किया गया। 5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आवंटियों की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की जाएगी। एलडीए ने अपनी विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए 5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 तक विशेष निबंधन शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इसकी तैयारी के लिए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार रविवार को साप्ताहिक अवकाश वाले दिन भी ऑफिस खोला गया।

इस दौरान सम्पत्ति, लेखा, नियोजन व अभियंत्रण अनुभाग समेत रजिस्ट्री सेल में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यालय में पूरा दिन काम किया। इसी के तहत विभिन्न योजनाओं की अनावंटित सम्पत्तियों की अलग.अलग वर्गों में सूची बनायी गयी और जिन आवंटियों द्वारा पूरा पैसा जमा कर दिया गया है, उनके पक्ष में निबंधन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए दस्तावेज तैयार कराये गये। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटियों से संपर्क करके रजिस्ट्री कराने के लिए सूचना दी जा रही है। 5 दिसम्बर 2023 से आयोजित किये जा रहे विशेष शिविर के शुरूआती 10 दिनों में एलडीए के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी बारादरी लॉन में बैठकर निबंधन के दस्तावेज तैयार कराएंगे तथा शिविर के अंतिम पांच दिनों में निबंधन विभाग के अधिकारी भी कैम्प में उपस्थित रहेंगे। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह हो सकेगी और आवंटियों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर अटल बिहारी वाजपेई की कविताओं संग गूंजेंगे देशभक्ति के गीत



**लखनऊ।** एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा बसंतकुंज योजना का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा पूर्व निर्मित नाले के मिसिंग लिंक के निर्माण में खामी मिलने पर कार्यदायी फर्म पर एक लाख का जुर्माना किया गया। साथ ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पीछे स्थित नाले में काफी मात्रा में कूड़ा–कचरा डम्प मिला, जिस पर उपाध्यक्ष ने टेंडर कराके नाले की सफाई कराने के निर्देश दिये। रविवार को एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बसन्तकुंज योजना का निरीक्षण करके राष्ट्र प्रेरणा स्थल में चल रहे निर्माण एवं विकास के कार्यों का जायजा किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने प्रेरणा स्थल पर ऑडियो स्पीकर लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्पीकर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की कविताओं के साथ देशभक्ति के गीत गूजेंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पीछे स्थित नाले में काफी मात्रा में कूड़ा–कचरा डम्प मिला, जिस पर उपाध्यक्ष ने टेंडर कराके नाले की सफाई कराने के निर्देश दिये। वहीं, शिवांश वेंचर्स प्रालि द्वारा प्रेरणा स्थल के सामने पूर्व निर्मित नाला.नाली के मिसिंग लिंक का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके निरीक्षण में खामी मिलने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी फर्म पर एक लाख रूपये का जुर्माना रोपित किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ व्यवस्थित तरीके से पूर्ण कराया जाए। इसके अलावा बसंतकुंज योजना के निरीक्षण में पाया गया कि छुट्टा जानवरों के चलते हॉर्टीकल्चर का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना का सर्वे कराकर उन स्थानों को चिन्हित कर लिया जाए जहां से छुट्टा जानवर कालोनी में प्रवेश करते हैं। इसके बाद उन जगहों की फेन्सिंग करा ली जाए तथा जरूरी स्थानों पर गेट लगाकर बसंतकुंज योजना को गेटेड कालोनी के रूप में विकसित किया जाए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता अजीत कुमार व सहायक अभियंता अतुल मिश्रा समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

# दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप गोयल मानद उपाधि से होंगे सम्मानित

## आईसीएमआर के पूर्व डीजी डॉ. बलराम भार्गव होंगे मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** 6 दिसंबर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह के दौरान विवि की तरफ से भारत की सबसे बड़ी स्वतंत्र विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूज़न के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ. गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता, जिसमें कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता भी शामिल है। डॉ. संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं।ें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आईसीएमआर के डीजी व पद्मश्री प्रो बलराम भार्गव मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विशिष्टि अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व अति विशिष्ट अतिथि व रजनी तिवारी, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि होंगी। जबकि समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति, राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल करेंगी।

समारोह को लेकर विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह के स्तर से की गया है कि कुलपति, कार्य परिषद के सम्मानित सदस्य व विद्यापरिषद के सम्मानित सदस्य एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। शैक्षणिक शोभा यात्रा के लिए परिधान चार दिसंबर या 5 दिसंबर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से विश्वविद्यालय के कला संकाय, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या 6 से प्राप्त किया जा सकता है। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में ही वापस कराया जायेगा।

# दो दिवसीय सेफएनेस्थीसिया कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के एनेस्थिसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग की तरफ से 2 दिवसीय डब्ल्यूएफएसए (वर्ल्ड फेडरेशन सोसाइटी ऑफ एनेस्थिसियोलॉजी) सेफ एनेस्थीसिया प्रोग्राम का आयोजन रविवार को शताब्दी फेज 2 के ऑडिटोरियम में किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल चिकित्सा एनेस्थिसियोलॉजी प्रशिक्षण और शिक्षा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। सेफ एनेस्थीसिया प्रोग्राम एक व्यापक पहल है, जिसे बाल चिकित्सा एनेस्थीसिया के विशेष क्षेत्र में एनेस्थेसियोलॉजिस्ट के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार्यक्रम बाल चिकित्सा एनेस्थिसियोलॉजी में अद्वितीय चुनौतियों और आवश्यकताओं को संबोधित करता है, यह पहचानते हुए कि बच्चे केवल छोटे वयस्क नहीं हैं। संवेदनहारी दवाओं और उपकरणों के लिए उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण और समझ की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के दौरान एनेस्थिसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ जीपी सिंह ने बाल चिकित्सा कार्डियक एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अधिक केंद्रित प्रशिक्षण और विशेषज्ञता की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए इन विशेष पेशेवरों की कमी पर प्रकाश डाला। केजीएमयू में एनेस्थिसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर और आईएपीए के सचिव डॉ प्रेम राज सिंह ने कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाल चिकित्सा एनेस्थेटिस्ट युवा रोगियों के सुरक्षित और प्रभावी प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है कि चिकित्सक सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने के लिए नवीनतम ज्ञान और कौशल से लैस हैं। डॉ. अवुला मुरलीधर ने न केवल भारत में बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में जहां बाल चिकित्सा एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की कमी है, वहां बाल चिकित्सा एनेस्थीसिया प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने में आईएपीए की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# चंदरनगर गुरुद्वारे में गुरु नानक देव का मनाया गया प्रकाशोत्सव



**लखनऊ।** चंदरनगर गुरुद्वारे में गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया गया। गुरुदारा कमेटी द्वारा मनाए जा रहे प्रकाशोत्सव में महापौर ने भी सिरकत की। सतनाम सिंह सेठी को गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। रविवार को गुरु सिंह सभा चंदरनगर गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव मनाया गया। प्रकाशोत्सव में बाहर से आये रागी जत्थों ने भजन कीर्तन किया। जिसमें लखनऊ की महापौर सुषमा खड़कवाल, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध छत्र सातवीर सिंह राजू, अनीता अग्रवाल (सदस्य बाल आयोग), पीयूष दीवान (सभासद) सतनाम सिंह सेठी को गुरुद्वारा कमेटी द्वारा सम्माननित किया गया। उसके बाद आए हुए सभी ने गुरु का लंगर छका। मुख्य रूप से मनमोहन सिंह सेठी (प्रधान) अजीत सिंह खुराना(जनरल सेक्रेटरी), मनमोहन सिंह मनी (सीनियर वाईस प्रेसिडेंट), रूबी गुलाटी (सचिव), गुरप्रीत सिंह चड्ढा (प्रवक्ता) सतबीर सिंह अनंत, हरीश कोहली उपस्थित रहे।

# मिस संस्कृति सुरभि बनीं आदिश्री मिश्रा अंश शर्मा बने मिस्टर संस्कृति सुरभि

## लविवि में संस्कृति सुरभि कार्यक्रम सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में पांच दिनों से चल रहे खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव संस्कृति सुरभि का समापन हो गया। संस्कृति सुरभि एक मल्टी यूनिवर्सिटी कम्पटीशन फेस्ट है, जिसका आयोजन विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के द्वारा किया जाता है। संस्कृति सुरभि के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ के एमएलसी पवन सिंह चौहान एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय उपस्थित रहे एवं विजेताओ को अपने कर–कमलों से पुरस्कृत करके उन्हे सम्मानित किया। संस्कृति सुरभि के इस संस्करण की मिस संस्कृति सुरभि का खिताब सिटी ला कालेज की आदिश्री मिश्रा एवं मिस्टर संस्कृति सुरभि का खिताब आईएमएस लखनऊ विश्वविद्यालय के अंश शर्मा ने जीता।

वही जोड़ी नम्बर वन के विजेता समृद्धि श्रीवास्तव एवं विशाल ठाकुर रहे, जो कि शिया पीजी कालेज के छात्र हैं। कमेटी के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने बताया कि यह खेलों एव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव था। इस महाकुंभ में 70 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश के एव लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चारों जिले लखनऊ, सीतापुर, हरदोई एव रायबरेली से लभगभ 52 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एव कालेजो के सैंतालीस सौ बच्चो ने प्रतिभाग लिया। जिसमे से ग्यारह सौ सैंतालिस मेडल वितरित किये गए एवं 500 से अधिक मोमेंटो एव ट्राफियां देकर विजेताओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के समापन दिवस के अवसर पर लगभग 17 हजार से अधिक दर्शक विश्वविद्यालय के क्रीड़ास्थल में मौजूद थे, जो अपने आप मे ही संस्कृति सुरभि के सफल होने का गौरव–गान करते हैं।

# राजमार्गों के हर किमी पर लगाएं सीसी कैमरेः योगी

## ● कुंभ मेला के पूर्व पूर्ण की जाएं एनएचएआई की सभी परियोजनाएंः सीएम

## ●मुख्यमंत्री ने की एनएचएआई के प्रोजेक्ट्स की समीक्षा, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी रहे मौजूद



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश में चल रही सड़क निर्माण परियोजनाओं को तेजी से पूरा कराएं। साथ ही प्रदेश में राजमार्ग क्षमता का विस्तार करते हुए फोरलेन को सिक्स लेन में विस्तारित करें। सुरक्षा और जन सुविधाओं पर विशेष ध्यान दें। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राजमार्ग पर हर किलोमीटर के अंतराल पर सीसी कैमरे लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने वाले कुंभ मेला को देखते हुए प्रयागराज से जुड़ी एनएचएआई की परियोजनाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए सभी कार्य नवंबर 2024 तक हर हाल में पूर्ण करा लेने के साथ ही अयोध्या क्षेत्र के कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने ये निर्देश रविवार शाम गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में एनएचएआई की यूपी में चल रहे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के दौरान दिए। समीक्षा बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जारी एनएचएआई की परियोजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी विश्व स्तरीय हुई है। इसे निरंतर गति देते हुए सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में प्रयागराज में कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन होना है। लाखों की संख्या में यहां लोग पहुंचेंगेए सुलभ और सहज आवागमन के लिए रोड कनेक्टिविटी को और शानदार करना है। इसके लिए एनएचएआई प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं को प्राथमिकता पर रखते हुए समय सीमा के भीतर पूर्ण करा ले। सभी कार्य किसी भी दशा में नवंबर 2024 तक पूरे हो जाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज में शंकर मंडपम मंदिर से त्रिवेणी तक रोप.वे बनाने के लिए कार्ययोजना तेजी से आगे बढ़ाने को निर्देश दिया। सीएम योगी ने अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों में एनएचएआई की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जनवरी 2024 में श्रीराम लला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे। इसके बाद देश.दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए अयोध्या की परियोजनाओं को और तीव्र करने की जरूरत है।

बैठक में मुख्यमंत्री गोरखपुर वाराणसी, सोनौली गोरखपुर और गोरखपुर नार्थ ईस्ट बाईपास की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एनएचएआई के अफसरों से मार्च 2024 तक गोरखपुर वाराणसी राजमार्ग का कार्य पूर्ण करने के साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश दिया। कहा कि यदि गुणवत्ता में कोई खामी मिले तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई भी की जाए। सोनौली.गोरखपुर राजमार्ग के कार्य मे और तेजी लाई जाए। सीएम योगी ने लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मथुरा, आगरा, बरेली, मेरठ में चल रही एनएचएआई की परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा कर तेजी से काम करने की हिदायत दी। बैठक में एनएचएआई की तरफ से बताई गई कुछ परेशानियों को मुख्यमंत्री ने तत्परता से दूर करने का आश्वासन दिया। गोरखपुर में एनएचएआई के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहजनवा में फ्लाईओवर बनाने का निर्देश दिया है। इससे सहजनवा कस्बे में होने वाली जाम की समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा फ्लाईओवर को लेकर भूमि अधिग्रहण के लिए जिलाधिकारी सहयोग करेंगे। बैठक में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव ने प्रदेश में चल रही परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, कई विधायकगण, प्रमुख सचिव पीडब्लूडी अजय चौहान समेत कई अधिकारी, व्यक्ति मौजूद थे जबकि कई जिलों के अधिकारी वर्चुअल जुड़े थे।

# खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को स्वयं सेवी संस्था उम्मीद द्वारा भिक्षावृत्ति छोड़ चुके 500 बच्चों के प्रोत्साहन हेतु भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत राजभवन में आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन उम्मीद संस्था की संरक्षक उमा अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति में किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने खेल महोत्सव में खेले गये विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि मुझे जो खुशी आज यहां बच्चों को ट्रॉफी देते हुए मिल रही है। वह खुशी मुझे विश्वविद्यालयों में पदक वितरित करते हुए भी नहीं मिलती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने बच्चों की कार्य व्यवस्था में लगाये गये सभी वालंटियर्स को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब प्रतियोगिता होती है तो हार जीत होती रहती है। इसके लिए किसी को निराश होने की जरूरत नहीं है, आपको अपना प्रयास यथावत जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस धैर्य से लक्ष्य को ध्यान में रखकर बच्चों ने प्रदर्शन किया। वह अत्यंत सराहनीय है। अगर हम कोई लक्ष्य पाना चाहते हैं तो हमें धैर्य के साथ आगे बढ़ना होगा।

राज्यपाल ने बच्चों को कहा कि आप सभी आपके माता.पिता तथा उम्मीद संस्था के प्रतिनिधियों ने प्रेरित किया और आप आगे बढें और पढ़ना लिखना शुरू किया। क्योंकि पढ़ना लिखना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पढ़ाई से ही जीवन बदलता है। उन्होंने कहा कि कुदरत ने हमें काफी कुछ दिया है यह बात हमारे माता.पिता को समझनी चाहिए और बच्चे के अन्दर छिपी प्रतिभा को ध्यान में रखकर उसे आगे ब ?ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने एशियाई पैरा गैम्स के तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल देवी का उदाहरण देते हुए कहा कि दोनो हाथों से दिव्यांग होने के बावजूद उसने अपने तीरंदाजी के खेल को नहीं छोड़ा और पैरों से तीरंदाजी का अभ्यास करके देश के लिए पदक प्राप्त किया इसी तरह उन्होंने बच्चों को एकलव्य की प्रेरणादायक कहानी सुनाते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर उसे धैर्यपूर्वक पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था के बच्चों के लिए प्रेरणादायक स्टोरी बुक तथा पठन.पाठन सामग्री का एक सेट भेंट किया तथा वालंटियर्स से अपील की कि वे संस्थान में एक छोटी सी लाइब्रेरी स्थापित करें तथा बच्चों में पढ़ने की आदत डालें ताकि बच्चे पढ़ते रहें आगे बढ़ते रहे।

# यूपी का हो रहा सर्वांगीण विकासः डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी दूरदर्शिता, प्रगतिशील विचारधारा और दृढ़ निश्चय के लिए विख्यात हैं तथा अपनी बेबाकी व ज्ञानवर्धक बातों के साथ सभी समसमायिक मुद्दों पर आंकड़ों के साथ चर्चा करते हैं। रविवार को सरोजनीनगर से बीजेपी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हुई परिवर्तनकारी प्रगति की सराहना की। अपने ऑफिशियल अकाउंट एक्स पर आंकड़ों के माध्यम से विधायक ने 2016-17 से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों व उपलब्धियों को रेखांकित किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदेश की आय वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2016-17 में राज्य की सकल राज्य घरेलू उत्पाद लगभग 13 लाख करोड़ थी वहींए 2023-24 में लगभग साढ़े 24 लाख करोड़ की तक पहुंच रही है। 2015-16 में प्रति व्यक्ति आय 43 हजार के आसपास थी, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक लगभग 83 हजार हो चुकी है। विधायक ने प्रदेश के बजट में हुई बढ़ोतरी को रेखांकित किया। देश की 16 प्रतिशत यानी 25 करोड़ की जनसंख्या उप्र में निवास करती हैए प्रदेश में 2012 और 2017 के बीच औसत बजट 2 लाख 70 हजार करोड़ के आसपास था, जो आज 7 लाख करोड़ से अधिक है। झ

मूल बजट 6 लाख 90 हजार करोड़ और 28 हजार करोड़ के अनुपूरक बजट के साथ 7 लाख 19 हजार करोड़ का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। राजस्व में हुई यूपी की उल्लेखनीय प्रगति पर भी डॉण् सिंह ने प्रकाश डाला। वैट और टैक्स के आधार पर वर्ष 2016-17 में बिक्री कर 49 हजार करोड़ थाए जो आज डेढ़ लाख करोड़ पर पहुंच रहा है। राज्य उत्पाद शुल्क में वर्ष 2016-17 में कुल 14 हजार करोड़ प्राप्त हुए थेए जो आज 58 हजार करोड़ रुपए पर पहुंच रहा है। पहले परिवहन से 5 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होता था वहीं अब 12 हजार करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त हो चुकी है। बता दें कि देश में बीते दिन आए चार राज्यों के चुनावी परिणाम में भाजपा ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में अपनी धाक जमाई। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। इन राज्यों में चुनाव का रुख बदलने में सबसे एक महत्वपूर्ण भूमिका सीएम योगी ने भी निभाई। स्टार प्रचारक के रूप में उन्होंने चुनावी राज्यों में ताबड़तोड़ रैलियां, रोड शो किए। राज्यों में जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी हर रैली.जनसभा में ताबड़तोड़ भीड़ देखने को मिलती थी। हर राज्य की जनता उनकी सुशासन और जीरो टॉलरेंस नीतियों से प्रभावित हैए यह कहना गलत नहीं होगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में हो रहा अभूतपूर्व विकास ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक मानचित्र पर एक अलग पहचान दी है।

## 51वां आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर आयाजित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रारंभ की गई संवाद से समाधान तक की अनुपम पहल 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर एक महाभियान बन गया है। ईडी की नौकरी छोड़ जनसेवा का संकल्प लेकर राजनीति में आए डॉ' राजेश्वर सिंह ने जनता के लिए उपलब्धा, संवाद और समस्याओं का निराकरण के लिए माता तारा सिंह की स्मृति में जनसुनवाई शिविर का अयोजन किया। क्षेत्र के गांवों में नियमित तौर पर इसका अयोजन किया जाता है। रविवार को ग्राम रेवारी 51वां 'आपका विधायक आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान जनसमस्याओं के निदान के लिए गांव में पहुंची विधायक की टीम ने ग्रामीणों से सहजतापूर्वक संवाद किया, और उनकी समस्याएं सुनीं। सड़क, बिजली और पेंशन समेत 25 समस्याएं आई। शिविर में प्राप्त समस्याओं के शीघ्र व प्रभावी निस्तारण का सकारात्मक आश्वासन दिया गया। क्षेत्रीय जनता ने समस्याओं से निदान हेतु विधायक द्वारा प्रारंभ अभिनव पहल आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर के लिए उनका आभार व्यक्त किया। हाल ही में सरोजनीनगर में निरंतर जारी आपका विधायकए आपके द्वार जनसुनवाई शिविर की सफलता का उत्सव मनाया गया था। इस दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि सरकार व जनता के बीच एक सूत्र के रूप में कार्य करता है जिसका दायित्व जनता की हर समस्या को शासन तक पहुंचाना है। जनता के लिए उपलब्धता, संवाद और जन समस्याओं के समाधान के लिए आपका विधायक आपके द्वार जनसुनवाई शिविर अनवरत जारी रहेगा।

# यूनानी के प्रचार के लिए फ्री यूनानी मेडिकल कैंप, सेमिनार, सिंपोजियम का आयोजन करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नेशनल** यूनानी डॉक्टर्स एसोसिएशन (नुडवा) के बैनर तले रविवार को नेशनल यूनानी कन्वेंशन व एग्जीक्यूटिव मीट और जनरल बॉडी मीटिंग में प्रदेश व देश के सैंकड़ों यूनानी डॉक्टर्स केजीएमयू के साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में एकत्र हुए। जीबीएम की अध्यक्षता करते हुए नुडवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा एस मुईद अहमद ने नुडवा के अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पदाधिकारियों का आवाह्न किया कि यूनानी के प्रसार प्रचार के लिए फ्री यूनानी मेडिकल कैंप, सेमिनार, सिंपोजियम आदि का आयोजन करके आम जनमानस को यूनानी की तरफ आकर्षित करें।

कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। यूनानी को प्राचीनतम एवं दोषरहित प्रभावी भारतीय चिकित्सा पद्धति बताते हुए नुडवा के पिछले मांगपत्र का ज़्रि करते हुए बताया कि सरकार और प्रशासन ने ज्यादातर मांगे पूरी कर दी हैं जैसे कि बरेली कॉलेज का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। यूनानी चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति हुई है। युनानी स्टाफ का नियमतीकरण हो गया और यूनानी में पीजी की सीट्स बढ़ा दी गई है, इसके अलावा शेष मांगों को जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने मौजूदा दौर में यूनानी की जरुरत पर रौशनी डाली। उन्होंने नुडवा द्वारा यूनानी की तरक्की के लिए किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि वो यूनानी पद्धति के फरोग के लिए और ठोस कदम उठाये जैसे यूनानी के मंडल अधिकारी जल्द से जल्द नियुक्त किए जाएं और आयुर्वेद यूनानी चिकित्सकों की लंबित मांग आइवी फ्लूइड की अनुमति प्रदान की जाए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन

**लखनऊ।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज राजाजीपुरम का रविवार को स्थापना दिवस की 26वीं वर्षगांठ एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्मदिन बड़े ही हर्सोल्लास के साथ महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रबंधक सी. एल. सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महाविद्यालय के संस्थापक डॉ. डी. सी. श्रीवास्तव एवं प्राचार्य डॉ. वी.के. श्रीवास्तव ने इस अवसर पर भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर मल्यापर्ण किया। कार्यक्रमों का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। समारोह में छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इंटर और डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमे कई



प्रकार के गेम्स एवं फूड स्टॉल बच्चो द्वारा लगाया गया । महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. वी. के. श्रीवास्तव ने छात्रों को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन और उनसे जुड़ी हुई जानकारी प्रदान की एवं छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यतींद्र कुमार झा, डॉ. बृजमोहन श्रीवास्तव, डॉ. रोली श्रीवास्तव, डॉ. सुशीला, भावना सेठी, राम औतार कनोजिया, टी.के. चौधरी, प्रकाशिनी, नावेद आलम, निक्की सक्सेना, राखी सिंह, उषा, रितेश श्रीवास्तव, नवनीत, आयुष, रुबी, विनीता, पूनम, आरती, स्वाती आदि उपस्थित रहे।

## दारोगा की पत्नी से रुपयों भरा पर्स लूट ले गए बाइक सवार बदमाश

**मोहनलालगंज।** मऊ में एसबीआई से पचास हजार रुपए निकालकर घर लौट रही दारोगा की पत्नी से बाइक सवार बदमाश रुपयों से भरा पर्स लूटकर भाग निकले। बहादुर महिला बदमाशों से भिड़ गई। लेकिन दुस्साहसी बदमाश उसे धक्का देकर बाइक की रफ्तार बढ़ाकर हाईवे की ओर भाग निकले। उधर सनसनीखेज वारदात के तीन दिन बाद पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही है। मोहनलालगंज के मऊ में गोकुल रेजीडेन्सी कालोनी निवासी अरुण कुमार पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं और इन दिनों लखीमपुर जिले में तैनात हैं। उनकी पत्नी नीलू सिंह शुक्रवार को शादी में खर्च के लिए स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मोहनलालगंज से 50 हजार रुपए निकालकर पैदल घर लौट रही थीं। राधास्वामी सत्संग व्यास के सामने से मऊ की ओर गई रोड पर सूनसान में घात लगाकर बैठे दो बदमाशों ने नीलू से रुपयों भरा पर्स छीन लिया।

# गुरुनानक ने सम्पूर्ण जीवन समाज को सुधारने में लगायाः अनिल दुबे



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रविवार को सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर लखनऊ के चन्दर नगर गुरुद्वारे में श्री गुरु सिंह सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गुरुग्रंथ साहब को माथा टेक कर आशीर्वाद लिया और सभी को गुरुपर्व की शुभकामनाएं दी। गुरुनानक देव सिख धर्म के प्रथम गुरु थे, उन्होंने सिख धर्म की स्थापना की। उन्होंने विश्व को शान्ति, सद्भाव, भाई चारे और सेवा का जो संदेश दिया वह अनुकरणीय है। अपना सम्पूर्ण जीवन समाज को सुधारने में लगा दिया। समानता और सहिष्णुता को बढ़ावा देने मे उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। गुरू सिंह सभा की तरफ से दुबे को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चन्दर नगर गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह सेठी, उपाध्यक्ष गुरुमीत सिंह सलूजा आलमबाग गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्मल सिंह, राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान आदि उपस्थित थे।

# साहित्य व साहित्यकार ही हमारी परम्परा को यशस्वी बनाते हैंः केशव प्रसाद मौर्य

## ● समाज को बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य करते हैं साहित्यकारः डॉ. अरुण



**लखनऊ।** जिस राष्ट्र के नागरिक और वहाँ का समाज यदि साहित्य और अपने साहित्यकार का सम्मान नहीं करता तो वह देश अपनी परम्परा को लम्बे समय तक जीवित रख नही पाता। ये साहित्य और साहित्यकार ही हमारी परम्परा को यशस्वी बनाते हैं। अतः इनका सम्मान हमारा कर्तव्य है। भाऊराव देवरस सेवा न्यास युवा साहित्यकारों को सम्मानित कर उसी राष्ट्रीय जिम्मेदारी को निभा रहा है।

उक्त बातें लखनऊ स्थित माधव सभागार सरस्वती कुंज, निराला नगर में भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा आयोजित 29वें पं. प्रतापनारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्यकार को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री ने कहा। उन्होने कहा कि आप जिनका जीवन सम्मानित प्रचारक के रूप में रहा और आगामी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्पद साहित्य लिखनेवाले पंण् प्रतापनारायण मिश्र के नाम से दिया जाने वाले सम्मान का कार्यक्रम कई मायने में महत्वपूर्ण है। भाऊराव देवरस जी के नाम से बने इस न्यास के द्वारा सेवा के इतने कार्य किए जा रहे हैं वह समाज को जोड़नेवाले महत्वपूर्ण कार्य हैं। अलग.अलग राज्यों से चुनकर साहित्यकारों को उनके लेखन के लिए उन्हें सम्मानित हर वह अच्छी और सही चीज समाज के सामने लाने के लिए साहित्यजगत् में जो कार्य हो रहा है वह उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य हो रहा है। साहित्यकारों की भूमिका प्रबल हैए क्योंकि साहित्यकार सप्रमाण विचारों को उद्वेलित करने का कार्य साहित्यकार करते हैं।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ0 अरुण सक्सेना राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वन एवं पर्यावरण ने कहा कि न्यास शिक्षाए स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य कर रहा है। युवा साहित्यकारों को केवल उ0प्र0 से ही नहीं अपितु पूरे देश से चयन को प्रत्येक व्यक्ति साहित्यकार नहीं हो सकता है। जन्मजात गुणों से युक्त होने के कारण ही साहित्यकार बन पाते हैं। साहित्यकार समाज को बेहतर बनाने के लिए निरन्तर कार्य करते हैं अतः साहित्यशिल्पी के साथ ही समाजशिल्पी भी होता है।

सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. संजय सिंह कुलपति बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ ने कहा अपने वैचारिक धरातल को साहित्यकार लोग मजबूती प्रदान करते हैं अतः साहित्यकार की उपादेयता सभी युग में रही है। मेरा यह मानना है कि भाऊराव जी जैसे चुम्बकीय व्यक्तित्व के धनी महापुरुष के नाम पर गठित यह न्यास समाज के अन्तिम छोर पर रहनेवाले अभावग्रस्त लोगों की चिन्ता तो करता ही है साथ ही प्रेरणापूर्ण साहित्य को लिखने का क्रम बना रहे इस निमित्त न्यास नवोदित साहित्यकारों को समाज के सामने लाने का कार्य किया जा रहा है। सभी को जोड़कर सभी को साथ लेकर चलने वाले ज्ञान ही सच्चा साहित्य है। जुड़ने के भाव होने के कारण ही सच्ची साहित्य ही दीर्घजीवी हो पाता है। हमारी संस्कृति में संस्कार का महत्व केवल व्यक्ति के जीवन में ही नहीं अपितु साहित्य में सभी संस्कार दिखे इस अपेक्षा साहित्यकार और वैज्ञानिक दोनों का सृजन का कार्य करते हैं और सृजन समाज के समस्याओं के समाधान करने की दृष्टि से करते हैं। परन्तु वैज्ञानिक को सृजन के लिए लम्बी प्रक्रिया से गुजरने पड़ता है। परन्तु साहित्यकार को अपने भाव को वाक्यों मे समेटने में लम्बी प्रक्रिया से गुजरना नहीं पड़ता है। अतः साहित्यकार कम समय में ही सृजन कर समाज को लाभ पहुँचाता है और उसका प्रभाव भी दिखता है।

सम्मान समारोह में से क्रमशः काव्य विधा में डॉ. सत्यवान सौरभ भिवानी, हरियाणा, कथा.साहित्य विधा में मोरेश्वर राव उलारेए उज्जैन, मध्य प्रदेश पत्रकारिता विधा में लोकेन्द्र सिंह, भोपाल, मध्य प्रदेश, बाल.साहित्य विधा में मानसी शर्मा, हनुमानगढ, राजस्थान, संस्कृत में डॉ. बिपिन कुमार झा लखनऊ तथा गुजराती भाषा में डॉ. केतन कानपरियाए अमरेली, गुजरात को पुरस्कृत पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार स्वरुप 25000 रूपये की धनराशि, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह तथा पं. प्रताप नारायण मिश्र रचित साहित्य प्रदान किया गया। सत्यवान ष्सौरभष् का सम्मान उनके प्रतिनिधि श्री दीनदयाल शर्मा ने ग्रहण किया।

# मदरकेयर का मनाया 46वां वार्षिकोत्स्व




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अलीगंज** स्थित मदरकेयर स्कूल में रविवार को विद्यालय का 46वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके पश्चात सदियों पुरानी परी कथा स्नो व्हाइट एंड द सेवेन ड्वार्फ्स पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कथा में दर्शकों को एक रोमांचक मोड़ देखने को मिला। प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति के पश्चात नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा शिव के अनेकों रूप एवं उनके इतिहास को दर्शाते हुए अपने नाटकीय कौशल का प्रदर्शन किया गया। यह वास्तव में दर्शकों के समक्ष एक शानदार और आनंदमय प्रदर्शन था। दर्शकों के लिये यह एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक दुनिया के अनुभव का अनोखा अवसर था। दर्शकों के द्वारा इस पूरे कार्यक्रम की सराहना की गई जिससे विद्यालय के सभी सदस्यों एवं प्यारे बच्चों को प्रोत्साहन मिला। प्रिंसिपल शोभा देव ने अभिभावकों का सहर्ष स्वागत किया और पूरे हर्षोल्लास के साथ संचालन करके इस कार्यक्रम को संपन्न किया।

# कमल के कमाल पर भाजपाइयों का धमाल



**रायबरेली।** तीन बड़े राज्यों में बहुमत के पश्चात भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष व प्रमुख पदाधिकारी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने धूमधाम के साथ पड़ाके दगाये और मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाइयां बांटी। सुपरमार्केट स्थित पार्क में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, रामदेव पाल, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी जय तलरेजा,विशाल पांडे, मुकेश श्रीवास्तव, शिवेन्द्र सिंहअखिलेश तिवारी नगर अध्जश्न का माहौल देखने को मिला–महाराजगंज रायबरेली रविवार की शाम को तीन प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपाइयों में जश्न का माहौल देखने को मिला पुलिस चौकी के पास एकत्रित होकर भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया तो वही गोले पटाखों की आवाज से कस्बा गुंजायमान हो गया। बता दे की राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भाजपाइयों में उत्साह देखने को मिला वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर भाजपा नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में भाजपाइयों ने पुलिस चौकी के पास एकत्रित होकर एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर बधाई दी वहीं गोले पटाखे दगाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महादेव के नाम पर कांग्रेस द्वारा किया गया घोटाला और गौशालाओं के नाम पर भ्रष्टाचार युवाओं के साथ धोखा उसी का परिणाम है, कि कांग्रेस के हाथ से छत्तीसगढ़ चला गया राहुल गांधी की पदयात्रा को जनता ने झूठला दिया है, भ्रष्टाचार युवाओं के साथ धोखा उसी का परिणाम है, कि कांग्रेस के हाथ से छत्तीसगढ़ चला गया राहुल गांधी की पदयात्रा को जनता ने झूठला दिया है, वही आगे श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश राजस्थान की जनता ने यह बता दिया है, कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के नेता बन गए हैं, इस मौके पर देवेंद्र प्रताप सिंह (नीलू) आशु सिंह उर्फ मंगली अनुपम जायसवाल मान सिंह सुनील पांडेय अरिदमन सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने जमकर मनाया जश्न



मुसाफिरखाना अमेठी। तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया।इस अवसर पर भाजपाईयों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी।रविवार को जैसे ही मध्यप्रदेशए छत्तीसगढ़ व राजस्थान के चुनाव परिणाम आए भाजपा कार्यकर्ता नारे बाजी करते हुए जिले के मुसाफिरखाना स्थित तहसील गेट केपास एकत्रित हुए।तीनों राज्यों में भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह व चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही थी।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी। इस मौके पर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र कहा कि तीनों राज्यों में जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की जीत है। श्री मिश्र ने कहा तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत ने साबित कर दिया है कि 2024 में एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।इस मौके पर राम गोपाल कौशलएसुरेश तिवारीएनकुल टण्डनएसुरेंद्र सिंहएसोनू तिवारीए नित्यानंद मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।तीन राज्यों में चुनाव परिणाम में भाजपा की जीत के बाद मंडल अध्यक्ष मुसाफिरखाना महेंद्र मिश्र के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता दादरा गांव स्थित देवी हिंगलाज धाम पर इकट्ठा हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एक खुशी का इजहार किया।इस मौके पर अनिल।मिश्रएरघुवंश मिश्रएजयविन्द सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में लालगंज में भाजपा की तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर मनाया गया जश्न:** लालगंज रायबरेली.....पूर्व मंत्री और लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व और भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला एवं सुशील शुक्ला के संयोजन में चंद्रशेखर स्कूल में तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कुशासन को दर किनारकर जनता जनार्दन ने भाजपा को विजय श्री दिलाई है। वहीं मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशस्वी नेतृत्व और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लोकप्रिय कार्यों पर मोहर लगाकर भाजपा को विजय दिलाई है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामए चेहरा और उनकी लाभकारी योजनाओं के बाबत जनता ने भाजपा को वोट किया है ।श्री तिवारी ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की सरकारों का विस्तार हो रहा है ।विश्व में भारतीय जनता पार्टी ही सबसे बड़ी पार्टी है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व स्तरीय नेता की भूमिका निभा रहे हैं तो वहीं भारत भी मुखिया की भूमिका में पहुंच गया है ।उन्होंने पनौती पर ब्यंग्य कसते हुए कहा कि पिछले चुनाव में कांग्रेस अमेठी हारी थी और अबकी बार रायबरेली लोकसभा भी हारेगी। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि जिस तरह बीजेपी सरकारे कार्य कर रही हैं।

## मंत्री दम्पति ने जिस प्रकार जिले की उपेक्षा की हैं। इसे कत्तई बर्दाश्त नहीं : मनोज श्रीवास्तव

मिर्जापुर। जिले के किसान फसल बर्बाद होने से परेशान हैं। विद्यार्थी छात्रवृत्ति न मिलने से पढ़ाई बंद होने की आशंका से भयभीत है। व्यापारी चौपट हो रहे व्यापार से चिंतित है। लेकिन सेवा का स्वांग रचकर योगी सरकार में मंत्री बने अपना दल के नेता विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल मुफ्त में मिले प्लेन के टिकट के बदले रुपया लेने के लिए परेशान हैं। यह कोई आरोप नहीं सच्चाई हैं। उक्त बातें विहिप के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहीं। कहा कि आशीष पटेल ने जिले की समस्याओं को सदन के पटल पर रखने के बजाय अपनी रुपयों की गठरी बड़ी करने के लिए प्रश्न पूंछकर जिला ही नहीं मंत्री के नाते प्रदेश की जनता का अपमान किया हैं। नगर के लालडिग्गी स्थित आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मंत्री दम्पति ने जिस प्रकार जिले की उपेक्षा की हैं। इसे कत्तई बर्दास्त नहीँ किया जायेगा। चुनाव नजदीक आते ही जिले के कुटीर उद्योगों की बदहाली नज़र आ रही है। हकीकत तो यह है कि जिले का बर्तनए कालीन उद्योग दस वर्ष जहा था। वहा से भी नीचे चला गया। व्यापारी पुश्तैनी धंधे से पलायन कर रहे है । चुनार के खिलौना उद्योग की भी यही दशा हैं। कहा कि गत दिनों मंत्री दम्पति के कार्यालय पर छात्रवृत्ति के लिए पहुंचे बिनानी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर मंत्री आशीष पटेल ने भगा दिया था।एक छात्र का मोबाइल तक छीन लिया था। अध्यक्ष ने कहा कि गरीब छात्रों को पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति ही सहारा हैं। जिसकी अनदेखी कर देश और समाज के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की 139वीं जयन्ती राष्ट्रीय चित्रांश दिवस के रूप में मना

मीरजापुर। सामाजिक संस्था के0एस0पी0 ट्रस्ट द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी की 139वीं जयन्ती पर स्थानीय लोंहदी रोड स्थित माधव कुंज पर ष्राष्ट्रीय चित्रांश दिवसष् के रूप में मनाई गयी। इस राष्ट्रीय चित्रांश दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठी का शुभारम्भ सेल्स टैक्स के एडिश्नल कमिश्नर ;सेण्निण्द्ध श्री संजय श्रीवास्तव द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गयाए जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव तथा संचालन संस्थापक न्यासी रजत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। गोष्ठी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए एडिश्नल कमिश्नर श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि बहुमुखी प्रतिमा के धनी डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी आधुनिक भारत के निर्माताओं मे प्रमुख थेए जो एक मेधावी छात्रए सफल वकीलए निस्वार्थ समाजसेवीए कर्मठ देशभक्तए योग्य प्रशासक व प्रबुद्ध लेखक सभी कुछ थेए उनका जीवन राष्ट्र भक्तिए समाजसेवा और बलिदान का पर्याय रहा है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि राजेन्द्र बाबू की निष्कपट जनसेवा की परिकल्पना ने भारतीय राजनीति को उदात्त व मानवीय मूल्यों से अभिभूत किया साथ ही मानवसेवाए सहानुभूतिए त्याग व मानवता के नये मूल्यों की राजनैतिक संदर्भों में स्थापना भी की। इस अवसर पर संचालन कर रहे संस्थापक न्यासी रजत श्रीवास्तव ने राजेन्द्र प्रसाद जी के त्याग एवं सादगी पूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब राजेन्द्र बाबू ने वकालत छोड़ीए तब उस समय बैंक में जमा अपनी सम्पूर्ण धनराशि गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु दे दी थीए इस प्रकार वे केवल शब्दों के ही धनी नही थे। गोष्ठी में उपस्थित अतिथियों व अन्य सम्भ्रान्त कायस्थजनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन शिवम श्रीवास्तव द्वारा किया गया। गोष्ठी में उपस्थित कायस्थों मे मुख्य रूप से डॉ0 शक्ति श्रीवास्तवए रजत श्रीवास्तवए पंकज श्रीवास्तवए सुशील श्रीवास्तवए शिवम श्रीवास्तवए श्रीश कुमार श्रीवास्तवए नरेन्द्र श्रीवास्तवए राजेश श्रीवास्तवए अमिताभ श्रीवास्तवए सचिन श्रीवास्तवए करूणानिधान एवं मनोज चित्रांश इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नही रहे जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद यादव

सोनभद्र। जिला पंचायत सोनभद्र के उपाध्यक्ष रह चुके वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद यादव का शनिवार की देर रात वाराणसी स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। शनिवार को सुबह ही श्री यादव को दो बार हार्ट अटैक आया था परिजनों द्वारा उन्हें जनपद मुख्यालय स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था जहा ईलाज के दौरान उनका रात में निधन हो गया। देर रात श्री यादव का पार्थिव शरीर रावट्र्सगंज के निकट स्थित लोढी गांव उनके आवास पर लाया गया। जहा श्री यादव ने निधन का समाचार मिलते ही उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता सदर विधायक भूपेश चौबै वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधान परिषद सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रुबी प्रसाद सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता समेत बडी संख्या में राजनैतिक सामाजिक क्षेत्रों से जुडे लोगों ने पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन समर्पित किया।

## पीस कमेटी की बैठक हुई सम्पन्न

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना परिसर में रविवार को प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय के नेतृत्व में 06 दिसम्बर को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न संप्रदायों के धर्म गुरुओं, ग्राम प्रधान गणों व संभ्रांत नागरिकों की बैठक शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न की गई। प्रभारी निरीक्षक श्री पांडेय ने उपस्थित जन समुदाय से एक तरफजहां स्वयं को सयंमित एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु आग्रह किया वहीं दूसरी तरफकहा कि यदि कोई भी अराजक तत्व माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसे किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा चाहे वह किसी भी राजनीतिक पार्टी अथवा सम्प्रदाय से जुड़ा हुआ क्यों न हो। उन्होंने जनता से इसके मद्देनजर पुलिस का सहयोग करने एवं अराजक तत्वों की सूचना देने हेतु भी कहा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से विभिन्न बिंदुओं पर राय मशविरा भी किया। बैठक में मुख्य रूप से थाना क्षेत्र के विभिन्न संप्रदायों के धर्म गुरु, ग्राम प्रधान गण उपस्थित थे।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण

गाजीपुर। जनपद के जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभागए उ0प्र0 द्वारा संचालित योजना कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 03 दिसंबर विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर में दिव्यांगजनों के मध्य कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक अरविंद राजभर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं मुख्य अतिथि सरिता अग्रवाल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा कुल 30 दिव्यांगजनों के मध्य 11 ट्राईसाइकिलए 7 व्हील चेयरए 05 लेप्रोसी किटए 05 मेंटल किट तथा 02 अंध छड़ी उपकरण का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में आनंद शिक्षण समिति के प्रबंधक शेखर श्रीवास्तवए निशांत उपाध्याय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारीए के अतिरिक्त अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे है।



## मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

सोनभद्र। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण शिविर व मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कलेक्टेऊट परिसर, में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, के कर–कमलो द्वारा 30 ट्राईसाईकिल, 03 व्हील चेयर, 20 जोड़ी बैसाखी, 02 कान की मशीन 02 स्मार्ट केन का वितरण किया गया साथ ही मतदाता जागरूकता रैली दिव्यांगजनो द्वारा कलेक्ट्रेट से विकास भवन तक निकाली गयी। जिसमें दिव्यांगजनो द्वारा वोट जैसा कुछ नही, वोट जरूर डालेंगे हम नारा लगाया गया। वितरण व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विनोद मिश्रा, सर्फुद्दीन, गोलू कुमार, विनय कुमार शर्मा मोहम्मद समेत बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एमपी सहित तीन राज्यो में बीजेपी की जीत कांग्रेस के घमंड का नतीजा: डीएन यादव

मुग़लसरायध्चन्दौली ।मध्य प्रदेशएराजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत कांग्रेस के घमंड का नतीजा है।इस चुनाव में यदि कांग्रेस इंडिया गठबंधन के दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ी होती तो निश्चित तौर पर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती और भारतीय जनता पार्टी की जमानत जप्त हो जाती।उक्त बातें समाजवादी युवजनसभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव डीएन यादव ने अपने बिलारीडीह स्थित आवास पर एक पत्रकार वार्ता में कहा।उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अपमान का पीडीए के लोगों का जवाब भी है।पूरे चुनाव में ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी के खिलाफलड़ रही है। डीएन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कंफ्यूज नेता राहुल गांधी का चुनाव में सिर्फजाति जनगणना की रट लगाना भी कांग्रेस पार्टी की करारी हार का कारण बना। राहुल गांधी शायद भूल गए कि मंडल आयोग लागू होने के विरोध में भाजपा के साथ मिलकर कांग्रेस ने बीपी सिंह की सरकार को गिरा दिया था। जाति जनगणना और आरक्षण कभी कांग्रेस का मुद्दा रहा ही नहीं।मंडल आयोग का विरोध करने वाले कभी भी सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते। सरकार में रहते हुए कांग्रेस ने हमेशा दलितोंएपिछड़ोंएगरीबों के आरक्षण का विरोध किया और सामाजिक न्याय के पक्षधर दलों को कमजोर करने का षड्यंत्र किया है। अब यह तय हो गया है कि क्षेत्रीय दलों को आगे करके ही भारतीय जनता पार्टी को देश की सत्ता से हटाया जा सकता हैएकांग्रेस के नेतृत्व में नहीं । डीएन यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इन नतीजो का कोई असर नही होगा बल्कि पीडीए गठबंधन मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकेगा।इस दौरान वीरेंद्र यादव बंटीए महेंद्र पाल दयाराम बिन्दएचंद्रशेखर बिन्दए राजू सोनकरएझगड़ु गुप्ताए मोहम्मद सदीकए मोहम्मद सैफ अहमद आदि सपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन प्रदेश में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने बांटी मिठाई

सकलडीहाध्चन्दौली । मध्यप्रदेशए राजस्थान और छत्तीशगढ़ में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों में हर्ष है। रविवार को सकलडीहा कस्बा में भाजपा मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपाईयों ने विजय जुलूस निकाला। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए मोदी अमित शाह जिंदाबाद का नारा लगाते हुए एक दूसरें को बधाई दिया। भाजपा नेता विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मोदी है तो सबकुछ मुमकिन है। देश की जनता मोदी के कथनी और करनी पर विश्वास करती है। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने कहा कि यह जीत वहां की जनता की जीत है। कांग्रेस सहित अन्य दलों को जनता समझ चुका है। अब सिर्फविकास को लोग तहरीज दे रहे है। इसके पूर्व भाजपाईयों ने कस्बा में जुलूस निकालते हुए अलीनगर तिराहा पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री सांसद डाण् महेन्द्रनाथ पांडेय का जिंदाबाद का नारा लगाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अरूण मिश्राए पंमपंम सिंहए रमाशंकर खरवारएमुसाफिर प्रजापतिएशैलेश मिश्राएभानू सिंह चौहानए देवेन्द्र दत्त पांडेयए प्रेम पांडेयए शीतल पाठकए रोहित जायसवालए सुनील चौरसिया सहित अन्य रहे।

### लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बूथों पर जोड़ नए मतदाता

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना अभियान के अंतिम दिन 3 दिसंबर को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बूथों पर पहुंच कर नये मतदाता जोड़ने का कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी के नेतृत्व में पूरे जिले पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासियों ने बूथों पर पहुंच कर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का कार्य किया।शक्ति केंद्र राना नगर के बूथ संख्या 212 पर जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी द्वारा नए मतदाता जोड़ने का कार्य किया गया लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने वोटर चेतना अभियान के तहत नगर पूर्वी के शक्ति केंद्र इंदिरा नगर के बूथ संख्या 217 218 219 220 एवं शक्ति केंद्र दूरभाष नगर के बूथ संख्या 171 172 173 एवं 179 180 181 182 पर नए मतदाता जोड़ने का कार्य किया निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामदेव पाल ने शक्ति केंद्र गोविंदपुर ओलौली बूथ संख्या 234 पर नए मतदाता जोड़ने का कार्य किया इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि वोटर चेतना अभियान अति महत्वपूर्ण अभियान है इसमें सभी कार्यकर्ताओं को लगकर मत बढ़ाने का कार्य करना है। उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे.।

### भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

ऊंचाहार, रायबरेली भारतीय जनता पार्टी के तीन राज्यों में प्रचंड रूप से सरकार बनने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद कौशल के नेतृत्व में ऊंचाहार चौराहे पर ढोल नगाड़े के साथ , आतिशबाजी गोले दगा कर हनुमान मंदिर में पूजा याचना कर कर एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में जो भारतीय जनता पार्टी की पूरे विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ रहे हैं योगी मोदी जिंदाबाद के नारों के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने आपस में खुशी मनाई । भाजपा नेता कौशल जी ने कहा कि आने वाले 2024 में पुनः भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बनेगी और उत्तर प्रदेश के अंदर 80 की 80 सीटे भारतीय जनता पार्टी जीतेंगे जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र बहादुर सिंह अरखा ,मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ,भाजपा नेता राम लखन गुप्ता रिंकू सिंह ,बृजेंद्र प्रताप सिंह ,मनीष कौशल, अजय यादव, विकास श्रीवास्तव, सभासद राज गुप्ता मौजूद थे।

## भाजपा की जीत पर ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी



गाजीपुर। चार राज्यों के घोषित विधानसभा चुनाव परिणाम में राजस्थानए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड विजय पर भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी और नारों के बीच ढोल नगाड़ों के धुन पर थिरकते हुए शंख ध्वनि में पार्टी झंडा लहराकर जश्न मनाया। आज अपराह्न में तीन राज्यों की जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर जश्न मनाया।इस अवसर पर जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने कहा कि तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की विजय से आईएनडीआईए गठबंधन के जातिगत उफान को मुंहतोड़ जवाब जनता ने दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीबए महिलाए किसान और युवा इन चार जातियों के आधार पर अपना मुहर लगाया है। पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा के इस चुनाव परिणाम मे देश की जनता ने यह बता दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सर्वमान्य नेता हैं।और आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुर्ण बहुमत से बनेगी। लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने अपने संदेश में कहा कि चार राज्यों के आज घोषित चुनाव परिणाम से आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं का रहा सहा साहस अब जबाब दे दिया है उनके नेता किसी दूसरे रोजगार की तलाश में अब एक जुट होगे।जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता को पुर्ण विश्वास है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवालए जिला महामंत्री प्रवीण सिंहए अवधेश राजभरए लोकसभा विस्तारक रविप्रकाशए अच्छेलाल गुप्ताए सुरेश बिंदए रासबिहारी रायए जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्माएराजन प्रजापतिए गर्वजीत सिंहएमनोज बिंदए विश्वप्रकाश अकेलाए गोपाल रायए सुनील गुप्ताए मुरली कुशवाहाए विवेकानंद पांडेयए विनोद गुप्ताएमनिष वर्माएश्री प्रकाश केशरीए रंजीत कुमारए शनि चौरसियाए विरेन्द्र चौहानएहर्षए परवेज खान आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डा. राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया

सोनभद्र। देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाई गई। वक्ताओं ने इनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग का अनुशरण करने की प्रतिबद्धता दोहराई। सोनभद्र बार एसो. सोनभद्र सभागार में न्यायिक अधिकारी एडीजे एवी सिंह, सीजेएम एपी सिंह के साथ एसबीए अध्यक्ष एन के पाठक ने अधिवक्ताओं के साथ डा. राजेंद्र प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड. की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्यारे सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। उक्त आयोजन में अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार पांडेय, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, अरुण प्रताप सिंह, ओपी राय,अरुण मिश्रा, राजीव गौतम, अखिलेश पांडेय, राजेश शरण मिश्र,विजय प्रकाश पांडेय, अविनाश तिवारी, जय शंकर तिवारी, मनोज मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा, अरुण सिंघल, रितेश मिश्रा, धर्मेन्द्र तिवारी, आशुतोष पाठक, गीता गौर आदि उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त व प्रेक्षक ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर विभिन्न मतदेय स्थलों का किया गहन निरीक्षण



अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आर्हता तिथि 01ण्01ण्2024 के आधार पर जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम विगत 27 अक्टूबर 2023 से चलाया जा रहा हैए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज विशेष अभियान के दौरान रोल प्रेक्षकध्मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या श्री गौरव दयाल ने जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के साथ जनपद के विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने विधानसभा जगदीशपुर के प्राथमिक विद्यालय जाफरगंज में बूथ संख्या 165 व 166 तथा ए0एच0 इंटर कॉलेज जगदीशपुर में बूथ संख्या 299ए 300ए 301 व 302ए विधानसभा गौरीगंज के प्राथमिक विद्यालय भोंए में बूथ संख्या 202ए 203 व 204 तथा विधानसभा तिलोई के राजकीय इंटर कॉलेज इन्हौना में बूथ संख्या 33ए 34ए 35ए 36ए 37 व 38 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ उपस्थित पाए गए। मंडलायुक्त ने मतदेय स्थलों पर उपस्थित बीएलओ से पुरुष एवं महिला मतदाताओं के भरे गए फार्मोए 18 व 19 वर्ष के युवा मतदाताओंए मृतकों के मतदाता सूची से हटाए गए नाम आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि नए मतदाताओं व महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा जुड़वाया जाए तथा जो मृतक हैं उनके परिजनों को नोटिस देकर मृतक मतदाताओं का नाम सूची से हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज इन्हौना के बूथों पर जेंडर रेशियो पुरुष मतदाताओं के मुकाबला महिला मतदाताओं का कम पाया गया जिस पर मंडलायुक्त ने अधिक से अधिक महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश बीएलओ को दिए। इसके उपरांत मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति के संबंध में बैठक किया। बैठक में मंडलायुक्त ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारी से पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से अधिक से अधिक नए मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने तथा जो मृतक व शिफ्टेड मतदाता है उनका नाम सूची से हटाने हेतु फार्म भरवाने को कहा। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान की आज अंतिम तिथि है मगर 9 दिसंबर तक फार्म भरवाए जा रहे हैं सभी राजनैतिक दल अपने.अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा फार्म भरवाएं। जिन बूथों पर जेंडर रेशियो कम है वहां पर अधिक से अधिक महिला मतदाताओं के फार्म भरवाए जाएं जिससे जेंडर रेशियो मानक के अनुसार हो सके।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 4 दिसंबर, 2023



## जलवायु परिवर्तन

### कॉप 28

**जलवायु परिवर्तन** से निपटने के लिए आयोजित कॉप 28 ने विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों की सहायता का मार्ग खोला है। संयुक्त अरब अमीरात–यूएई के दुबई में दुनिया भर के नेता विश्व जलवायु कार्य सम्मेलन–कॉप 28 में भाग ले रहे हैं जिसकी शुरुआत 30 नवंबर से हुई थी। यह सम्मेलन राज्यों व सरकार प्रमुखों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसमें वे प्रमुख जलवायु संबंधी निर्णयों को स्पष्ट कार्रवाई व विश्वसनीय योजना में बदलने के संकेत देते हैं। शेख मुहम्मद बिन जायद अल नाहयान, संयुक्त राष्ट्रसंघ महासचिव एंटोनियो गुटरेस तथा राजा चार्ल्स–तृतीय ने उद्घाटन समारोह में अपनी बात रखी। 12 दिनों तक दुनिया भर के नेता जलवायु परिवर्तन की विभीषिका पर चर्चा करेंगे क्योंकि अब तक हुई प्रगति के साथ भावी चुनौतियों पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। कॉप 28 के प्रमुख नतीजे और जलवायु परिवर्तन के लिए उठाए जाने वाले कदम बहुत शानदार नहीं हैं, पर कुछ प्रगति जरूर हुई है। कॉप 28 के पहले दिन सभी पक्षों ने एकजुट होकर 'लॉस एंड डैमेज फंड' को सक्रिय बनाने तथा इसके लिए धन जुटाने पर सहमति जताई। अनेक देशों ने फंड में धन देने की घोषणा की और यह धनराशि लगभग 300 मिलियन डालर तक पहुंच गई। सम्मेलन में देशों ने पेरिस समझौते के लक्ष्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुन: रेखांकित की। विभिन्न पक्षों ने ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व–औद्योगिक काल से 2 डिग्री सेंटीग्रेड अधिक की सीमा में रखने तथा इसे 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड की सीमा में लाने की प्रतिबद्धता प्रकट की। यह प्रतिबद्धता जलवायु परिवर्तन के सर्वाधिक गंभीर प्रभावों से बचने के लिए जरूरी है।



सौभाग्य से विकसित व विकासशील देशों ने जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण की आवश्यकता समझी है। सुनिश्चित फंडिंग के साथ अनेक योजनायें अब क्रियान्वित की जा सकती हैं जिनसे कार्बन उत्सर्जन घटाने में काफी सहायता मिलेगी। इनमें ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में वृद्धि तथा टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन शामिल हैं। इस सम्मेलन को 'जलवायु कार्रवाई' में फंडिंग के लिए याद किया जाएगा जिसे पहले ही दिन सुनिश्चित किया गया। विकसित देशों ने विकासशील देशों की ज्यादा वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया ताकि वे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपट सकें और स्वयं को कम–कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं में बदल सकें। वित्तीय प्रतिबद्धताओं का उद्देश्य विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई कम कर साझा जिम्मेदारी स्वीकार करना है। सम्मेलन ने खोज तथा तकनीक हस्तांतरण पर जोर दिया है। चूंकि, कॉप 28 ने प्रकृति आधारित समाधानों के महत्व पर जोर दिया है, इसलिए इसमें वनों, आर्द्र भूमि तथा अन्य परिस्थितिकी तंत्रों की भूमिका पर ध्यान दिया गया जो जलवायु परिवर्तन के प्रति मजबूती पैदा कर सकते हैं। भूमि के टिकाऊ प्रयोग तथा संरक्षण व्यवहारों को प्रोत्साहित करने की पहलें शुरू की गई हैं। हालांकि, कॉप 28 ने थोड़ी प्रगति की है, पर इसके समक्ष चुनौतियां बनी हुई हैं। कॉप 28 को अपनी समाप्ति तक कुछ महत्वपूर्ण परिणाम अवश्य प्राप्त करने चाहिए। यह केवल पर्यावरण का मुद्दा न होकर अनेक विकासशील देशों के जीवन का सवाल भी है क्योंकि समुद्रों का जलस्तर बढ़ने या सूखे और बाढ़ के कारण उनकी कृषि व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो सकती है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए फौरन कार्रवाई करना जरूरी हो गया है, नहीं तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

# म्यांमार में जन-विद्रोह की सफलता

**म्यांमार में वर्तमान जन–विद्रोह की लगातार बढ़ती सफलता से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि वहां सैनिक शासन अंतत: समाप्त होगा। भारत को ऐसे में चीन का प्रभाव सीमित करने के लिए विकल्पों पर विचार करना चाहिए।**



**हिरण्मय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ वर्तमान जन–विद्रोह लगातार तेज होता जा रहा है। प्रतिरोधी समूहों के गठबंधन की आक्रामक कार्रवाई 27 अक्टूबर को सवेरे शुरू हुई थी जिसने म्यांमार के सत्तारूढ़ सैनिक शासकों को गंभीर मुसीबत में डाल दिया है। सैनिक शासन के मीडिया मुखपत्र 'ग्लोबल न्यू लाइट आफ म्यांमार' में प्रकाशित रिपोर्टों से वहां की भयावह स्थितियों का पता चलता है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कार्यकारी राष्ट्रपति मिंट स्वे ने हाल ही में म्यांमार की रक्षा परिषद को बताया कि देश एक संकटपूर्ण स्थिति में है। यदि सेना प्रभावी रूप से विद्रोही समूहों के खिलफ कार्रवाई करने में विफल रहती है तो देश विभाजित हो सकता है। विद्रोह समूह लगातार हमले कर रहे हैं जो व्यापक जन–प्रतिरोध का हिस्सा है। यह आक्रामक कार्रवाई 'द थ्री ब्रदरहुड एलायंस' या संक्षेप में ब्रदरहुड एलायंस द्वारा शुरू की गई है। इसमें नस्ली राखीन सशस्त्र समूह, अराकान सेना–एए, तथा पालुंग की सशस्त्र शाखा नेशनल लिबरेशन आर्मी–टीएनएलए शामिल हैं। 'पालुंग' वास्तव में तांग नस्ली अल्पसंख्यक समूह का बर्मी नाम है। इसके साथ ही एलायंस में म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस आर्मी–एमएनडीएए भी शामिल है जो उत्तरी शान राज्य के कोकांग विशेष क्षेत्र में सक्रिय है।

ब्रदरहुड एलायंस की सेना ने विद्रोह में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उसने उत्तरी शान, काचिन और राखीन राज्यों में तथा सागैंग व मांडले क्षेत्रों के पहाड़ी क्षेत्रों में अनेक सैनिक अड्डों पर कब्जा कर लिया है। वेबसाइट 'द इरावडी' के अनुसार, सेना के खिलाफ अनेक विद्रोही समूह सक्रिय हैं। इनमें पीपुल्स डिफेंस फोर्स–पीडीएफ, विपक्षी नेशनल यूनिटी सरकार–एनयूजी की सैनिक शाखा, करेनी नेशनलिटीज़ डिफेंस फोर्स–केएनडीएफ तथा देश के एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियारबंद नस्ली संगठन द काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी–केआईए शामिल है। केआईए ब्रदरहुड एलायंस की सशस्त्र सैनिक गतिविधियों का समन्वय करती है। ब्रदरहुड एलायंस ने सैनिक शासन के 224 अड्डों तथा उत्तरी शान राज्य में 7 कस्बों पर कब्जा कर लिया है। ब्रदरहुड एलायंस के कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रमुख म्यांमार–चीन व्यापार मार्ग पर स्थिति कई रणनीतिक केन्द्र भी शामिल हैं। काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी–केआईए तथा एलायंस के प्रतिरोधी बलों का अब चिन शिउ हा पर पूरा नियंत्रण है जो चीनी सीमा पर महत्वपूर्ण व्यापार केन्द्र है। इसके साथ ही एक अन्य रणनीतिक कस्ब सेनी पर उनका कब्जा है। इसके साथ ही शिउ हा व्यापार मार्गों के जुड़ने वाले स्थानों पर स्थित लाशियो–मूस व लाशियो चिन पर उनका कब्जा है।

इसके अलावा चीन सीमा पर मूस कस्बे में एक व्यापार गेट किन सान क्यात पर भी कब्जा करने में वे सफल हुए हैं। चिन नेशनल आर्मी तथा अन्य चिन प्रतिरोधी समूहों ने भारतीय सीमा पर स्थित फाला कस्बे में रेह खा डा पर कब्जा कर लिया है। सैगांग क्षेत्र में खंपात तथा चिन राज्य में रिखवादर और लाईडेनपी पर भी सैनिक शासक के विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोहियों ने आपरेशन 1027 शुरू किया है। इस आपरेशन से समन्वय करते हुए करेनी सेना, करेनी नेशनल पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट–केएनपीएलएफ, केएनडीएफ व पीडीएफ ने संयुक्त रूप से एक और आक्रामक अभियान–आपरेशन 11 शुरू किया है। 11 नवंबर को सैनिक शासक के 20 से अधिक अड्डों पर कब्जा करने के बाद विद्रोहियों ने क्या राज्य की चौकियों, लोइका व डेमोसो कस्बों तथा दखिणी शाान राज्य के निकटवर्ती पेकोन कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। उन्होंने लेशियो–चिन शा हा रोड पर स्थिति रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कुनलोंग कस्बे पर भी कब्जा कर लिया है। इसे कोकांग क्षेत्र का प्रवेशद्वार माना जाता है। प्रतिरोधी समूहों ने म्यांमार के अनेक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर आवागमन बंद करने में सफलता पाई है। इनमें शान राज्य से गुजरने वाले मांडले–लेशियो मूस व मांडले–लेशियो–चिन शा हा सड़कें शामिल हैं। सैनिक शासक के खिलाफ सक्रिय विद्रोही समूहों का चीन की सीमा पर स्थिति अनेक व्यापार मार्गों पर भी कब्जा हो गया है।

म्यांमार की सेना को वैसे तो 'टटमाडा' कहा जाता था, पर अब इसे 'सिट–टैट' कहना ज्यादा उचित होगा क्योंकि यह विद्रोहियों का वर्तमान सैनिक अभियान शुरू होने के बाद से लगातार रक्षात्मक रूप से पीछे हट रही है। म्यांमार की जनता तथा सशस्त्र बलों के शक्तिशाली विद्रोह के कारण सरकारी सेना में सैनिक हतोत्साहित हैं और उनमें से काफी लगातार सेना छोड़ कर भाग रहे हैं। 4 मई, 2023 को ये मायो हेन ने कहा कि 'वर्तमान समय में सेना में लगभग 150,000 कर्मचारी हैं जिनमें से लगभग 70,000 युद्ध में भाग लेने वाले सैनिक हैं। सेना के कम से कम 21,000 सैनिक विभिन्न सैनिक कार्रवाइयों में हताहत हुए हैं, सेना छोड़ कर भाग गए हैं या विद्रोह शुरू होने के बाद विद्रोही सैनिक बलों के साथ शामिल हो गए हैं। इतने कम सैनिकों के कारण म्यांमार की सरकारी सेना या सिट–टैट बहुत मुश्किल से स्वयं को लड़ाकू बल बनाए रखने का प्रयास कर रही है। ऐसे में वह सरकार के रूप में पूर्णत: निष्प्रभावी हो गई है।'

इस रिपोर्ट को 'युनाइटेड स्टेट इंस्टीट्यूट फार पीस' ने महत्वपूर्ण स्थान दिया है। म्यांमार के सैनिक शासन की कतारों में भी मतभेद और असंतोष व्यापक रूप से फैल रहा है। इन मतभेदों के चलते अनेक तीन–सितारा जनरलों को हटा दिया गया है। सरकारी सेना में शामिल अनेक युवा सैनिक अधिकारी इस बात से बहुत अप्रसन्न व असंतुष्ट हैं कि लगभग पूरा देश उनके खिलाफ उठ खड़ा हुआ है। ये मायो हेन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद तथा खासकर वर्तमान विद्रोही आपरेशन तेज होने के पश्चात म्यांमार की सरकारी सेना में हताहतों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। खबरों के अनुसार, सैनिक शासकों की सेना के सैकड़ों सैनिक मारे जा चुके हैं। हालांकि, सैनिक शासक हताहत सैनिकों के बारे में विश्वसनीय आंकड़े नहीं देते हैं, लेकिन अनेक तथ्यों से इसका खुलासा होता है। 99वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के कमांडर कर्नल आंग क्या ल्विन मारे गए थे। इसी प्रकार 2021 में विद्रोह शुरू होने के फौरन बार फर्स्ट डिवीजनल कमांडर भी मारे गए थे। हाल ही में एक ड्रोन हमले में सिट–टैट के लाइलेनपी अड्डे पर मारे गए मेजर सो विन हित्के का मामला महत्वपूर्ण है जो सेकेन्ड–इन–कमांड थे। वर्तमान समय में सैनिक शासक के खिलाफ स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

हालांकि, उसके पास अनेक टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां, तोपखाना और वायुसेना है, लेकिन नस्ली बलों के प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में टैंकों की तैनाती बहुत कठिन है। घने जंगलों वाले पहाड़ी क्षेत्रों, गहरे नालों और खड़ी ढलानों के कारण ये क्षेत्र छापामार युद्ध के लिए आदर्श हैं। यह भी स्पष्ट है कि भारी हथियारों और प्रशिक्षित तोपखाने के समर्थन के बावजूद हवाईहमलों और तोपखानों से युद्ध नहीं जीते जा सकते हैं। यदि ऐसा होता तो अमेरिका वियतनाम पर विजय प्राप्त कर लेता। म्यांमार में तेजी से बदलती स्थितियों से अब पूर्णत: स्पष्ट हो गया है कि सैनिक शासक का स्थान इतिहास के कूड़ेदान में है। भले ही यह फौरन संभव न हो, पर अनेक लोगों की सोच से बहुत जल्दी होगा। ऐसे में भारत को अपने विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

बीजिंग का नस्ली लड़ाकुओं से निकट संबंध है और कुछ लोगों को संदेह है कि चीन ही म्यांमार में सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोह को हवा दे रहा है। ऐसे में म्यांमार में चीन का प्रभाव सीमित करना होगा। पूर्वोत्तर में भारत की सुरक्षा चिन्तायें गंभीर हैं और प्रमुखत: इसी कारण उसने म्यांमार में सैनिक शासक के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे थे। भारत की सीमा से सटे म्यांमार के अनेक क्षेत्रों में नस्ली विद्रोही समूह लगातार शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इनके दबाव में भारत में म्यांमार के अनेक सरकारी सैनिकों के आने की खबरें भी प्रकाशित हुई हैं जिनको वापस भेज दिया गया था। ऐसे में भारत को एनयूजी के साथ निकट सहयोग करने तथा नस्ली बलों से संबंध बनाने के प्रयास करने चाहिए।

# आवारा कुत्तों के लिए 'आपरेशन फिरकी'

> "सरकार को कुत्तों की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर-सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए"

**जगदीश कौर**
(लेखिका, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं)



वर्ष 2021 की एक धुंध भरी सर्दियों की सुबह, मैं दक्षिण दिल्ली कॉलोनी में अपने आवास के फ्रंट–लेन पार्किंग क्षेत्र में एक हंगामे की ओर आकर्षित हुआ। रात में कहीं से एक मादा कुत्ता आ गया और उसने बच्चा पैदा कर दिया। आस–पास के लोग मां को खाना खिलाने और परिवार को कड़ाके की ठंड के मौसम में आराम पहुंचाने के लिए सभी साधनों के साथ दिखाई दिए।

माता ने समीपवर्ती क्षेत्र को ही अपना स्थायी निवास स्थान बना लिया। वह बहुत डरी हुई आवारा थी और खाने के पास भी तभी आती थी जब उसे पूरा यकीन हो जाता था कि आसपास कोई नहीं है। उसकी तेज चाल को देखते हुए मैंने उसका नाम फिरकी रखा और वह हर जगह इसी नाम से जानी जाती है। छह पिल्लों में से एक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया और दूसरा बाइक से घायल हो गया। उचित समय पर, हमने पांच पिल्लों को गोद लेने की व्यवस्था की।

आगे प्रजनन रोकने के लिए फिरकी की नसबंदी कराने की कोशिशें शुरू हो गईं। उसके नाम के अनुरूप, उसे पकड़ना एक कठिन काम था। एमसीडी से बार–बार अनुरोध करने के बाद, वे चौथे प्रयास में उसे पकड़ने में सफल रहे। एक बड़ी राहत की सांस ली जो ज्यादा समय तक नहीं टिकी क्योंकि 3 दिनों के बाद उसे यह बहाना बनाकर वापस छोड़ दिया गया कि उसका रक्त परीक्षण असामान्य था। वह खोया हुआ अवसर था क्योंकि वह अभी भी स्वतंत्र है, दूसरे और तीसरे बच्चे में से तीन जीवित कुत्तों के साथ तीन और बच्चों को जन्म देने में कामयाब रही। हम कड़ी मेहनत से दूसरे कूड़े को नसबंदी के लिए उठाने में कामयाब रहे और कुछ महीनों के बाद पता चला कि उन्हें भी बिना किसी सर्जरी (अज्ञात कारणों से) के बिना वापस छोड़ दिया गया था।

फिरकी समय के साथ होशियार हो गई है, वह दिन में अपने परिवार के साथ बड़े नाले



में छिपती है और केवल सुबह और रात में भोजन के लिए बाहर आती है। अतिउत्साही निवासियों ने आस–पास के दर्जनों आवारा जानवरों के लिए कुत्तों को खाना खिलाने की व्यवस्था की है और यह भी सुनिश्चित किया है कि उन्हें अपने घरों से ही भोजन मिलता रहे। दक्षिणी दिल्ली एमसीडी कार्यालय में बार–बार कॉल और दौरे, पशुचिकित्सक से व्यक्तिगत अनुरोध, वरिष्ठ एमसीडी अधिकारियों को टैग करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट और आरडब्ल्यूए को संदेश फिरकी को पकड़ने में सफल नहीं हुए। कई बार, जब हम फ़िरकी को घेरने और एमसीडी टीम को सूचित करने में कामयाब रहे, तो उनका दृष्टिकोण बहुत ही आकस्मिक और दयनीय था जिसके परिणामस्वरूप प्रयास विफल हो गए।

एक निजी पशुचिकित्सक की सलाह पर, मैं उसे बेहोश करने में कामयाब रहा लेकिन प्रयास फिर से विफल रहा। मेरी हताशा और लाचारी की कोई सीमा नहीं थी, यहां तक कि उसे पकड़ने के लिए 10,000 रुपये के इनाम की घोषणा भी कर दी गई। इसके बाद कुत्ते पकड़ने वालों, कॉलोनी के गार्डों, कचरा बीनने वालों, सफाईकर्मियों और कुछ गैर सरकारी संगठनों ने पकड़ने का प्रयास किया लेकिन फिरकी हर प्रयास से बच गया। हमने आस–पास के क्षेत्र में नर कुत्तों की भी नसबंदी करवाई, लेकिन वहां हमेशा कोई न कोई कुत्ता रहता था, जो संभोग करता था, जिसके परिणामस्वरूप एक नया कूड़ा पैदा होता था। तो, गली के आवारा कुत्तों से मुक्त हिस्से से, अब हमारे पास हर जगह सात कुत्ते हैं, जो रात भर वाहनों का पीछा करते हैं और भौंकते हैं।

भारत में स्थानिक रेबीज की उच्च घटनाओं में मानव बस्तियों के बीच बिना टीकाकरण वाले फ्री–रोमिंग कुत्तों (एफआरडी) या सड़क कुत्तों की उपस्थिति एक प्रमुख योगदानकर्ता है। सुबह की सैर करने वालों, साइकिल चालकों और दोपहिया सवारों का पीछा करने वाले आवारा कुत्तों के कारण अनगिनत मौकों पर निर्दोष व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी मौत हुई है। भारत में राष्ट्रीय रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम एक दशक से अधिक समय से कार्यान्वयनाधीन है। 2030 तक भारत से कुत्तों की मध्यस्थता से रेबीज उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना विभिन्न हितधारकों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है। दुनिया भर में सफल रेबीज़ नियंत्रण कार्यक्रम लागू किए गए हैं, जो दर्शाता है कि उन्मूलन तकनीकी रूप से संभव है। पश्चिमी यूरोप, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और कुछ लैटिन अमेरिकी देशों से कुत्ते–मध्यस्थ रेबीज़ को समाप्त कर दिया गया है। यहां तक कि उप–सहारा अफ्रीका और एशिया के क्षेत्रों जैसे कम आय वाले देश भी बड़े पैमाने पर कुत्ते टीकाकरण रणनीति द्वारा बोझ को काफी कम करने में सक्षम हैं। गैर–सर्जिकल तरीके अतीत में मौजूद रहे हैं, हालांकि, संबंधित हितधारकों के बीच इच्छाशक्ति और समन्वय की कमी, अनुसंधान की कमी, लागत–प्रभावशीलता और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार सहित अन्य कारणों से उन्हें व्यापक रूप से नहीं अपनाया गया है।

संबंधित भागीदार एजेंसियों के बीच स्वामित्व और बेहतर समन्वय सहित अधिक ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। इसके अलावा, सरकार को कुत्ते की नसबंदी के लिए सस्ते, गैर–सर्जिकल विकल्प तलाशने के लिए अनुसंधान का समर्थन करना चाहिए। आरडब्ल्यूए को अधिक संवेदनशील होना चाहिए और आवारा कुत्तों की गिनती की निगरानी और एंटी–रेबीज टीकाकरण में मदद करनी चाहिए।

## आप की बात

### यूएनएलएफ से समझौता

**मणिपुर** राज्य में सक्रिय सबसे पुराने अलगाववादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के भारत सरकार के साथ हुए समझौते से इस अलगाववादी संगठन के बहाने भारत को परेशान करने वाले चीन को एक बड़ा झटका माना जा रहा है। चीन के साथ करीबी संबंधों के कारण यूएनएलएफ का घोषित उद्देश्य मणिपुर को भारत से अलग करके उसमें म्यांमार के कबोब घाटी को शामिल करना था। यूएनएलएफ का पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों के साथ काफी करीबी संबंध रहा है। नक्सलियों को हथियार सप्लाई के भी इन संगठनों पर आरोप लगाते रहे हैं। यूएनएलएफ संगठन के जरिए भारत के अलगाववादी संगठनों को चीन की मदद पहुंचाने की बात भी हमेशा ही कही जाती रही है। इसी तरह एक अन्य अलगाववादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आफ मणिपुर के जरिए भी चीन नक्सलियों को हथियार सप्लाई करता रहा है। यूएनएलएफ के साथ शांति समझौते के बाद अब पूरे पूर्वोत्तर भारत में स्थाई शांति स्थापित होने तथा अलगाववाद पूरी तरह समाप्त होने की उम्मीद है। इस समझौते से यहां स्थित अन्य उग्रवादी गुटों पर भी हिंसा का रास्ता छोड़ने का दबाव बनेगा। यह समझौता मणिपुर समेत पूरे भारत में शांति का आधार बनेगा।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### भारत की आर्थिक प्रगति

**जब** रूस–यूक्रेन युद्ध और इजरायल–हमास युद्ध के चलते दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा रही है, ऐसे में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत से ऊपर होना हर्ष की बात है। यह रेटिंग एजेंसी क्रिसिल व स्वयं रिजर्व बैंक के अनुमानों से अधिक है। भारत में जीएसटी से कर संग्रह भी रिकार्ड स्तर पर बना हुआ है। इन आंकड़ों के साथ भारत दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके बावजूद आर्थिक असमानता बनी हुई है तथा अनेक आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, निम्न मध्यम वर्ग को इस वृद्धि का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। खुशी की बात है कि मुफ्त राशन योजना आदि से सबसे गरीब वर्ग का तो ध्यान रखा जा रहा है। मगर उससे ठीक ऊपर वाले स्तर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निम्न मध्यम वर्ग के लिए भी राहतें देने वाली व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही कम से कम नौकरीपेशा वर्ग अपनी टैक्स जिम्मेदारियां पूरी करता है। उम्मीद करनी चाहिए कि मोदी सरकार के अंतिम बजट में करदाताओं समेत निम्न मध्य वर्ग को देश की आर्थिक प्रगति के लाभ पहुचांने की दिशा में समुचित कदम जरूर उठाए जाएंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### स्वागत योग्य कदम

**निसंदेह** यह एक स्वागत योग्य कदम है की सरकार ने 81.35 करोड़ गरीब लोगों के लिए अगले 5 वर्षों के लिए हर महीने मुफ्त पांच किलो खाद्यान देने का निर्णय लिया है। यह भी प्रशंशनीय है कि वन कार्ड वन नेशन स्कीम के तहत गरीब जनता देश के किसी भी कोने से अपना राशन ले सकती है। यह स्थिति प्रवासी कामगारों के लिए बहुत अच्छी है। सरकार को इसके साथ ही देश के गरीब किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि दो हेक्टर से कम जमीन वाले 80 प्रतिशत किसान लाभान्वित हों। इसके अलावा देश के अधिकाधिक युवाओं को ऐसा कौशल प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वह आत्मनिर्भर हो सके या उसे नौकरी मिल सके। मोदी सरकार ने अपनी सभी जन–कल्याणकारी योजनायें सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसमें राजनेताओं व सरकारी तंत्र का व्यापकतम उपयोग करने का इरादा है। देखना होगा कि यह विकसित भारत अभियान वास्तव में कितने लोगों तक केन्द्र व राज्यों की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा पाता है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

### वायु प्रदूषण का मुद्दा

**सभी** जानते हैं कि धर्म, जाति, दाल–रोटी से लेकर फ्री गैस, बिजली व मोबाइल से लेकर जनता को खुश करने के अनेक मुद्दे हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावो के केंद्र में रहे। लेकिन जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जिसके बिना जीवन असंभव है, यानी कि साफ हवा की चर्चा किसी भी राजनीतिक दल की रैली अथवा वक्तव्य में नहीं दिखी, जबकि सालों से समाचार पत्रों और समाचार चैनलों के माध्यम से प्रदूषण की खबरें चर्चा में बनी रहती है। प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ रहा है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 21 लाख 80 हजार लोगो को वायु प्रदूषण के कारण अपना जीवन गंवाना पड़ता है। अगर हम आने वाली नस्लों को स्वस्थ और दीर्घजीवी देखना चाहते है तो वायु प्रदूषण के प्रति सर्वप्रथम प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को न केवल पर्यावरण को चुनावी मुद्दा बनाना होगा, बल्कि सत्ता में आने के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समुचित कार्रवाई भी सुनिश्चित करनी होगी।

– **सुनील,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# तीन राज्यों की जीत पर झूम उठे भाजपाई

## जगह जगह भाजपाइयों ने पटाखे फोड़े, बांटी मिठाई

**प्रयागराज।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ हुई जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में एवं मीरापुर चौराहे पर जश्न मनाया। नाचते गाते पटाखा फोड़कर धूम धड़ाके के साथ जीत का भाजपाइयों ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। साथ ही मिठाई बांटी और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के चित्र पर और एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए सभी देशवासियों को भारतीय जनता पार्टी की जीत की बधाई दी। इस जीत पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की है। महापौर गणेश केसरवानी प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि यह जीत बीजेपी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की जीत है। इस अवसर पर भाजपा के नेताओं ने कहा कि तीन राज्यों की जीत सिर्फट्रेलर है पिक्चर तो पूरी बाकी है। जो लोकसभा के चुनाव में मोदी के नेतृत्व में दिखाई देगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि अतरसुईया में गिरी बाबा सिविल लाइन में मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव विक्रम सिंह पटेल मुट्ठीगंज में रईस चंद्र शुक्ला अजय अग्रहरि कीडगंज में पार्षद किरन जायसवाल विवेक अग्रवाल मनोज मिश्रा और दारागंज में तीर्थराज पांडे ने भाजपा की जीत पर मिठाई बांटी। जश्न मनाने वालों में वरुण केसरवानी अभिषेक ठाकुर मुरारी लाल अग्रवाल नरेश कुंद्रा प्रमोद मोदी राजेश केसरवानी रणविजय सिंह दिनेश कनौजिया रतन अग्रवाल पार्षद साहिल अरोरा सचिन जायसवाल शुभेंद्र पांडे योगेंद्र कुशवाहा ज्ञान कुशवाहा चंद्रा अहलूवालिया मंजूषा सिंह अंकित भोला विनीता केसरवानी कंचन मौर्य स्मृति श्रीवास्तव राकेश जैन नवीन शुक्ला यश विक्रम त्रिपाठी महेंद्र तिवारी आनंद दुबे शिवेंद्र मिश्रा पीयूष सिंह एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। तीन राज्यों की जीत पर मीरापुर चौराहे पर भाजपा नेता अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जश्न मनाया। इस अवसर पर नरेश कुंद्रा दिनेश कनौजिया रणविजय सिंह पार्षद साहिल अरोरा मंजूषा सिंह विनीता केसरवानी कंचन मौर्य स्मृति श्रीवास्तव रतन अग्रवाल नरेश कुंद्रा आदि रहे।



## जीत पर भाजपाइयों ने की जमकर आतिशबाजी, मिठाइयां बांटीं

संतकबीरनगर। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में आज तीन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने पर पटाखा फोड़कर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए और आपस में गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सतिंदरपाल सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर बढ़ रहा है और केंद्र सरकार की नीतियां जन–जन तक पहुंच रही हैं जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर सभी वर्गों को इसका लाभ मिला है। जनता ने यह मन बना लिया है कि मोदी देश के ही नहीं विश्व एकमात्र नेता है और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से अधिक सीटें जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सभासद श्याम बिहारी गुप्ता, धर्मेंद्र वर्मा, मनोज सोनी, जितेंद्र गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, बलराम गुप्ता, सौरभ जायसवाल, सभासद दिलीप निराला, मुरलीधर जायसवाल, कन्हैया वर्मा, राजकुमार नागेश सैनी, सनोज गौंड, संतोष पाण्डेय, आदित्य वर्मा, अभिषेक मौर्या सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भाजपा की जीत पर अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय को लेकर अधिवक्ताओं ने भी जश्न मनाया। अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। शीर्ष नेताओं को बधाई प्रेषित करते हुए अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यह जीत नेतृत्व की दृढ़ इच्छाशक्ति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम तथा मतदाताओं के संकल्प की है। अधिवक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा गृह मंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उप मुख्यमंत्री बृजेश और सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है। पूर्व शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गोविंदपुर स्थित आवास पर हुई बैठक में प्रदेश सरकार के अधिवक्ता मृत्युंजय तिवारी ओम प्रकाश शर्मा अधिवक्ता अरविंद कुमार मिश्र स्थाई अधिवक्ता बीरेंद्र प्रसाद शुक्ल प्रदीप द्विवेदी आदि शामिल हुए। भारत सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल ज्ञान प्रकाश मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ शीतला प्रसाद गौड़ अधिवक्ता भारत सरकार कृष्ण जी शुक्ल संजय यादव एन के चटर्जी बी के रघुवंशी अतुल पांडेय सभाजीत सिंह अधिवक्ता मनीष द्विवेदी ने प्रचंड विजय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुशल नीतियों को दिया है।

## सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित



अंबेडकर नगर ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हवाई पट्टी अकबरपुर अंबेडकर नगर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में पहली बार अंबेडकर मूर्ति से मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन वर पक्ष से बारात लेकर आए तथा जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा 762 कन्याओं के अभिभावक के रूप में स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉण्हरिओम पांडेए जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फसाधू वर्माएजिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनाए अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ताए अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ पूरे विधि.विधान से पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलन कर किया। एक ही मंडप में 762 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसमें 10 जोड़ों का निकाह मुस्लिम रीति.रिवाज से हुआ। मौलाना द्वारा कुरान की आयतो के साथ निकाह पढ़वाया गया। 'जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए वर वधू के परिवारों में दिखा असीम उत्साह' 'वर वधू पर की गई पुष्प वर्षा''भारी भीड़ को देखते हुए महिला सहायता केंद्रए पुरुष सहायता केंद्र तथा चिकित्सा सहायता केंद्र किया गया स्थापित' सामूहिक शादी समारोह में 762 जोड़ोए परिजनए रिश्तेदारों एवं अन्य आए हुए आगुंतों के बैठने व भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर लगाए गए सभी अधिकारियों की प्रशंसा की गई।वर.वधुओं को आर्शीवचन देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी जोड़े अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं। मुख्य मंत्री की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैंए उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक एवं धार्मिक रीति.रिवाज से सम्पन्न हो सके।

## अक्षम व्यक्ति की सहायता करना बहुत ही पुनीत कार्य है: शीतल



प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के मौके पर रविवार को जन चेतना संस्थान की ओर से प्रयागपुरम स्टेशन रोड नैनी में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम तथा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंहए विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ उत्तर प्रदेश सरकार शीतला प्रसाद गौड़ अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम जे बी सिंह अधिवक्ता मनीष द्विवेदी उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों द्वारा राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ने दिव्यांगों की मनमोहक प्रस्तुति को सराहते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अक्षम बच्चों की मदद के लिए हर वर्ग को आगे आना चाहिए। दिव्यांग बच्चों में असीम प्रतिभा होती है और इसी प्रतिभा के बल पर अब तक वह समाज में खुद को स्थापित करने में जुटे हुए हैं। अगर समाज का सहयोग मिल जाए तो दिव्यांग बच्चे भी आसमान छूने में सफल हो जाएंगे। विशिष्ट अतिथि मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ उत्तर प्रदेश सरकार शीतला प्रसाद गौड़ ने दिव्यांगों की शिक्षा सुरक्षा और सहायता पर जोर दिया। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि अक्षम व्यक्ति की सहायता करना बहुत ही पुनीत कार्य है। शीतल जी ने कहा कि दिव्यांगजन अपने को हीनभावना से ग्रसित न करें। सामान्य व्यक्ति की तरह दिव्यांगजनों को भी सभी अधिकार प्राप्त हैं। इस मौके पर सभी ने दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुति से प्रभावित होकर उनके मनोबल को उत्साहित किया। इस मौके पर अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम जे बी सिंह और अधिवक्ता मनीष द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्थान के निदेशक डा के एन मिश्र ने दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। प्रशासनिक अधिकारी वागीश मिश्रा ने बताया कि जन चेतना संस्थान सन 1996 से दिव्यांगों के शिक्षण प्रशिक्षण एवं पुनर्वास तथा दिव्यांगता के रोकथाम एवं निवारण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है।

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार के निर्देशन में थानाध्यक्ष गिलौला शैल कान्त उपाध्याय व पुलिस टीम के द्वारा मु0अ0सं0 297ध्23 धारा 363ए 376;3द्ध भादवि व 4;2द्ध पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सुरजीत कुमार आजाद पुत्र ननके आजाद नि0 कोरी पुरवा बन्तवारा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को मैरिया तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

### आज जनपद पहुचेंगे सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समित

श्रावस्ती। सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उ0प्र0 शासन संजय कुमार गौतम का 04 दिसंबर को अपरान्ह 0 2 बजे जनपद के नगर पंचायत इकौना में आगमन होगा तथा सदस्य महोदय के द्वारा जनपद के अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सफाईकर्मी एंव सफाईकर्मी यूनियन संगठन के प्रमुखो के साथ बैठक करेंगे तदोउपरान्त अपरान्ह 4 बजे निरीक्षण भवन भिनगा मे सफाईकर्मी यूनियन संगठन के प्रमुखो एंव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ध्जिला पंचायत राज अधिकारीध्सचिव मंडी समिति के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल एस0के0 राय ने दी है।

### ध्रुव नेत्रालय पर 51 बच्चों के नेत्र का हुआ परीक्षण



संतकबीरनगर। प्रदीप सिसोदिया ने आज धनघटा विधान सभा के श्रीमती सोना देवी बालिका इंटर कॉलेज एवम अमर फ्लावर्स एकेडमी नटवाबर संत कबीर नगर के बच्चों को स्वस्थ्य परीक्षण और दवा के लिए निःशुल्क लिया गोद विद्यालय के 51 बच्चो का आज ध्रुव नेत्रालय एवम चिकित्सालय पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें आंखो से सम्बन्धित और अन्य बिमारियों का भी परीक्षण और निःशुल्क दवा वितरित किया गया, स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह ने बताया मेरे स्कूल के जिन बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं थी। उन्हे आज अवकाश के दिन समाजसेवी प्रदीप सिसोदिया से संपर्क करके इनके हॉस्पिटल से उपचार हेतु आग्रह किया।

## अयोध्या प्रीमियर लीग-9 के तीसरे दिन आज दो मैच खेले गये

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम मकबरा में चल रहे स्व0 राकेश चन्द्र कपूर (पल्लू भइया) मेमोरियल अयोध्या प्रीमियर लीग-9 के तीसरे दिन आज दो मैच खेले गये। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति सिंह का स्वागत आयोजन सचिव सुप्रीत कपूर व निदेशक सैय्यद सुबहानी ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेटकर व स्मृति चिन्ह भेट कर किया। और विशिष्ट अतिथि के रूप में आये गिरीश पाण्डेय डिपुल का स्वागत देवेन्द्र मिश्रा दीपु व दीपेन्द्र श्रीवास्तव ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेटकर व स्मृति चिन्ह भेट कर किया। आज के दिन का पहला मैच बेसिक इलेबन और साउथन सुपर स्टार कानपुर के बीच खेला गया। साउथन सुपरस्टार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 16 ओवर में ही 92 रन पर ऑल आउट हो गई सुपरस्टार के बल्लेबाज कुन्दन ने 2 चौके की मदद से 20 रन व हर्ष ने 1 चौके की मदद से 16 रन बनाया। बेसिक इलेबन के गेदबाज आसु ने 3 विकट व पियुष, के0पी0, अंकित, सौरभ ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेसिक इलेबन की टीम ने 7 ओवर 3 गेंद में 7 विकेट शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। बेसिक इलेबन के बल्लेबाज पीयुष ने 4 चौके 1 छक्के की मदद से 38 रन बनाया व प्रदुम ने 5 चौके की मदद से 23 रन बनाये वहीं साउथन सुपरस्टार के गेंदबाज कुंदन व भुवन ने 1-1 विकेट हासिल की। दिन का दुसरा मैच एकता राइडर्स और कानपुर लायन के बीच खेला गया।

## शोषित, वंचित वर्ग के सच्चे हितैषी थे चौधरी चुन्नी लाल: शिवप्रताप

### चौधरी चुन्नी लाल ने समाज के सभी वर्गों के लिए किया कार्यरू न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित

### पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल की 24 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजितए पुस्तक का विमोचन



**प्रयागराज।** हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि वरिष्ठ समाजसेवी और पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल ने समाज के शोषित और वंचित वर्ग के लोगों के लिए कार्य किया। जिससे आज भी वह लोगों की स्मृतियों में जीवित हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल का व्यक्तित्व करिश्माई था। वह लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित निस्तारण करते थे। दूसरी तरफ अपनी नम्रता विनम्रता और हंसी से लोगों को अपना बना लेते थे। वह आज हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लोग आज यहां पर एकत्रित हैं। यह बातें हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल की 24 वीं पुण्यतिथि पर बीएचएस सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कहीं। हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि पूर्व सांसद चौधरी चुन्नी लाल के परिवार के साथ बहुत पुराना संबंध है। परिवार से और समाज के लोगों से चौधरी साहब के बारे में बहुत कुछ सुना। वह समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत और पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने अपने जीवन काल में संघर्षरत रहते हुए आगे बढ़ते रहे लेकिन समाज सेवा को नहीं छोड़ा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि चौधरी चुन्नी लाल लोगों को राष्ट्रवादी रूप से जोड़ने का काम करते थे। लोकप्रियता और नम्रता की छाप लोगों पर छोड़ते थे जिससे लोग आज भी प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में ऐसे महान समाज सुधारक और वरिष्ठ समाजसेवी को चिंतन के जरिए श्रद्धांजलि दी जाती है तो वह चिंतन में जीवित हो जाते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि पूर्व सांसद चुन्नी लाल की काबिलियत समाजसेवा और लोगों को साथ लेकर चलने और जोड़ने की प्रेरणा से प्रेरित होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी उनको भाजपा में लायें। उन्होंने कहा कि आज बहुत हर्ष की बात है कि पूर्व सांसद चुन्नी लाल के बेटे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी ने श्रद्धांजलि सभा और पुस्तक विमोचन का वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद की बेटी कविता पाठ के दौरान भावुक हो गयी थी। जिससे वह कविता पूरी नहीं कर सकी क्योंकि वह अपने पिता की स्मृतियों में चली गयी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित ने कहा कि पूर्व सांसद चुन्नी लाल अपने व्यवहार कार्यों से भी हम लोगों के दिलों में जीवंत है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सदैव कार्य किया है। इसके पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्य अतिथि हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला महापौर गणेश केसरवानी सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित पूर्व न्यायमूर्ति रवीन्द्र सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता अपर महाधिवक्ता महेश चंद्र चतुर्वेदी मुख्य स्थाई अधिवक्ता शीतला प्रसाद गौड़ पूर्व सांसद गोविन्द राव पूर्व विधायक संजय गुप्त ने पूर्व सांसद के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक की लेखिका मंजू पाल पुस्तक के बारे में जानकारी देते समय भाव विभोर हो गईं। उन्होंने बताया कि भाई न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी और परिजनों की प्रेरणा से पुस्तक लिखा है।अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। भजन गायक मनोज ने साथी कलाकारों के साथ भजन प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन मधु चौधरी ने किया। इसके पूर्व न्यायमूर्ति डा गौतम चौधरी मधु चौधरी सहित सभी परिजनों ने बेली अस्पताल और टीवी अस्पताल के मरीजों में फल वितरण किया। संचालन डा रंजना त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ला गौरव कक्कड़ देवेंद्र नाथ मिश्र अरविंद सिंह मृत्युंजय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने हुनर का दिया परिचय, बीएसए ने खूब सराहा



संतकबीरनगर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत समय की शिक्षा कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की जनपद स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को सम्मेलन विद्यालय खलीलाबाद पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद अर्जुन प्रसाद वर्मा उपस्थित रहे। दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्र से आए हुए दिव्यांग बच्चों हेतु खेलकूद प्रतियोगिता का प्रारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद अर्जुन प्रसाद वर्मा का बैच लगाकर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश बैद्यनाथ द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत दृष्टि बाधित जगन्नाथ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया है जगन्नाथ सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत एक्सीलरेटेड कैंप से अध्ययन करने के पश्चात परिषदीय विद्यालय की शिक्षा पूर्ण कर वर्तमान समय में गन्ना विकास इंटर कॉलेज में अध्यनरत है। सरस्वती वंदना कंपोजिट विद्यालय खलीलाबाद की छात्रा आराधना द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसी अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वाराभी सरस्वती वंदना का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए जिला संबंधित रजनीश बैजनाथ ने बताया कि 1982 केसंयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा दिए गए निर्णय के क्रम में 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य दिव्यांगों कोसमाज में समरसता एवं बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर परजनपद स्तरीय करने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त दिव्यांग बच्चे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने बताया कि परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत समस्त बच्चों को शिक्षा के लिए समस्त उपकरण जैसे निशुल्क किताबें डीबीटी के माध्यम से ड्रेसस्वेटर कॉपियां के साथ-साथ समय की शिक्षा के अंतर्गत बच्चों कोब्रेल बुक आदि उपलब्ध कराई जा रही ह।

## गैर संक्रामक रोगों में उन्नीस प्रतिशत बढ़ोतरी

प्रयागराज। रेडक्लिफलैब्स देश भर में कई चैनलों के माध्यम से हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी है। इसने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज आगरा और झांसी में तीन नई अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक्स लैब की शुरूआत की है। यह लैब्स इन शहरों में गुणवत्तापूर्ण डायग्नोस्टिक सेवाओं की मांग और आपूर्ति के बीच मौजूद अंतर को कम करने में मदद करेंगी। उत्तर प्रदेश देश का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है। यहां की आबादी दो सौ चालीस मिलियन जो देश की कुल आबादी का 16005 फीसदी है। राज्य में गैर संक्रामक रोगों एनसीडी में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से निपटने की जरूरत को समझते हुए रेडक्लिफ लैब्स ने यूपी में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। रेडक्लिफलैब्स टियर दो एवं इससे छोटे शहरों में अपना विस्तार करना चाहती है और कंपनी का यह कदम इसके इसी मिशन का हिस्सा है। रेडक्लिफ का मकसद जमीनी स्तर के साथ ही उच्च वर्गों तक पहुंच बनाकर भारत को ज्यादा स्वस्थ बनाना है ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को बेहद आसानी से सस्ते दामों में डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकें। रेडक्लिफ लैब्स ने अपनी सेवाओं में आधुनिक तकनीक को आसानी से शामिल कर अपना अलग स्थान बनाया है।

## अयोध्या: एक सुखद यात्रा पुस्तक श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों की यात्रा को सुखद बनायेगी: महंत नृत्य गोपाल दास



अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने अयोध्या के मणिराम दास जी की छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास को ष्अयोध्याः एक सुखद यात्राष् पुस्तक भेट की। इसके अतिरिक्त उन्होंने श्री जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव श्री चंपत राय एवं नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को भी अपनी पुस्तक भेट की। महंत नृत्य गोपाल जी ने कुलपति द्वारा रचित पुस्तक पर साधुवाद देते हुए कहा कि अयोध्या भारतीय आध्यात्म का प्राचीनतम केन्द्र है। प्रभु श्रीराम की नगरी में लाखों.करोड़ों लोग दर्शन करने के लिए आते रहते है। इन श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की यात्रा को सुखद बनाने के लिये अयोध्याः एक सुखद यात्रा पुस्तक उपयोगी सिद्ध होगी। इसके उपरांत कुलपति प्रो0 गोयल ने श्री जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को भी पुस्तक भेट की। महासचिव चपंत राय ने कहा कि चिरकाल से ऐसी पुस्तक की आवश्यकता रही है कि नगर के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर मिल सके। निश्चित ही कुलपति द्वारा उपयोगी पुस्तक लिखी गई है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस पुस्तक में अयोध्या तथा पावन सरयू के साथ.साथ मन्दिरोंए भवनोंए गाढ़ियों घाटोंए कुण्डोंए परिक्रमाओं का महात्म्य उजागर किया गया है। सचित्र पुस्तक अयोध्या के साथ अन्य दर्शनार्थियों की आवश्यकता को पूरा करेगी।

# हरद्वाही पहुंचा पीएम की गारंटी वाला योजना रथ

## ● केंद्रीय मंत्री ने दिलाया विकसित भारत का संकल्प



**लखीमपुर खीरी।** रविवार को नोडल अधिकारी बीडीओ जयेश कुमार सिंह की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा तहसील व ब्लाक निघासन के ग्राम हरद्वाही पहुंची, जहां ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने एएसपी नेपाल सिंहए एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, सीओ राजेश कुमार, बीडीओ जयेश कुमार सिंह, भाजपा नेता कनक पाल सिंह राणा, ग्राम प्रधान सर्वेश वर्मा संग दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि देश पीएम के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत बनाने को लेकर चल पड़ा है। देश को आगे बढ़ाने का संकल्प ले। कामों को पूरी क्षमता और ईमानदारी से परिणाम देते हुए करें। इससे पूरी दुनिया में भारत की जय जयकार होगी। लोगों की जीवन जीने की सामान्य जरूरत को पूरा करने, उनके जीवन अच्छा और सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार ने सभी जरूरी सहूलियतों को उपलब्ध कराया। आज लखीमपुर का एक भी ऐसा गांव नहीं जहां बिजली ना पहुंची हो। सारे गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया। गांव के अंदर गलियों और नालियों का निर्माण होने के साथ.साथ जिले में 06 लाख से ज्यादा शौचालय बनाए गए। 2014 के बाद केंद्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने से अबतक आने वाले परिवर्तन गिनाए। लोगों की ज़रूरतें पूरी हुई उनकी सुविधा बढ़ी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा यह यात्रा आपके गांव में जानकारी देने के साथ.साथ जानकारी लेने भी आई हैं। पीएम का संकल्प है कि देश विकसित हो। यह लक्ष्य तब तक नहीं पूरा होगा। जब तक कि देश के हर नागरिक की सहभागिता नहीं होगी। जब हर व्यक्ति इससे जुड़ेगा और तय करेगा कि हमें अपने देश को विकसित बनाना है। यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। ग्राम वासियों को इस यात्रा का न केवल स्वागत करना होगा बल्कि लाभ भी लेना होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से हर व्यक्ति की ज़रूरतें पूरी होगी। इस अमृत काल में महिलाओं का सशक्तिकरण, युवाओं की उपयोगिता, जरूरतमंदों की ज़रूरतें पूरी करना, किसानों के जीवन में परिवर्तन लाना। इन लक्ष्यों के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। तभी देश दुनिया में प्रतिष्ठितए सम्मानितए विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री समेत ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हित पत्र भी प्रदान किया।

## विवाहिता को पेट्रोल डालकर जलाया इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन गांव ठिरिया रतन निवासी सुरेश ने अपनी बेटी रेनू शर्मा की शादी 1 मई 2023 को जिला बदायूं के थाना दातागंज गांव गढ़ा निवासी नेमचंद के पुत्र विपिन के साथ शादी की थी पिता सुरेश का आरोप है शादी में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल दी थी विपिन 2 महीने के बाद बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगा बुलेट बाइक मांग पूरी नहीं कर पाने के कारण रेनू शर्मा को प्रताड़ित करते थे 26 नवंबर को पति विपिन, ससुर, सास और जिठानी ने पेट्रोल डालकर रेनू शर्मा के आग लगा दी उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया शुक्रवार 1 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। मृतका के पति विपिन का कहना है की रेनू शर्मा कुछ समय से मानसिक रोगी हो गई थी उन पर कुछ हवा का चक्कर था जिस कारण घर में कुछ दिन पहले भी साड़ियों में आग लगा दी थी विपिन ने रेनू शर्मा के मायके पिता सुरेश को इस बात की सूचना दी।

# एक सीएचसी व तीन पीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

## ● लैब पर शाम 4 बजे तक सैंपल कलेक्शन के दिए निर्देश ● आयुष्मान मेले और मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की जमीनी हकीकत जानने के लिए सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा रविवार को एक सीएचसी च व तीन पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। लैब में शाम 4 बजे तक जांच करने के निर्देश दिए। वहीं स्टाफको कैंम्पस में रुकने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान मेले और मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के अंतर्गत यह औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि रविवार को उन्होंने एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीएचसी रंजीतगंज और पीएचसी सिसैय्या को दर्शाने वाले साइन बोर्ड को रोड पर लगाने के निर्देश दिए। स्टाफ को अपने तैनाती स्थल पर ही रहने के निर्देश दिए और उन्होंने इस दौरान चिकित्सा सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए स्टाफ को निर्देशित किया। सैंपल कलेक्शन के लिए शाम 4 बजे तक लैब खोलने के निर्देश दिए। सीएचसी अधीक्षक धौरहरा को सीएचसी के अंतर्गत आने वाली तीनों पीएचसी की हर महीने में विजिट करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान गोल्डन कार्ड के वेरिफिकेशन और लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द लक्ष्य के सापेक्ष बनाने के निर्देश दिए हैं। सीएचसी धौरहरा पर चल रहा आयुष्मान मेला निरीक्षण के दौरान सभी सेवाएं देता हुआ मिला, इसी तरह मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत चल रहे हैं। वह अपनी सभी सेवाएं दे रहे हैं। मरीज को स्वास्थ्य विभाग और अधिक बेहतर सेवाएं देने का प्रयास शासन की मंशा के अनुरूप कर रहा है।

# भाजपा की जीत पर जश्न पालिका अध्यक्ष ने बांटी मिठाई



**गोलागोकर्णनाथ।** सेमीफइनल कहे जाने वाले चुनाव को हमने दो तिहाई बहुमत से विपक्ष को करारा जवाब दिया नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री की गारंटी है एभरोसा है, विश्वास है और सबको साथ लेकर चलने के सिद्धांत ने भाजपा को यह जीत दिलाई है। इसकी खुशी में भाजपा गोला के कार्यकर्ताओं ने सदर चौराहे पर ऐतिहासिक जीत की खुशी में मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर खुशी मनाई। चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, हरद्वार बाजपेयी, विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष राजन साहनी, कमलेश पाण्डेय, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा, सरताज खान, अजीत पाण्डेय, कपिल भारती, किशन सोनी, विकास मिश्रा व कुनाल गिरि सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति के जन्मदिन पर बार सभागार में मनाया अधिवक्ता दिवस

## ● 1992 के पांच अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित ● विशिष्ट अतिथि अशुमान मैसी ने बार को दी एक लाख की राशि ● अधिवक्ताओं के मान सम्मान पर कभी आच नहीं आने दूंगा लोकेंद्र प्रताप सिंह



**मोहम्मदी खीरी।** देश के प्रथम राष्ट्रपति बाबू राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर बार एसो. के श्रीराम सभागार में अधिवक्ता सभा का आयोजन किया गया एजिसमें मुख्य अतिथित के रूप में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में अंशुमान मैसी एतहसीलदार नीलम तिवारी, पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने की एसभी ने पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया। वही अधिवक्ताओं ने आए हुए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियो को बैच लगाकर स्वागत किया एउसके उपरांत 1992 बैच के पांच अधिवक्ताओं को दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह और बार अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र और शाल उढाकर सम्मानित किया।

सम्मानित किए गए अधिवक्ताओं में स्वदेश रस्तोगी, वीरेंद्र पाल सिंह, भूपेश श्रीवास्तव, अजय वर्मा और सुरेश चंद पांडे रहे, दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने इस कार्यक्रम की भूरिभूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अधिवक्ता दिवस महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है देश के स्वतंत्रता दिलाने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है, आज भी अधिवक्ता समाज को नया दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मैं विधायक बाद में हूं पहले मैं एक अधिवक्ता हूं आपके मान सम्मान में कभी कोई समझौता न किया है न भविष्य मे करूंगा, हमेशा आपके बीच मौजूद रहकर जनता की सेवा करता रहूंगा। वहीं बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व महामंत्री लालता प्रसाद ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया विशिष्ट अतिथि अंशुमान मैसी ने बार एसोसिएशन मोहम्मदी को। 1 लाख विकास कार्य के करने के लिए दिए, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रदुमन मिश्रा, आदित्य प्रकाश सिंह, वीरेंद्र नाथ गुप्ता, कैलाश चंद त्रिवेदी, मोहम्मद हसन नकवी, मोहम्मद हाशिम, प्रशांत मिश्रा, प्रदीप त्रिवेदी, कुलदीप सिंह, तौफीफ खा, ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में सभी अधिवक्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन रमाकांत द्विवेदी ने किया

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर पर्यावरण गतिविधि द्वारा किया गया पौधारोपण

**बरेली।** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण गतिविधि महानगर द्वारा पौधा रोपण किया गया पार्क में जिसमें फलदार वृक्ष लगाए गए जिसमें बेलपत्र, आंवला, अमरूद के पौधे लगाए गए फूलों के भी पौधे लगाए गए गुड़हल, कनेर, गुलाब आदि के पौधे बच्चों के द्वारा लगवाए गए और बच्चों को प्रदूषण नियंत्रण के विषय में समझाया गया आने वाले समय में प्रदूषण से रोकथाम के लिए बच्चों को भी प्रयास करने हैं इस दिशा में छोटे बच्चों के द्वारा पौधे लगवाए गए और उन्हें उन पौधों को देखभाल करने के लिए बताया गया आसपास के ही बच्चों और महिलाओं से उनको देखरेख करने व पानी देने के लिए आग्रह किया प्रदूषण नियंत्रण में पौधों का अधिक महत्व है यह हमें आक्सीजन प्रदान करते हैं ऑक्सीजन हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है यह कोरोना काल में सभी को समझ आ चुका है प्रदूषण नियंत्रण में प्लास्टिक की पॉलिथीन को बंद करके एक ईको फ्रेंडली सामान बनाने का आग्रह किया गया व ईकोब्रेक कैसे बनाई जाती है यह भी बताया गया सभी अपने घरों में यूज होने वाली प्लास्टिक की पॉलिथीन को एक बोतल में बंद करके एक ईकोब्रेक बनाएं ऐसा सभी से आग्रह किया गया गतिविधि में महानगर नारी शक्ति प्रमुख रचना सक्सेना ,रिचा शर्मा, नीतू गुप्ता , गुड़िया, सोना, सारांश देव,अंकित उपस्थित रहे।



### चौकी इंचार्ज पर दुष्कर्म पीड़िता से अश्लील बातें करना का आरोप

**बरेली।** दुष्कर्म पीड़िता ने जगतपुर चौकी इंचार्ज पर अश्लील बातें करने का आरोप लगाया और मुकदमा वापस न लेने पर जेल भिजवाने की धमकी दी चौकी इंचार्ज ने आरोपो को झूठा बताया मामले की शिकायत एसएसपी ऑफिस में की गई। बारादरी क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 30 अक्टूबर को उसने जावेद के विरुद्ध दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था इसकी जांच जगतपुर चौकी पुलिस कर रही है इंचार्ज जगतपुर और एक सिपाही रोज रात को सात बजे उसको चौकी बुलाकर बिठा लेते है और तरह तरह की अश्लील बातें करते हैं जिससे वह मानिसक रूप से परेशान हो गई चुकी है उसने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद से आरोपी के घर दबिश नहीं दी जबकि उन्हें रोज पूछताछ के लिए बुलाकर अश्लील बातें की जाती है रोज चौकी पर बुलाने से मोहल्ले वाले उन्हें शक की नजर से देखने लगे है जब उन्होंने रोज रोज चौकी आने से इनकार कर दिया तो मुकदमे में समझौता न करने पर जेल भिजवाने की धमकी दी गई उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार करने और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की वही चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता नक्शा बनवाने में मदद नहीं कर रही है पूछताछ में ठीक जबाव भी नहीं दे पा रही है उन पर लगाए गए आरोप गलत है।

### डीएफए बलिया ने जीता फुटबाल टूर्नामेंट



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही की सरजमीं पर नौ दिन से खेले जा रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल पर डीएफए बलिया ने जीत कर टूर्नामेंट के कप पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम को गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने विजेता टीम को 31 हजार रुपये की नगद राशि व ट्राफी वितरण किया वार्ड नं पांच के सभासद राहूल गुप्ता की तरफसे स्वर्गीय जगन्नाथ गुप्ता की स्मृति में एक ट्राफी विजेता टीम को दी गई। इसके अलावा चल वैजंती ट्राफी डॉ एमआर सेठी, प्रदीप पुरवारए राजेश गुप्ता के द्वारा निर्धारित दी गई। इस मौक पर सांसद पुत्र अभिमन्यु मिश्र, एसडीएम अश्विन कुमार, क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार, चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, प्रदीप पुरवारए संजय जैनए डॉ रवि पंत, रमा शाहए प्रहलाद भार्गव, रमन जायसवाल, मुनीफ़शेख, सहित सभी सिंगाही के खेल मैदान के चारो पाटी पर एक पैर से खडे दर्शक लाखो की तादात में टूर्नामेंट का आनंद लिया ।

## बाइक सवारों ने हादसे के बाद पुलिसकर्मी को पीटा

**बरेली।** हादसे के बाद बाइक सवार और उसके साथियों ने पुलिसकर्मी को पीट दिया घायल पुलिसकर्मी ने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पुलिस ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। सीबीगंज थाना क्षेत्र के शिवनगर कॉलोनी में किराए पर रहने वाले पुलिसकर्मी चेतन शर्मा ने बताया कि वह पुलिस लाइन में तैनात है वह बुधवार को शिवनगर कॉलोनी से दवाई और खाना लेने के लिए सीबीगंज जा रहे थे खलीलपुर तिराहे के पास लापरवाही से चला रहे दो बाइक सवारों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गिर गए विरोध करने पर बाइक सवार और उसके स्कूटी सवार साथी ने गाली गलौच करते हुए बीच सड़क मारना पीटना करना शुरू कर दिया जिससे वह घायल हो गया भीड़ को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए चेतन शर्मा ने बताया कि वह आरोपियों को नहीं जानते।

# 28वां उत्तरायणी मेला 13,14 और 15 जनवरी को, 120 स्टाल हुए बुक

**बरेली।** उत्तरायणी जनकल्याण समिति पंजीकृत बरेली के मेला प्रबंधकारिणी एवम कार्यकारणी पदाधिकारियों की वैठक उत्तरायणी भवन सिविल लाइन्स में अध्यक्ष अमित पंत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन महामंत्री मनोज पांडेय द्वारा किया गया। इस बार भी उत्तरायणी मेला 13 , 14 और 15 जनवरी 2024 को बरेली क्लब मैदान मे देव भूमि उत्तराखंड की झलक दिखाने को तैयार है। जिसकी तैयारियां जोर शोर से शुरू हो चुकी है। महामंत्री मनोज पांडेय ने आज जनसम्पर्क के लिए टीमो का गठन कर दिया है।

टीमें अतिशीघ्र ही उत्तराखंड के दौरों पर जाएंगी। मेला प्रभारी भूपाल बिष्ट ने बताया कि इस बार अभी तक 130 स्टाल बुक हो चुके है। जो कि दूर दराज क्षेत्र से आ रहे हैं। सांस्कृतिक प्रभारी पुरन दानू ने बताया कि इस बार लोकल उभरते हुए कलाकारों को ज्यादा मौका दिया जाएगा। टीमो से संपर्क लगभग हो चुका है। स्मारिका प्रभारी चंदन नेगी ने बताया कि इस बार की स्मारिका कुछ अलग होगी। वो अपने कार्य मे जुट चुके हैं। कोषाध्यक्ष कमलेश बिष्ट ने आज रसीदों का वितरण किया। मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने बताया कि इस बार सारे पेमेंट समिति बार कोड से मंगवा रही है। इस बार का 28 वा मेला दिव्य ओर भव्य होगा। जिसमें पूरा सहयोग मीडिया का भी होगा। इस बार पहली बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई। जो सफ्ल रही।अंत मे अध्यक्ष अमित पंत ने सभी जनो को सहयोग करने के लिए दिल की गहराइयो से धन्यबाद दिया और आज की सफ्ल बैठक को समापन करने की घोषणा की। आज की बैठक को सफ्ल बनाने मे वरिष्ठ सचिव विनोद जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश पांडेय, रामेस्वर पांडेय, तारा जोशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पौधारोपण कर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को याद किया

**बरेली।** अन्तर्राष्ट्रीय कायस्थ परिवार के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 139 वीं जयंती बरेली सिटी शमशान भूमि पर पौधारोपण एवं विचार गोष्ठी आयोजित कर मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य आर.के. सक्सेना ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपमेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभी जाति-धर्मों का सम्मान करने वाले महान व्यक्ति थे। वह लगातार दो बार भारत के राष्ट्रपति रहे और महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने अहम भूमिका अदा की जिसके लिए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। भारत के संविधान सभा के अध्यक्ष रहे ।ऐसे महान व्यक्ति ने बरेली सिटी शमशान भूमि में चंदन का पेड़ लगाया था जो संरक्षण के अभाव में चोरी हो गया था उन्हीं से प्रेरणा लेकर विगत् वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनकी जयंती पर हम बेल, नीम, आम, जामुन, नींबू आदि पौधे लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें शत् शत् नमन करते हैं।



प्रदेश प्रवक्ता योगेश जौहरी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी सादगी व योग्यता की मिसाल थे। देश के युवाओं को डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शो को अपनाना चाहिए।कार्यक्रम अध्यक्ष आर.के. सक्सेना ने कहा कि हमारे कायस्थ कुल में जन्मे डॉ. राजेंद्र प्रसाद गौरवशाली कायस्थ थे उन्होंने पूरे कुल के साथ ही देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अतुल सक्सेना, समीर बिसरिया एडवोकेट, योगेश जौहरी शंकर स्वरूप सक्सेना, संजय सक्सेना एवं अनुज सक्सेना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जगदीश निमिष ने किया।

# मतदाता पुनरीक्षण के तहत बूथों पर तैनात रहे बीएलओ

## ● डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण, युवाओं में दिखा उत्साह

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**शासन** के निर्देश पर लोकसभा चुनाव से पूर्व नगर के सभी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत सूची में नए मतदाता जोड़ने एवं बोट बनवाने से वंचित मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए फार्म भरवा कर बूथो पर तैनात बीएलओ के पास जमा करवाए गए। इस दौरान डीएम ने बूथों का औचक निरीक्षण कर मौजूद बीएलओ से सभी फार्म के बारे में पूछताछ की।

रविवार को नगर के जीटी रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी सुभ्रांत कुमार शुक्ला नें पहुचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें मौजूद बीएओ से नये मतदाताओं सहित फार्म संख्या 6,7,8 की जानकारी ली। वहीं मोहल्ला गांधी नगर स्थित रैन बसेरा, मदन मोहन मालवीय इण्टर कॉलेज, नगर के तिर्वा रोड स्थित सरोजनी देवी बालिका इंटर कॉलेज, रामगंज स्थित गोमती देवी इंटर कॉलेज, गोपाल नगर स्थित जूनियर हाई स्कूल, सब्जी मंडी स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय सहित सभी बूथों पर नवीन मतदाता सहित मतदाता सूची से वंचित चल रहे लोगों ने मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए बूथों पर बीएलओ को फार्म संख्या 6,7,8 भरकर जमा किए गए। इस दौरान युवा सपा नेता मकबूल अहमद नें कहा कि देश के सशक्त लोकतंत्र एवं स्वच्छ सरकार चुननें के लिये युवा अपना बोट अवश्य बनबायें।



जीटी रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण करते डीएम।

## साइकिल चला रही बच्ची को टैंकर ने कुचला

**बरेली।** साइकिल चला रही सात साल की बच्ची को बीएल एग्रो के तेज रफ्तार टैंकर ने कुचल दिया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर टैंकर और चालक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।भुता थाना क्षेत्र के ग्राम शेखापुर निवासी अवनीश कुमार ने बताया कि वह 20 साल से सीबीगंज परसाखेड़ा के रोड नंबर तीन पर एक फैक्ट्री में चौकीदारी करते है और परिवार के साथ फैक्ट्री परिसर में बने आवास में रहते है उनकी सात साल की बेटी माही वर्कशाप के आगे साइकिल चला रही थी इसी दौरान अचानक रामपुर बरेली रोड की ओर से रोड नंबर तीन पर बीएल एग्रो के टैंकर का चालक तेजी और लापरवाही से चलाता हुआ आया और उनकी बेटी को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई और उसकी साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई घटना की पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत और वाहन को कब्जे में लेकर बच्ची केशव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्रवाई शुरू कर दी।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**बरेली।** एक युवक का शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला शिनाख्त न होने पर पुलिस ने उसे अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिवार वालों ने पीएम हाउस पहुंच कर उसकी शिनाख्त कर ली, संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की आशंका जताई। सीबीगंज थाना क्षेत्र के निवासी 25 वर्षीय मौसीन पुत्र मंजूर खां एक निजी अस्पताल में काम करता था गुरुवार रात को उसका शव महेशपुर गांव के पास रेलवे लाइन पर पड़ा मिला लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दे दी, उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी तब पुलिस ने रात साढ़े नौ बजे शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर बेटा घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी रात भर तलाश करने के बाद जानकारी मिली कि एक युवक ट्रेन से कटकर मौत हो गई वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे जहां मंजूर खां ने शव की शिनाख्त कर ली घर वालों ने बताया कि अस्पताल दूसरी दिशा में है उन्हें नहीं पता कि बेटा वहां कैसे पहुंचा और कोई साथ या अकेला था।

# भाजपा की प्रचण्ड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

## ● पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष ने मिष्ठान वितरित किया खुशी का इजहार

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**छत्तीसगढ़,** मध्य प्रदेश, राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नगर के अलग-अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छुड़ाकर व मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया।

बुधवार को जैसे ही देश के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में भाजपा के पक्ष में प्रचण्ड जनादेश आने पर नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय के कार्यालय पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने सभासद निर्मल श्रीवास्तव सहित दर्जनों समर्थकों के साथ खुशी का इजहार करते हुए जमकर आतिशबाजी छुड़ाई और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की उपलब्धियां नीतियां व सिद्धांत जीत का आधार बने हैं। उधर नगर के रेलवे रोड पर चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा पिछडा मोर्चा महामंत्री विनय वर्मा, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, जीटी रोड पर भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने समर्थकों के साथ आतिशबाजी छुड़ाकर मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर राहुल राठौर, रानू ठाकुर, आंचल गुप्ता, अमन कठेरिया, अजय दीक्षित, सुधांशु गुप्ता उर्फ मोनू, मनोज गुप्ता, सिवा गुप्ता आदि मौजूद रहे।


भाजपा की जीत पर मिष्ठान वितरित करते राजीव ठाकुर।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीतः पटेल



संवाददाता। चित्रकूट

**मध्य प्रदेश**, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ हुई जीत पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह

**● तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न**

पटेल ने पार्टी जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल को का मुंह मीठा करा भाजपा की ऐतिहासिक जीत की बधाई दी।

वहीं भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व में मुख्यालय के धनुष चौराहा पर भाजपा की प्रचंड जीत का जश्न मनाया गया। भाजपा की जीत पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के दम पर तीन राज्यों में पार्टी की प्रंचड जीत हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी ऐतिहासिक जीत हासिल कर भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में सरकार बनायेगी।

इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रंचड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं बीजेपी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं ने जनता के जीवन में बदलाव लाया है। इसके अलावा वैश्विक परिदृश्य पर पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। लोकसभा चुनाव-2024 के सेमीफाइनल माने जा रहे मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत से भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

# जगदगुरु रामभद्राचार्य ने वनवासी राम के मंदिर निर्माण को किया भूमि पूजन

संवाददाता। चित्रकूट



**जगद्गुरु** रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के सुरम्य परिसर में विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर वनवासी राम के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। साथ में श्रीतुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास, कुलपति, कुलसचिव, सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रविवार को विश्वविद्यालय में आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस समारोह के अवसर पर पद्म विभूषण से सम्मानित कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, कुलाधिपति के निजी सचिव आर पी मिश्रा, युवराज आचार्य रामचन्द्र दास, कुलपति प्रो0 शिशिर कुमार पांडेय, कुलसचिव मधुरेंद पर्वत ने कार्यक्रम का मा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने मंचसथ अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन किया। इसके बाद सरस्वती वंदना संगीत विभाग की प्रभारी डॉ ज्योति ने किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि मै आप सभी दिव्यांग भाई, बहनों को विश्व दिव्यांग दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाए प्रेषित करता हूं। मेरा यह विश्वविद्यालय अब राज्य सरकार के अधीन हो गया है लेकिन मेरा पुरा साधिकार जीवन पर्यन्त कुलाधिपति रहेगा।कार्यक्रम के दौरान पूर्व में आयोजित हुई प्रतियोगिताओ में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र जीवन पर्यन्त कुलाधिपति राघवीयो जगद्गुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य आरपी मिश्रा, निजी सचिव कुलाधिपति, कुलपति प्रो शिशिर पांडेय व कुलसचिव मधुरेंद पर्वत ने दिये।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**उरई, जालौन।** हाल ही में देश के पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों में तीन महत्वपूर्ण प्रदेशों में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने समर्थकों के साथ पार्टी की जीत का जश्न मनाते हुये कहा कि निश्चित रूप से देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को स्वीकार किया है। उन्होंने स्पष्ट किया 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा तीसरी बार केंद्र में सरकार बनायेगी। यह संकेत पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनाव में वहां की जनता ने दे दिया है। जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय उरई पर मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ तीनों प्रदेश में प्रचंड जीत का जश्न मनाया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर गोले दागकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## भाजपाईयों ने मनाया तीन राज्यों में मिली विजय का जश्न



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के नेतृत्व में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक जीत को लेकर विजय जश्न मनाया गया। पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर विजयश्री का जश्न मनाया। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता ढोल ताशा के बीच गगनभेदी आतिशबाजी करवाते हुए जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पार्टी की नीतियों समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष को देते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु शुभ संकेत बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डॉक्टरों ने 14 वर्षीय किशोर की सांस नली में फंसा कांटेदार फल निकाला



**उरई, जालौन।** एक 14 वर्षीय बच्चें की सांस की नली में कांटेदार फल फंस गया। उसे सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगी। परिजन उसे लेकर शनिवार को रात में राजकीय मेडिकल उरई में पहुंचे। यहां डॉक्टरों की टीम ने उसकी सफल ऑपरेशन कर एक नई जिंदगी मिली। प्राचार्य डॉ आर के मौर्य के मार्गदर्शन में सुदृढ़ हुई इमरजेन्सी सुविधाओं के चलते जिले में पहली बार सांस की नली से फंसे काटेदार फल को ऑपरेशन के दौरान निकाला गया।

शनिवार को 2 दिसम्बर को 14 वर्षीय दीपू निवासी ग्राम शेखपुर जिला जालौन ने आवाज गायब होने व गले में भयानक दर्द होने के बाद मेडिकल कालेज में नाक, कान, गला विभाग डॉ नम्रता द्विवेदी को दिखाया था। दो दिन पूर्व बच्चे ने अकस्मात एक कांटेदार फल निगल लिया था। मरीज को तत्काल मेडिकल कॉलिज में भर्ती किया गया व उसकी सभी जांचें की गयी। बच्चे के गले की दूरबीन द्वारा जांच की गयी। जिसमें वह फल सांस की नली में फंसा हुआ पाया गया। बताया कि ऑपरेशन करीब एक घंटा चला। बच्चे की सांस नली छोटी होने की वजह से कठिनाई थी, मगर आपरेशन सफल रहा।

# बड़े धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस



**उरई, जालौन।** जीआईसी ग्राउण्ड उरई में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत के लिये कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बंगरा की लो विजन दिव्यांग बच्चियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके उपरांत यूपीएस पीपरी के दिव्यांग छात्र श्याममोहन द्वारा लगन तुझे लगा बैठे जैसे मधुर भजन ने सबका मन मोह लिया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे द्वारा दृष्टि दिव्यांग सूरज कुमार को उनके मनमोहक प्रस्तुति से मन मुग्ध होकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों की खेलकूंद प्रतियोगिताओं का आयोजन इसी प्रकार से समय-समय पर कराये जाने चाहिये ताकि दिव्यांग बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने का मंच मिल सके।

# मानव जीवन के लिये प्रेरणादायी हैं भगवान की लीलाएंः शिवम

संवाददाता। जालौन, उरई



**भगवान** की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। यह बात कथा वाचक पंडित शिवम शास्त्री ने रूरा मल्लू में आयोजित नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कही।

क्षेत्रीय ग्राम रूरा मल्लू में आयोजित नौ कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा की अमृत वर्षा करते हुए पंडित शिवम नगाइच ने कहा कि भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मिणी के साथ हुआ था। कृष्ण भगवान ने रुक्मिणी का हरण करके उनसे विवाह किया था।

उन्होंने कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है।

## एसपी ने सड़कों पर पैदल मार्च कर की सुरक्षा पर चर्चा



**जालौन, उरई।** लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया और लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा के नेतृत्व में कोतवाली व चौकी पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस को देखकर लोगों को पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर नजर आ रही है तो लोगों को सुरक्षा का अहसास हुआ।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मवई गांव की मोड़ के समीप बीती रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक पर सवार चालक की मां की मौके पर मौत हो गई। उपचार के लिए कानपुर ले जाते समय चालक बेटे की भी मौत हो गई। जिससे विवाह के घर में खुशियां एक पल में ही बर्बाद हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसोहनी गाँव निवासी राम औतार का 27 वर्षीय पुत्र महेंद्र पाल अपनी 50 वर्षीय मां निर्मला देवी को बाइक पर सवार शहर से वापस अपने घर जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के मवई गांव की मोड़ पर पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मां निर्मला देवी की मौके पर मौत हो गई। वही बाइक चालक पुत्र महेंद्र पाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। रास्ते में महेंद्र पाल की भी मौत हो गई।

### पिकअप चालक को पीट दो लाख नकदी लूटी

**खागा/फतेहपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास संग्रामपुर सानी मोड़ पर साइड न देने का आरोप लगा कर चालक को ओवरटेक करते हुए हाईवे पर रोककर लोहे की राड़ से पीटा और दो लाख दस हजार नकदी लूटकर फरार हो गए। पिटाई में घायल पिकअप चालक रामभवन का आरोप है कि सुअर बिक्री का पैसा लूट लिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हरदों सीएचसी भेजा जहां से जिला अस्पताल रफर किया गया। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के राधानगर में रहने वाला रामभवन पिकअप चालक है। शनिवार की सुबह वह सुअर लाद कर कौशांबी जिले के मंझनपुर करारी बाजार गया था। शाम चार बजे के लगभग वह वापस शहर जा रहा था। कटोघन टोल प्लाजा के पास साइड देने को लेकर उसका पीछे से आ रहे पिकअप चालक से बीच हाइवे पर गाड़ी सटाकर रोक लिया। गंभीर से घायल पीड़ित का कहना है कि उसने डायल 112 को फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। उसने बताया कि टोल प्लाजा से निकलने के बाद संग्रामपुर सानी मोड़ में पिकअप से पीछा कर रहे तीन लुटेरों ने ओवरटेक करके उसके आगे गाड़ी खड़ी कर दिया और पीड़ित को पीटने लगे। पिटाई से घायल चालक रामभवन ने बताया कि पीछे से आए दूसरे पिकअप चालक ने लोहे की राड से उसके पैर में प्रहार कर दिया। घायल चालक रामभवन की मानें तो उसने घटना वाले दिन ही जब घटना में प्रयुक्त पिकअप का नंबर फोटो व उसके चालक का फोटो पुलिस को दे दिया था। इसके बाद पुलिस का गाड़ी और आरोपियों को न पकड़ना गंभीर सवाल खड़े करता है।

# जयपुरिया स्कूल द्वारा आयोजित करियर काउंसेलिंग सत्र में विद्यार्थियों को दिया सफलता का मूल मंत्र


संवाददाता। फतेहपुर



**मलवां** स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की ओर से शहर के पटेलनगर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में कैरियर काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध संस्था सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र प्रदान किए।

कुमार ने विद्यार्थियों को सफलता के चार मंत्र बताये। जबरदस्त प्रयास, सकारात्मक सोंच, निरंतर मेहनत व अत्यधिक धैर्य। उन्होने कहा कि अपने अनुभव के आधार पर वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि यदि कोई इन सूत्रों का पालन करता है तो उसे अपना लक्ष्य हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। विद्यार्थियों से खचाखच भरे प्रेक्षागृह में उनके सवालों का जवाब देते हुए आनंद कुमार ने कहा कि हम केवल आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं लेकिन कड़ी मेहनत करनी होगी। यदि विद्यार्थी में मेहनत व अपने लक्ष्य प्राप्त करने का जुनून है तो गरीबी और आर्थिक स्थिति उसकी सफलता की राह में रोड़ा नहीं बन सकती। मनोवैज्ञानिक दीपक भाटिया और तुषार आनंद गुप्त ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब तक आप चीजों के बारे में अलग तरह से नहीं सोचेंगे तब तक आप कुछ अलग नहीं कर पाएंगे। जिदंगी को बेहतर बनाने के लिए अपने दिमाग को रचरात्मक विचारों की खुराक देते रहें।

## शिल्प महोत्सव का प्रबंधक ने किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** शिल्प महोत्सव का समाजसेवी व मेला प्रबंधन श्रीवास्तव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया गया। इस दौरान मेला प्रबंधक अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि फतेहपुर शिल्प महोत्सव में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने व लोकल फार वोकल नीति के तहत मेले का आयोजन किया जा रहा है। एक से बीस दिसंबर तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न जनपदों के प्रतिष्ठित हस्त निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जनपदों के उत्पाद लोगो लिये उपलब्ध होंगे।

# आरवीएस के वार्षिक खेल दिवस में विद्यार्थी सम्मानित

**फतेहपुर।** शहर के बांदा सागर मार्ग स्थित आरवीएस इंटरनेशनल स्कूल में एनुवल स्पोर्ट्स डे में सम्पन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधन के सचिव भरत सिंह एवं निदेशक शत्रुघ्न सिंह ने प्रतियोगिता के समापन के उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। छोटे बच्चों में लड़कों की टेडी रेस में अफान खान प्रथम, ऋषभ द्वितीय व कायरव शिवहरे तृतीय, बालिकाओं में वान्या वर्मा, उम्मे हरम व जैनब फातिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन बिंदा सिंह एवं एकेडेमिक डाइरेक्टर वीशा मोहिन्द्रा ने अपने प्रेषित संदेश में समस्त बच्चों को बधाई व आशीर्वाद देकर उत्साहवर्धन किया।

# टीसी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**फतेहपुर।** हसवा ब्लॉक के ग्राम टीसी व रहिमापुर मिचकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने नेशनल हाईवे एकारी मोड़ टीसी मार्ग शहाबुदीन तक सात किलोमीटर सड़क का उद्घाटन किया। तत्पश्चात टीसी कंपोजिट विधालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गोष्ठी आयोजित हुई। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा एवं हसवा ब्लॉक प्रमुख के अलावा प्रधान राहुल मिश्रा ने फूलों की माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने मां सरस्वती दीप प्रज्वलित किया। विधालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री ने छात्र और छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर कहा कि मन लगा कर पढ़ो ताकि देश में नाम रोशन हो सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम संकल्प दिलाते हैं कि संपूर्ण भारत को विकसित देश बनाया जायेगा। सरकार की सभी योजनाओं का पूरा करने संकल्प लिया है। शहर शहर और गाव गांव का विकास किया जायेगा। हसवा प्रमुख विकास पासवान ने कहा कि जब गांव गांव के किसान और मजदूर मजबूत होगा तो शहर का विकास भी बढ़ेगा। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने सरकार की योजनाओं की लोगों जानकारी दिया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास के 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी बांटने के बाद छह लोगों को किसान सम्मान प्रमाण पत्र वितरण किया। और केंद्रीय मंत्री ने प्रियंका देवी, संध्या देवी दोनों गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते हुए जानवी देवी, संध्या देवी दोनों बच्चों को खीर खिलाया और दुलार भी किया।

# ट्राली चोरी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर पुलिस द्वारा ट्राली चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 2 अभियुक्तों को 2 ट्रैक्टर की ट्राली कीमत करीब 3,40,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त 1 ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया। थाना राजेपुर पुलिस द्वारा थाना राजेपुर में दर्ज रिपोर्ट से सम्बन्धित चोरी हुयी ट्रैक्टर की 2 अदद ट्राली सहित अभियुक्त अंकित राजपूत व हरीराम को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बिना नम्बर पावर ट्रैक यूरो 47 सुपर मैक्स बरामद किया गया । बरामद की गयी 2 ट्रैक्टर की ट्रालियां जिनमें। 1 ट्राली दिनांक 28/01/2023 को तथा दूसरी ट्राली दिनांक 26 नवंबर को थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव चित्रकूट से चोरी किया गया था।

## चंद्रयान सहित बच्चों ने प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल



**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** नगर के पटवनगली स्थित एनके एकेडमी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी एवं इंडिया फ्रूट फेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने फीता काट कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र छात्राओ ने चंद्रयान.3 मांडल, सोलर पैनल, वाटर क्यूरीफिकेशन, रेन वाटर डिटेक्टर सोलर,आदि मॉडल प्रदर्शित किये। क्लिप्स कार्वन, फिल्टरेशन, फाउंडेशन समेत आधा सैकड़ा से अधिक मांडल प्रदर्शित किये।

# डीएम ने बूथों पर जाकर किया निर्वाचन नामावली का निरीक्षण



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का अकबरपुर रनिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों जिसमें प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर गोगूमऊ भाग संख्या 235, 236, उच्च प्राथमिक विद्यालय रनियां 206, 20, 208, 209, 210 एवं भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय गजनेर भाग संख्या 345, 346,347, 348, प्राथमिक विद्यालय जिठरौली 396, पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अभियान को पूरी पारदर्शिता से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्यों को संपादित करें, इस कार्य में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जो मतदाता 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर मतदाता नामावली से अवश्य जोड़ा जाए। उन्होंने तहसीलदार अकबरपुर को निर्देशित किया कि लेखपाल व अन्य कर्मचारियों के माध्यम से इस अभियान के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार गांव में करवाएं, जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को सूची में शामिल किया जाए।

# एसटीएफ व सिकंदरा पुलिस ने तस्कर किया गिरफ्तार



**कानपुर देहात।** बिहार राज्य से यूपी पंजाब, हरियाणा व अन्य स्थानों पर छोटे व बड़े वाहनों में छिपाकर मादक पदार्थ (चरस) की तस्करी करने वाले संगठित गैंग पर प्रभावी कार्यवाही करते हुये इनसे बरामदगी तथा इनकी गिरफ्तारी किये जाने हेतु समस्त टीमों/ईकाइयों को निर्देशित किया गया। जिसके फलस्वरूप एसटीएफ फील्ड युनिट टीम कानपुर नगर व थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर लकी ढाबा के पास थाना सिकन्दरा से परवेज आलम पुत्र अलताज मिया निवासीमोहल्ला हरईया थाना रकसौल जिला पूर्वी चम्पारण (बिहार) को मय 6 किलो 475 ग्राम नाजायज चरस व 410 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

# जागरूकता रैलियां निकालकर बूथों पर बढ़ाई गई मतदाताओं की संख्या



**पुखरायां, कानपुर देहात।** आगामी चुनावों में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन कि निर्देश पर रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रैलियां आयोजित किये गए। प्रशासन की ओर से चिन्हित बीएलओ अपने अपने बूथों पर बैठे और मतदाता सूचियों में वोट ब-सजय़ाने की कार्यवाही भी की। कस्बे के श्री रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज, अमरौधा के बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैलियां निकाली। रैली को नगर की प्रमुख गलियों में भ्रमण कराया गया। वहीं मूसानगर के सीपीकेयू इंटर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नाटक, कविता एवं लोकगीत प्रस्तुत करके लोगों को मतदाता बनने को प्रेरित किया। प्रधनाचार्य डॉ अजय पाल सिंह ने बताया कि विशेष अभियान में उनके विद्यालय के बूथों में मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की कार्यवाही की जा रही है।

अमरौधा के बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी नाटक एवं गीत प्रस्तुत किये गए। रैली को जुलैठी, मिश्राना, पातेपुर वार्डों में भ्रमण कराया गया।

# भारतीय कृषक दल की बैठक में महिला मोर्चे का विस्तार



**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि माननीय सरोज दीक्षित एडवोकेट ने महिला मोर्चा का विस्तार करते हुए श्रीमती मधु गंगवार को प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती विजय लक्ष्मी शुक्ला को जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद, श्रीमती ममता को नगर अध्यक्ष कायमगंज,श्रीमती शवाना को नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कायमगंज का दायित्व सौंपा। संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि भारतीय कृषक दल पूरे उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्र में संगठन में जुझारू ईमानदार लोगो को जोड़ते हुए राजनीतिक व्यवस्था परिवर्तन का सूत्रपात करेगा और आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश की अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर

# साक्षर बनाने के अभियान में खानापूरी होती देख निदेशक ने जताई नाराज़गी

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

**जिले** में नव साक्षरता कार्यक्रम के तहत पंद्रह वर्ष से अधिक तीस हजार महिला व पुरुषों को साक्षर बनाने की मुहिम की खानापूरी की जा रही है,जिससे चालू वित्तीय वर्ष में 27 हजार रुपये बजट में केवल चार हजार रुपये खर्च हो पाये है इस पर राज्य साक्षरता मिशन के निदेशक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक शासन ने ग्यारह साल बाद साक्षरता अभियान के बाद लोगो को साक्षर बनाने के लिये नव साक्षरता कार्यक्रम इसी वर्ष चालू किया गया है। शासन के आकड़ो के मुताबिक हमीरपुर जिले में करीब तीस हजार निरक्षरों को साक्षर करना है। इसके लिये जिले में ट्रेनर नियुक्त किये गये है। पंद्रह साल से अधिक लोगो को अपना नाम लिखना,वाहर आने जाने में वाहन की जानकारी कर लेना आदि मूलभूत शिक्षा देना है। छह माह में जिले में 4200 लोगो को ट्रेनरों ने शिक्षा दी थी जिसमे फिलहाल 3500 होने का बेसिक शिक्षा विभाग ने दावा किया है। शासन ने ट्रेनर को एक प्रौढ़ के लिये छह माह में दस रुपये देता है जिससे लोग रुचि नही ले रहे है। शासन ने इसके लिये हमीरपुर जिले को 27,087 रुपये का बजट आवंटित किया था जिसमे अभी तक 4,235 रुपये खर्च हो पाये है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के केवल चार माह रह गये है मगर अभी तक पंद्रह फीसदी बजट खर्च हो पाया इस पर निदेशक विनय कुमार पांडेय ने बीएसए पर नाराजगी जाहिर करते हुये 31 दिसम्बर तक कम से कम 75 फीसदी बजट खर्च करने का आदेश दिया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग पढने में रुचि नही ले रहे है मगर ट्रेनर किसी प्रकार लोगो को प्राइमरी स्कूलो में बुलाकर प्रारम्भिक शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है। धीरे धीरे कार्यक्रम में प्रगति होगी।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तिगुना करने के संकल्प से पीछे हटा भारत

भाषा। दुबई



**भारत और** चीन ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (सीओपी28) में 2030 तक दुनिया की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने के संकल्प पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया। हालांकि, भारत ने जी20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान इसके लिए प्रतिबद्धता जताई थी। यहां संयुक्त राष्ट्र की जलवायु वार्ता के दौरान, 118 देशों ने 2030 तक वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की प्रतिबद्धता जताई। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उद्देश्य दुनिया के समग्र ऊर्जा उत्पादन में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है। संकल्प का समर्थन करने वाले देशों में जापान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चिली, ब्राजील, नाइजीरिया और बारबाडोस शामिल हैं। हालांकि, चीन और भारत ने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा में तीन गुना वृद्धि के लिए समर्थन व्यक्त किया है, लेकिन उनमें से किसी ने भी शनिवार को औपचारिक रूप से समग्र संकल्प का समर्थन नहीं किया। इस प्रतिबद्धता में जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में कमी लाने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना शामिल है। इसमें, कोयला से उत्पादन की जाने वाली बिजली में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने और कोयला चालित नए बिजली संयंत्रों के वित्तपोषण को समाप्त करने का आह्वान किया गया। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का कहना है कि जीवाश्म ईंधन की मांग को कम करने और सदी के अंत तक ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए दुनिया को 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना और ऊर्जा दक्षता की दर को दोगुना करना होगा। वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 14वीं राष्ट्रीय बिजली योजना (एनईपी) देश को 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना से अधिक करने की राह पर ले जाती है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए नई दिल्ली को 293 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी। भारत का वर्तमान लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट स्थापित बिजली क्षमता तक पहुंचना है। भारत के फैसले पर भारतीय विशेषज्ञों की मिलीजुली प्रतिक्रिया आई है।सीनियर एसोसिएट और ई3जी में इंडिया एनर्जी ट्रांजिशन लीड मधुरा जोशी ने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने के लक्ष्य वाली वैश्विक संकल्प पर हस्ताक्षर नहीं करने के भारत के फैसले पर निराशा व्यक्त की। इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस में दक्षिण एशिया के निदेशक विभूति गर्ग ने जी20 के हिस्से के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को तीन गुना करने की भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई में सीओपी28 में दोहराया था। ऐसे में जब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के लिए गंभीर महत्वाकांक्षाएं प्रदर्शित कर रहा, गर्ग ने कोयला के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से कम करने पर देश की चुप्पी का जिक्र किया। विश्व संसाधन संस्थान (डब्ल्यूआरआई) भारत में जलवायु की कार्यकारी निदेशक उल्का केलकर ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान अपनाए गए नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने के वैश्विक लक्ष्य को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऊर्जा दक्षता को स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव के एक महत्वपूर्ण घटक के तौर पर रेखांकित किया।

## अमेरिकी सिख संगठन ने पौधारोपण पूरा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे सिखो से संबंधित एक पर्यावरण संगठन इकोसिख ने 850 पवित्र वनो मे पौधारोपण पूरा कर लिया है तथा दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन (सीओपी28) मे इस संबंध मे प्रगति को लेकर रिपोर्ट और कार्य योजना प्रस्तुत करेगा। पवित्र वन सामुदायिक रूप से संरक्षित वन को कहा जाता है। स्थानीय आबादी इस तरह के वन का संरक्षण करती है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इकोसिख के वैश्विक अध्यक्ष राजवंत सिंह पारिस्थितिकी की बहाली के लिए एक प्रभावी जलवायु समाधान के रूप मे पवित्र वन की पहल का प्रदर्शन करेंगे और सरकारी संगठनो तथा अन्य समूहो के साथ सहयोग की पेशकश करेंगे। उन्हें सीओपी28 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अदनान जेड अमीन द्वारा शहरी ज्ञानः स्वदेशी ज्ञान और भविष्य के शहरो का शासन नामक एक पैनल को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक की जयंती पर इकोसिख ने लुधियाना के मध्य मे।,313 पेड़ो के साथ अपना 850वां पवित्र वन तैयार किया। इकोसिख दुबई मे विभिन्न हितधारको की बैठक मे अपनी प्रगति संबंधी रिपोर्ट और कार्य योजना प्रस्तुत करेगा। दुबई मे सीओपी28 के आयोजन के दौरान 60,000-80,000 प्रतिनिधियों तथा 140 से अधिकराष्ट्राध्यक्षो के शिरकत करने की उम्मीद है। सिंह ने कहा, विनाशकारी बढ़ते तापमान के जवाब मे हम सभी को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। हम अपने चारो ओर जिन पारिस्थितिकीय आपदाओ का सामना कर रहे है, उनका समाधान खोजने के लिए हम किसी संगठन या सरकार का इंतजार नही कर सकते। कई समुदाय अपने नियंत्रण से परे कई पर्यावरणीय कारको के कारण अपनी पैतृक भूमि खो रहे है। जब लोग आपदा से पीड़ित हो तो हम बैठकर नही देख सकते। इकोसिख की स्थापना 2009 मे जलवायु परिवर्तन के प्रति सिख समुदाय के कदमो के रूप मे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से की गई थी। एक दशक से अधिक समय से इकोसिख भारत मे पर्यावरण के मुद्दो पर काम कर रहा है और अब इसकी कनाडा, ब्रिटेन, आयरलैड और अमेरिका में शाखाएं है। इकोसिख के वन संयोजक चरण सिंह ने कहा, जलवायु परिवर्तन से लड़ने की हमारी रणनीति केवल उत्सर्जन मे कमी पर केंद्रित नही होनी चाहिए। हमे वातावरण से कार्बन हटाना होगा। ए वन उस लक्ष्य को प्राप्त करने का एक प्रभावी तरीका है। इस तरह की सामूहिक कार्वाई से बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने मे मदद मिल सकती है।

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त ने की नॉर्दर्न प्रॉविंस की यात्रा

कोलंबो। श्रीलंका मे भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने देश के नॉर्दर्न प्रॉविंस की यात्रा की और विकास के लिए सहयोग बढ़ाकर एवं विस्तारित आर्थिक साझेदारी के जरिए श्रीलंकाई लोगो के कल्याण को लेकर प्रतिबद्धता जताई। भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को एक बयान मे बताया कि बागले ने श्रीलंका के नौ प्रांतो मे शामिल नॉर्दर्न प्रॉविंस की 29 नवंबर से एक दिसंबर तक यात्रा की। इस दौरान उच्चायोग के अन्य वरिष्ठ राजनयिक भी उनके साथ थे। उच्चायुक्त ने हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली परियोजना को लागू करने की तैयारियो का आकलन करने के लिए जाफना, नैनातिवु, अनालाइतिवु और डेल्फ्ट के तीन द्वीपो का दौरा किया। भारत सरकार इन द्वीपो के निवासियो की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए अनुदान के जरिए इस परियोजना मे मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। बयान मे बताया गया कि इस यात्रा ने क्षेत्र के लोगो की प्राथमिकताओ और आवश्यकताओ के अनुसार विकास सहयोग बढ़ाकर और विस्तारित आर्थिक साझेदारी के माध्यम से नॉर्दर्न प्रॉविंस सहित पूरे श्रीलंका के लोगो के विकास और कल्याण को लेकर भारत की स्थाई प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। उन्होंने भारत और श्रीलंका मे पारस्परिक रूप से सहमत बिंदुओ के बीच नौका सेवाओ के माध्यम से संपर्क सुविधा बढ़ाने के लिए जारी प्रयासो के तहत थलाईमन्नार और कांकेसंथुराई यात्री प्रतिष्ठानो का दौरा किया। बयान में कहा गया, प्रतिनिधिमंडल ने श्रीलंका के लोगो के लाभ के लिए भारत-श्रीलंका विकास सहयोग साझेदारी के तहत रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व को प्रमाणित करते हुए आधुनिक रेल डिब्बो मे कोलंबो से मेदावाचिया तक की यात्रा की। इन डिब्बों की आपूर्ति भारत से मिले ऋण के तहत की गई है।

### पाक के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित बल्तिस्तान में आतंकी हमले में आठ लोगों की मौत, 26 अन्य घायल

पेशावर। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित बल्तिस्तान क्षेत्र में शनिवार को एक यात्री बस पर आतंकियो ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हुए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि जब बस गिलगित से रावलपिंडी जा रही थी, तभी चिलास में शाम करीब साढ़े छह बजे आतंकवादियो ने अंधाधुंध गोलीबारी की। अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया और यह सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई।चिलास के उपायुक्त आरिफ अहमद ने कहा कि हमले मे मारे गए आठ लोगो मे से अब तक पांच की पहचान हो चुकी है। उन्होने बताया कि हमले में 26 लोग घायल हुए है, जिन्हे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होने बताया कि मृतको मे (पाकिस्तानी) सेना के दो जवान भी शामिल है और विशेष सुरक्षा इकाई का एक कर्मी भी घायल हुआ है। हमले के बाद आतंकी घटना स्थल से से भागने मे सफल रहे। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी संगठन ने नही ली है।

### पीओके के गिलगित बलतिस्तान में बस पर हमले के सिलसिले में छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया

**पेशावर।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित बलतिस्तान क्षेत्र मे एक बस पर हमले के सिलसिले मे रविवार को छह संदिग्धो को गिरफ्तार किया गया है। इस हमले मे दो सैनिकों समेत नौ लोगो की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि गिलगित से रावलपिंडी जा रही बस पर अज्ञात बंदूकधारियो ने शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे चिलास मे अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई।पुलिस ने बताया कि हमले मे दो सैनिकों समेत नौ लोगो की मौत हो गई और 21 यात्री घायल हो गए। उन्होने बताया कि हमले के बाद हमलावर भागने मे कामयाब रहे। किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नही ली है लेकिन इस क्षेत्र मे आतंकवादियो द्वारा हमलो का इतिहास रहा है। दियामर आयुक्त के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के हवाले से डॉन अखबार ने रविवार को खबर दी कि अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीआरओ राजा अशफाक ताहिर ने कहा, अब तक छह संदिग्धो को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि गिलगित बलतिस्तान मे प्रवेश और बाहर निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए है और क्षेत्र मे सुरक्षा चाक-चौबंद है।
नही है।

### नेपाल ने संक्रामक रोगों को रोकने के उद्देश्य से यूएसएेड के साथ हाथ मिलाया

काठमांडू। नेपाल सरकार और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएेड) ने उभरते संक्रामक रोगो को रोकने, उनका पता लगाने और उनपर तीव्रता से कार्वाई करने के लिए रविवार को रणनीतिक साझेदारी शुरू की। अमेरिका दूतावास की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यूएसएेड ग्लोबल हेल्थ सेक्युरिटी नामक यह कार्यक्रम वन हेल्थ पहल के माध्यम से लागू की जाएगी। वन हेल्थ पारिस्थितिकी, वन्यजीव, घरेलू जानवरों एवं इंसान के स्वास्थ्य के बीच परस्पर निर्भरता पर आधारित एक समन्वित बहुविषयक पहल है। बयान में कहा गया है कि यूएसएेड का ग्लोबल हेल्थ सिक्योरिटी वर्क हाल मे कोविड महामारी से उत्पन्न फासले को दूर करने मे मदद कर रहा है तथा इसके लिए वह किसी बीमारी के खतरे को महामारी का रूप लेने से पहले उसे रोकने, उसका पता लगाने और उसपर कार्वाई करने के विभिन्न देशो की क्षमता को मजबूत बना रहा है। नेपाल में स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम के मार्फत यूएसएेड स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्रालय को वन हेल्थ मंच एवं निगरानी प्रणाली को मजबूत करने के लिए निधि प्रदान करेगा। यूएसएेड विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और खाद्य एवं कृषि संगठन के माध्यम से भी काम करेगा।

### पाकिस्तान में नवंबर में आतंकवादी हमलों में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरीः रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे नवंबर महीने मे आतंकवादी हमलो मे 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इस महीने देश मे 63 आतंकवादी हमले हुए। एक थिंक टैंक की रिपोर्ट मे रविवार को यह जानकारी दी गई। डॉन समाचार पत्र ने पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉनफिलक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) थिंक टैंक के आंकड़ो का हवाला देते हुए बताया कि नवंबर मे 63 आतंकवादी हमलो मे 83 लोगो की मौत हुई, जिनमे सुरक्षा बलो के 37 जवान और 33 आम नागरिक शामिल थे। इस्लामाबाद से संचालित थिंक टैंक के अनुसार, नवंबर मे आतंकवादी हमलो मे 53 आम नागरिको और सुरक्षा बलो के 36 कर्मियो सहित 89 व्यक्ति घायल हुए। अक्टूबर के आंकड़ो की तुलना मे, नवंबर मे आतंकवादी हमलो मे 34 प्रतिशत की वृद्धि, मृतक संख्या मे 63 प्रतिशत की वृद्धि और घायल व्यक्तियों की संख्या मे 89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलो ने नवंबर मे कम से कम 59 आतंकवादियो को मार गिराया और कम से कम 18 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। आंकड़ो के अनुसार, 2023 के पहले 11 महीनो मे 2022 की इसी अवधि की तुलना मे आतंकवादी हमलो मे 81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान घायलो की संख्या मे भी 64 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से नवंबर 2023 तक हुए 599 आतंकवादी हमलो मे कुल 897 लोगो की मौत हुई और।,241 लोग घायल हुए। पाकिस्तान का अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत आतंकवादी हमलो से सबसे अधिक प्रभावित हुआ और वहां 51 हमलो मे 54 लोगो की मौत हुई और 81 लोग घायल हुए। बलूचिस्तान प्रांत मे नौ हमले हुए जिनमे 18 लोगो की मौत हुई। इनमे सुरक्षा बलो के 15 जवान और तीन आम नागरिक शामिल थे।

### क्या होता है ऑक्युलर सिफलिस संक्रमण, जो कई देशों में पसार रहा है पैर

**साउथैंपटन।** अमेरिका के मिशिगन मे आंखो से संबंधित ऑक्युलर सिफलिस संक्रमण के काफी मामले सामने आए है। पांच महिलाएं एक ही यौन साथी की वजह से इस संक्रमण की चपेट मे आई। ऑक्युलर सिफलिस कुल मिलाकर उतना आम नही है, हालांकि संक्रमण के सभी मामलो मे से एक प्रतिशत ऑक्युलर सिफलिस के होने की वजह से ही संभवतः इसकी व्यापकता को कम आंका गया है। ऑक्युलर सिफलिस काफी तेजी से फैलता है। इसके कई रूप होते है और शायद इसी वजह से इसका पता लगाना मुश्किल होता है। हालांकि इसका आसानी से इलाज किया जा सकता है। ऑक्युलर सिफलिस का इलाज नही कराने की वजह से यह वर्षों तक बढ़ सकता है, जिसके चलते विभिन्न अंगो को नुकसान हो सकता है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो यह त्रासदी का रूप ले सकता है। यह आंख के लगभग हर ऊतक को प्रभावित कर सकता है, जिनमे कॉर्निया, आईरिस, ऑर्बिट, पलकें, रेटिना, ऑप्टिक तंत्रिका और श्वेतपटल शामिल है। यह आमतौर पर सूजन के रूप में प्रकट होता है, लेकिन कभी-कभी संक्रमण बहुत सूक्ष्म होता है। यदि सिफलिस का इलाज छोड़ दिया जाए तो अन्य महत्वपूर्ण उपचार योग्य संक्रमण का उपचार भी छूट सकता है। उदाहरण के लिए, एचआईवी संक्रमण सिफलिस के रोगियो मे भी आम है। एचआईवी संक्रमण की वजह से ऑक्युलर सिफलिस तेजी से बढ़ सकता है। नेत्र संबंधी सिफलिस का निदान न होने का मतलब इलाज योग्य बीमारी एचआईवी का निदान न होना भी हो सकता है।

### पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूं : पोप फ्रांसिस

**वेटिकन सिटी।** स्वास्थ्य संबंधी परेशानियो का सामना कर रहे पोप फ्रांसिस लगातार दूसरे रविवार को सेंट पीटर स्क्वायर मे जनता के लिए आयोजित होने वाले अपने लोकप्रिय उपस्थिति कार्यक्रम में शामिल नही हुए। लेकिन टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन मे पोप ने कहा कि वह पहले से बेहतर महसूस कर रहे है, भले ही वह अपने संबोधन की सभी टिप्पणियां जोर से नही पढ़ सके। पोप फ्रांसिस ने वेटिकन होटल से बहुत संक्षिप्त टिप्पणी दी। ईसाईयो के सर्वोच्च धार्मिक गुरु वेटिकन होटल में ही रहा करते है। उन्होंने कहा है कि वह संक्रामक ब्रोंकाइटिस (श्वास संबंधी रोग) से पीड़िति है। सेंट पीटर स्क्वायर पर हजारो लोगो ने बाहर लगी विशाल स्क्रीन से उनके शब्दो का अनुसरण किया। उन्होंने कहा कि वह दुबई मे आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के कामकाज पर दूर से नजर रख रहे है। पोप को सभा को संबोधित करने के लिए शुक्रवार को सीओपी 28 सम्मेलन मे जाना था। पोप फ्रांसिस ने कहा, प्रिय भाइयो और बहनो, शुभ दिन।

## सिंगापुर में कपड़ों की चोरी करने की साजिश रचने के आरोप में दो भारतीयों को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में एक खुदरा स्टोर से एक लाख रुपए से अधिक मूल्य के परिधान चुराने की साजिश रचने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को जेल की सजा सुनाई गई है। ब्रह्मभट्ट कोमल चेतनकुमार (27) और क्रिश्चियन अर्पिता अरविंदभाई (27) को दुकान से कपड़ों की चोरी करने के अपराध में दोषी ठहराया गया है। दोनों ने शुरू में यह दावा किया था कि उनका चोरी करने का कोई इरादा नही था, लेकिन बाद में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया था। दैनिक समाचारपत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के मुताबिक दोनों को क्रमशः 40 और 45 दिनों की जेल की सजा सुनाई गई है। ए दोनों विद्यार्थी थे और चार अन्य भारतीयों के साथ रह रहे थे। इनलोगों ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर दुकान से परिधान चोरी करने की साजिश रची थी। इस साजिश में तीन अन्य भारतीय नागरिक भी शामिल थे, जिनमें से दो ने दुकान से चोरी करने की योजना बनाई और बाकी लोगों को योजना में शामिल कर लिया। इस समूह के चार लोगों को 22 नवंबर को 40 से 65 दिनों तक जेल की सजा सुनाई गई थी।

## पूर्व राष्ट्रपति को यूक्रेन छोड़ने से रोका गया

**कीव।** यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति पेत्रो पोरोशेंको को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से प्रस्तावित मुलाकात के लिए यूक्रेन छोड़ने की इजाज़त नहीं दी गई है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। पोरोशेंको ने शुक्रवार को बताया था की कि संसद से देश छोड़ने की अनुमति मिलने के बावजूद उन्हें सीमा से वापस भेज दिया गया। मार्शल लॉ के तहत यूक्रेन में 18 से 60 साल की उम्र के पुरुषों को बिना विशेष अनुमति के देश छोड़ने पर रोक है। पोरोशेंको (58) 2019 का राष्ट्रपति चुनाव, राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की से हार गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन और पोलैंड के संसदों से मिलने की योजना थी। लेकिन सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने ओर्बन से मिलने पर सहमति जताई थी जिन्होंने पूर्व में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ की थी और यूरोपीय संघ में शामिल होने की यूक्रेन की कोशिश को समर्थन नहीं दिया था।

## इजराइल सेना दक्षिण गाजा की ओर बढ़ी

### और इलाकों को खाली करने का आदेश दिया

भाषा। खान यूनिस



इजराइली सेना ने रविवार को गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस के अंदर और आसपास के और अधिक इलाकों को खाली करने का आदेश दिया। उत्तरी गाजा में हमले करने के बाद अब इजराइली सेना ने दक्षिण गाजा की ओर रुख कर लिया है। सेना का कहना है कि हमास के कई नेता वहां छिपे हुए हैं। इजराइल के जोरदार हवाई और जमीनी अभियान के केंद्र में रहे खान यूनिस और दक्षिणी शहर रफाह के साथ-साथ उत्तर के कुछ हिस्सों में रात भर और रविवार को ताबड़तोड़ बमबारी होने की सूचना मिली है। दो महीने से जारी युद्ध के शुरुआती दिनों में इजराइली बलों ने नागरिकों को उत्तरी गाजा छोड़ने का आदेश दिया था, जिसके बाद क्षेत्र की 23 लाख आबादी में से कई लोग दक्षिण में फंसे हुए हैं। लड़ाई फिर से शुरू होने के बाद एक और अस्थाई संघर्ष विराम को लेकर वार्ता की उम्मीदें कम हो गई हैं। एक सप्ताह का संघर्ष विराम शुक्रवार को समाप्त हो गया था। इस दौरान गाजा में बंधक बनाए गए दर्जनों इजराइलियों व विदेशी नागरिकों और इजरायल द्वारा कैद किए गए फलस्तीनियों को रिहा किया गया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार रात संबोधन में कहा, हम तब तक युद्ध जारी रखेंगे जब तक कि हम इसके सभी लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते। जमीनी कार्वाई के बिना उन लक्ष्यों को हासिल करना असंभव है। रविवार को, इजराइली सेना ने खान यूनिस और उसके आसपास के और इलाकों को खाली करने का निर्देश दिया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इजराइली सेना ने पर्चे बांटकर उन्हें दक्षिण में रफाह या दक्षिण-पश्चिम में एक तटीय क्षेत्र में जाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्चों में लिखा है, खान यूनिस शहर एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र है। खान यूनिस के मुख्य अस्पताल में मौजूद रहे एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार के अनुसार रविवार सुबह शहर के पूर्वी हिस्से में एक आवासीय इमारत पर इजराइली हमला हुआ, जिसके बाद अस्पताल में कम से कम तीन शव और दर्जनों घायलों को लाया गया।

## कीव ने कहाः रूसी सेना ने आत्मसमर्पण कर रहे यूक्रेनी सैनिकों को गोली मार दी

**कीव।** यूक्रेन के अधिकारियों ने रविवार को रूसी सशस्त्र बलो पर आत्मसमर्पण कर रहे यूक्रेनी सैनिको को मार डालने का आरोप लगाया। यदि इसकी पुष्टि होती है तो यह युद्ध अपराध माना जाएगा। दरअसल सोशल मीडिया पर एक फुटेज आया है, जिसमे दिख रहा है कि बंकर से निकल रहे दो सैनिकों को बहुत नजदीक से गोली मारी जा रही है। इस धुंधले वीडियो में दिख रहा है कि डर के मारे ए सैनिक बाहर आ रहे है और वे जमीन पर लेट जा रहे है। उनमे एक ने अपने हाथ ऊपर कर रखे है। उसी बीच कुछ रूसी सैनिक सामने आते है एवं उनपर गोलियां चला देते है। तत्काल इस वीडियो की प्रामणिकता और उस समय की परिस्थिति की पुष्टि करना संभव नही है। वैसे यूक्रेन के सैन्य प्रेस कार्यालय ने अपने ऑनलाइन बयान में कहा कि यह फुटेज असली है। उसके कुछ ही घंटे बाद यूक्रेन के महाभियोजक कार्यालय ने रविवार को इसकी आपराधिक जांच शुरू कर दी। अभियोजक कार्यालय ने रविवार को टेलीग्राम अपडेट मे कहा, वीडियो मे नजर आ रहा है कि रूसी सैनिक काफी करीब से यूक्रेन के सशस्त्र बलो के निहत्थे जवानो पर गोलियां चला रहे है, जबकि ए जवान आत्मसमर्पण कर रहे थे। यूक्रेन, उसके पश्चिमी सहयोगी तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनो ने रूस पर फरवरी, 2022 से यूक्रेन मे पूर्ण युद्ध छेड़ने के समय से ही अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करने का बार-बार आरोप लगाया है।

## फिलीपीन में तेज भूकंप से एक महिला की मौत, सुनामी की चेतावनी जारी

**मनीला।**दक्षिणी फिलीपीन मे तेज भूकंप के कारण एक महिला की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी किए जाने के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर भागे। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार रात आए भूकंप की तीव्रता 7.6 थी और इसका केंद्र 32 किलोमीटर की गहराई मे था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि उसे दक्षिणी फिलीपीन और इंडोनेशिया, पलाऊ और मलेशिया के कुछ हिस्सों में सुनामी आने की आशंका है, लेकिन बाद में इसने सुनामी की चेतावनी को वापस ले लिया।फिलीपीन के दावाओ डेल नॉर्ट प्रांत के टैगम शहर के आपदा-शमन प्रमुख शील्डन इसिडोरो ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि भूकंप के चलते शहर में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई।

## पेरिस में राहगीरों पर हमला करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**पेरिस।** फ्रांस की पुलिस ने पेरिस मे शनिवार रात राहगीरो को निशाना बनाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना मे आरोपी ने जर्मनी के एक पर्यटक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी और दो अन्य घायल हुए थे। फ्रांस के गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। पुलिस ने 25 वर्षीय फ्रांसीसी व्यक्ति को पकड़ लिया। आरोपी इससे पूर्व भी हिंसक अपराध के लिए चार साल जेल की सजा काट चुका है। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड दार्मेनिन ने कहा कि अपनी गिरफ्तारी के बाद उसने विशेष रूप से फलस्तीनी क्षेत्रों में मुसलमानों के मरने पर दुख व्यक्त किया और दावा किया कि फ्रांस एक सहयोगी था। दार्मेनिन ने बताया कि हमलावर ने अल्लाहु अकबर के नारे भी लगाए। दार्मेनिन ने संवाददाताओं से कहा, व्यक्ति दूसरों को मारने के लिए तैयार था। हमलावर चाकू लेकर एक जर्मन जोड़े के पीछे भागा। घटना में उनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद उसने दो अन्य लोगों को हथौड़े से हमला करके घायल कर दिया।

## बम धमाके में चार की मौत के लिए फिलीपीन ने विदेशी आतंकियों को जिम्मेदार बताया



*मनीला।* फिलीपीन के राष्ट्रपति ने देश के दक्षिण में रविवार को एक बम धमाके के लिए विदेशी आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया। इस धमाके में चार कैथोलिक उपासकों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए थे। धमाके की वजह से राजधानी मनीला समेत अन्य जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दक्षिणी मारावी शहर की मिंडानाओं स्टेट यूनिवर्सिटी के जिमनेजियम में एक प्रार्थना में शामिल हुए छात्र और शिक्षक एक संदिग्ध बम धमाके में हताहत हो गए। सरकारी परिसर के सुरक्षा प्रमुख ताहा मंदानगन ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर यह जानकारी दी। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। क्षेत्रीय सैन्य कमांडर मेजर जनरल गेब्रियल विराय तृतीय ने कहा कि विस्फोट में चार लोग मारे गए, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 50 अन्य को इलाज के लिए दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने एक बयान में कहा, मैं मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में विदेशी आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे जघन्य कृत्य की कठोरतम शब्दों में निंदा करता हूं। निर्दोषों के खिलाफ हिंसा करने वाले चरमपंथियों को हमेशा हमारे समाज के लिए दुश्मन माना जाएगा। मार्कोस ने यह नहीं बताया कि उन्होंने हाई-प्रोफाइल बमबारी के लिए तुरंत विदेशी आतंकवादियों को क्यों दोषी ठहराया। रक्षा सचिव गिल्बर्टो टेओडोरो जूनियर ने बाद में एक संवाददाता सम्मेलन में बिना ज्यादा विवरण दिए बताया कि बमबारी में विदेशी तत्व का एक हाथ होने का मजबूत संकेत है।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में दिल का दौरा पड़ने से भारतीय सिख श्रद्धालु की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में करीब 70 वर्षीय एक भारतीय सिख श्रद्धालु की हृदय दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों की देखभाल करने वाले इवैक्यू ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार शाम को सरदार प्रीतम सिंह ने सीने में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उन्हें लाहौर के पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलोजी ले जाया गया लेकिन डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके।उन्होंने बताया कि सिंह के शव को वाघा बार्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सौंप दिया गया जहां उनकी पत्नी भी मौजूद थीं।फिलहाल 2,500 से अधिक भारतीय सिख गुरू नानक देव के जयंती समारोह के सिलसिले में पाकिस्तान में हैं।कुछ दिन पहले यहां पुलिस की वर्दी में आए लुटेरों ने एक भारतीय सिख परिवार को लूट लिया था।पुलिस के अनुसार गुरू नानक देव के जयंती समारोह में भाग लेने के लिए भारत से कंवल जीत सिंह और उनके परिवार के सदस्य यहां आए थे और वे बुधवार को गुलबर्ग इलाके में लिबर्टी बाजार गए थे। पुलिस प्रवक्ता एहतेशाम हैदर ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब यह सिख परिवार एक दुकान से बाहर आया तब पुलिस वर्दी में आए दो लुटेरों ने उन्हें रोका और बंदूक का भय दिखाकर उनसे नकदी एवं गहने लूट लिए। ंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने पंजाब पुलिस को 48 घंटे के अंदर अपराधियों को पकड़ने का आदेश दिया। लेकिन इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है।

## पेट भरने के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचारों की आवश्यकता

भाषा। नोट्रे डेम (अमेरिका),



साल 2023 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन में खाद्य पदार्थों और कृषि को केंद्र में रखा गया और इस पर चर्चा की गई। इस सम्मेलन में एक दिसंबर को 130 से अधिक देशों ने एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए और सभी देशों ने अपनी खाद्य प्रणालियों – उत्पादन से उपभोग तक के सब चरणों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राष्ट्रीय रणनीतियों का केंद्र बिंदु बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह घोषणापत्र जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने और कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ठोस कार्वाइयों के बारे में नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करता है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अत्यधिक गर्मी पड़ने और तूफान के कारण वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृखंला को व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। अत्यधिक गर्मी और तूफान भी जलवायु परिवर्तन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं, जो मानव गतिविधियों से होने वाले सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के एक तिहाई के लिए जिम्मेदार है। यही कारण है कि जलवायु को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली चर्चाओं में कृषि नवाचार को तेजी से महत्व दिया जा रहा है। वर्तमान में, कृषि उत्पादन दुनिया के आठ अरब लोगों के लिए पर्याप्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराता है, हालांकि कई लोगों की इस तक पर्याप्त पहुंच नहीं है। लेकिन वर्ष 2050 में दुनिया की 10 अरब की आबादी के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए कृषि भूमि को 2010 की तुलना में 6,60,000 से बढ़ाकर 12 लाख वर्ग मील तक विस्तारित करने की आवश्यकता होगी। इससे वनों की अधिक कटाई होगी, जो जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण है। इसके अलावा, पर्याप्त खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने के लिए व्यापक रूप से कृत्रिम उर्वरकों का इस्तेमाल भी बढ़ाना होगा, जो जलवायु परिवर्तन की एक वजह है। वैकल्पिक समाधानों के बिना केवल वनों की कटाई और इन प्रथाओं को समाप्त करने से दुनिया की खाद्य आपूर्ति और किसानों की आय में कमी आएगी। सौभाग्य से, कृषि क्षेत्र में ऐसे नवाचार उभर रहे हैं जो खाद्य पदार्थों का उत्पादन बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री माइकल क्रेमर द्वारा स्थापित जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा एवं कृषि के लिए नवाचार आयोग की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए प्राथमिकता वाले सात क्षेत्रों की पहचान की गई है, जो पर्याप्त खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करने, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और लाखों लोगों तक खाद्य पदार्थों की पहुंच को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। मैं एक कृषि अर्थशास्त्री और आयोग का कार्यकारी निदेशक हूं। कृषि क्षेत्र में तीन नवाचार विशेष रूप से तेजी से उत्पादन बढ़ाने और आर्थिक रूप से फायदा पहुंचाने की अपनी क्षमता के लिए विशिष्ट हैं।

### सीओपी28 : जलवायु रक्षा और बढ़ती आबादी का असर

### सटीक –सुलभ मौसम पूर्वानुमान

मौसम संबंधी अप्रत्याशित घटनाओ के कारण फसलें तेजी से कमजोर हो रही है और किसान इस समस्या से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे है, इसलिए सटीक मौसम पूर्वानुमान महत्वपूर्ण है। रोपण, सिंचाई, खाद और कटाई के बारे मे रणनीतिक निर्णय लेने के लिए किसानो को यह जानने की जरूरत है कि आने वाले और एक निश्चित समय अवधि के दौरान किस प्रकार का मौसम होगा। फिर भी कई निम्न और मध्यम आय वाले देशो मे किसानो के लिए सटीक, विस्तृत मौसम पूर्वानुमान तक पहुंच दुर्लभ है। हमारे आकलन से पता चलता है कि मौसम संबंधी आंकड़े एकत्र करने और पूर्वानुमानो को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए प्रौद्योगिकी मे निवेश करना - जैसे कि रेडियो, संदेश या व्हाट्सएप्प के माध्यम से - अर्थव्यवस्थाओ के लिए कई गुना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए, मौसमी मानसून वर्षा के कुल राज्य-स्तरीय पूर्वानुमानों से भारतीय किसानो को बुआई और रोपण के सही समय को जानने मे मदद मिलेगी। इससे भारतीय कृषि क्षेत्र को 50 लाख डॉलर खर्च कर तीन अरब डॉलर का लाभ हो सकता है।





चुनाव के नतीजे का बाद निराश कांग्रेस के नेता सुरजेवाला, कमलनाथ, दिग्विजय, राज्यपाल को इस्तीफा देते भूपेश बघेल व पत्रकारों को प्रतिक्रिया देते स्टालिन व अन्य

## क्विक न्यूज

### राजस्थान में आक्या सहित आठ निर्दलीय उम्मीदवार जीते

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के चार बागियो सहित कुल आठ निर्दलीय उम्मीदवारो ने जीत दर्ज की है। भाजपा के बागी चंद्रभान आक्या चित्तौड़गढ़ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीते हैं। भाजपा ने चित्तौड़गढ़ से आक्या का टिकट काटकर पूर्व उपराष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत के दामाद नरपत सिंह राजवी को उम्मीदवार बनाया था। चित्तौड़गढ़ से मौजूदा विधायक आक्या ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के सुरेंद्र सिंह को 6,823 वोटो के अंतर से हराया। पांच बार विधायक रहे राजवी तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा ने राजवी को उनकी विद्याधर नगर सीट की जगह चित्तौड़गढ़ भेजा था। विद्याधर नगर सीट पर पार्टी ने सांसद दीया कुमारी को उतारा था। भाजपा के बागी रविंद्र सिंह भाटी ने शिव विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागी और निर्दलीय उम्मीदवार फतेह खान को 3,950 वोटो के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी और मौजूदा विधायक अमीन खान तीसरे स्थान पर रहे। शिव में भाजपा के स्वरूप सिंह खारा चौथे स्थान पर रहे। इसी तरह डीडवाना सीट पर पूर्व मंत्री यूनुस खान 92,392 वोटो से जीते। यहां कांग्रेस प्रत्याशी चेतन सिंह चौधरी दूसरे और भाजपा के जितेंद्र सिंह तीसरे स्थान पर रहे। यूनुस खान को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का करीबी माना जाता है।

### जीतने वाले सांसदों को विधानसभा और संसद सदस्यता में से किसी एक का चयन करना होगाः विशेषज्ञ

नई दिल्ली। राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने वाले कई सांसदो को अगले 14 दिन मे विधानसभा और संसद सदस्यता मे से एक का चयन करना होगा, नही तो वे अपनी संसद सदस्यता खो देंगे। एक विशेषज्ञ ने संविधान के प्रावधानो का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव मे केंद्रीय मंत्रियो नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 21 सांसदो को चुनाव मैदान मे उतारा था। भाजपा ने राजस्थान और मध्य प्रदेश मे सात-सात, छत्तीसगढ़ मे चार और तेलंगाना मे तीन सांसदो को विधानसभा चुनाव मे उम्मीदवार बनाया था। भाजपा के 12 सांसद जीत गए है जबकि नौ को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने सांसद ए. रेवंत रेड्डी और उत्तम कुमार रेड्डी को भी मैदान मे उतारा था, दोनों ने तेलंगाना मे जीत हासिल की है। विधानसभा चुनाव जीतने वाले सांसदो को अगले 14 दिन मे इनमे से(विधानसभा सदस्यता और संसद सदस्यता) एक का चयन करना होगा। संविधान विशेषज्ञ एवं लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी. आचारी ने संविधान के अनुच्छेद 101 के तहत 1950 में राष्ट्रपति द्वारा जारी एक साथ दो सदनो की सदस्यता का प्रतिषेध संबंधी नियम का हवाला देते हुए कहा, यदि वे ऐसा नही करते है, तो 14 दिन की अवधि समाप्त होने पर वे संसद की सदस्यता खो देंगे। हालांकि, वे राज्य विधानसभा के सदस्य बने रह सकते हैं।

### तेलंगाना के चुनाव नतीजे आने के बाद केटीआर ने उड़ाया खुद का मजाक, सोशल मीडिया पर हंसी-मजाक

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनावो के परिणाम सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर हंसी-मजाक, कटाक्ष और व्यंग्य का सिलसिला शुरू हो गया। तेलंगाना के निवर्तमान मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के बेटे के.टी. रामा राव ने राज्य के चुनाव मे कांग्रेस से अपनी पार्टी बीआरएस की हार के बाद अपनी एक दिन पुरानी पोस्ट साझा करते हुए खुद पर कटाक्ष किया। रामा राव ने एक्स पर पिस्तौल से निशाना साधते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की थी और लिखा थाः हट्रिकि लोडिंग 3.0। जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए दोस्तों। जैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि तेलंगाना में कांग्रेस जीत रही है, रामा राव ने अपने ही पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा,निशाना चूक गया। इससे पहले, तेलंगाना कांग्रेस ने एक्स पर पिस्तौल के साथ रामाराव की तस्वीर साझा करते हुए कटाक्ष किया, क्या आप कार के टायरों को निशाना बना रहे थे? मतगणना शुरू होने से पहले अपनी पार्टी की जीत का दावा कर रहे कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला पर निशाना साधते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, श्रीमान, कांग्रेस ने कितनी मिठाई बनवाई थी? कृपया उस सब की सूची तैयार करें, भोजन बर्बाद नही होना चाहिए।

### कांग्रेस नेता उदित राज ने तीन राज्य के चुनावों में मिली हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों मे पार्टी की हार का ठीकरा इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फोड़ते हुए रविवार को कहा कि इस तरह के नतीजो की उम्मीद नही थी।उन्होने एक्स पर कहा, जरूर ईवीएम मे कुछ हुआ है वरना ऐसे नतीजो की उम्मीद नही थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और कांग्रेस के दलित नेता उदित राज ने कहा, आज के चुनाव परिणाम के बाद लगता है जनतंत्र और संविधान का बचना मुश्किल है। उदित राज की यह प्रतिक्रिया राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के उस बयान के बाद आई है, जिसमे पवार ने कहा था कि उन्हें हैरानी नही होगी अगर विधानसभा चुनाव के नतीजो के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया ईवीएम को जिम्मेदार ठहराने लगे।पवार ने कहा, मुझे हैरानी नही होगी अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया के लोग नतीजो के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दें।

### मप्र, राजस्थान, तेलंगाना में एक फीसदी से भी कम मतदाताओं ने नोटा चुनाअ छत्तीसगढ़ में 1.26 फीसदी ने

**नई दिल्ली।** रविवार को जिन चार राज्यों मे मतगणना हो रही है, उनके आंकड़ों से यह प्रदर्शित होता है कि इनमे से तीन प्रदेशो मे एक प्रतिशत से भी कम मतदाताओ ने हाल मे संपन्न हुए विधानसभा चुनावो में उपरोक्त मे से कोई नही (नोटा) का विकल्प चुना। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से यह जानकारी मिली। विधानसभा चुनाव पांच राज्यों मे कराए गए है और मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ तथा तेलंगाना मे मतगणना रविवार को हुई, जबकि मिजोरम मे मतगणना सोमवार को होगी। मध्य प्रदेश में, हुए 77.15 प्रतिशत मतदान मे से 0.98 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में, 1.26 प्रतिशत मतदाताओं ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर नोटा का बटन दबाया। तेलंगाना में, 0.73 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। राज्य में 71.14 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसी तरह, राजस्थान में 0.96 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना। राज्य मे 74.62 प्रतिशत मतदान हुआ। नोटा विकल्प पर पीटीआई-भाषा से बात करते हुए कंज्यूमर डेटा इंटेलीजेंस कंपनी एक्सिस माय इंडिया के प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नोटा का इस्तेमाल .01 प्रतिशत से लेकर अधिकतम दो प्रतिशत तक किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई नई चीज शुरू की जाती है तो इसकी प्रभावकारिता इसके नतीजे पर निर्भर करती है। उन्होने कहा, मैने सरकार को इस बारे मे पत्र लिखा था कि अगर नोटा को सही मायने मे प्रभावी बनाना है, तो अधिकतम संख्या में लोगो द्वारा इसका (नोटा का)बटन दबाए जाने पर नोटा को विजेता घोषित किया जाना चाहिए।

### मप्र विस चुनावः मोदी और चौहान की लोकप्रियता, बूथ-स्तरीय प्रभावी रणनीति से भाजपा को मिली सफलता

**नई दिल्ली।** बूथ-स्तरीय प्रभावी रणनीति, मजबूत संगठनात्मक प्रयास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता जैसे प्रमुख कारकों की वजह से मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव मे भाजपा के पक्ष में माहौल बना। पार्टी नेताओं ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान जनता, विशेषकर महिलाओ और युवाओ के बीच मामा के रूप मे बेहद लोकप्रिय है, जबकि एमपी के मन में मोदी अभियान ने भी राज्य में भाजपा के लिए समर्थन मजबूत करने में मदद की। मतगणना के परिणामों और रुझानों के अनुसार, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस पर जोरदार जीत के साथ मध्य प्रदेश में सत्ता बरकरार रखने की ओर तेजी से बढ़ रही है।पार्टी सूत्रों ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा को जिन चुनौतियो का सामना करना पड़ा, उनमें से एक चुनौती आंतरिक गुटबाजी और कार्यकर्ताओं के हतोत्साहित होने की थी। सूत्रों ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक स्तर पर एकजुट होकर प्रयास करने और भाजपा को सत्ता मे फिर से लाने के उद्देश्य के लिए काम करने को कहा गया था। एक सूत्र ने कहा, केंद्रीय नेतृत्व द्वारा राज्य के लिए तैनात किए गए नेताओं ने पार्टी के भीतर विभिन्न समूहों को एक साथ लाने और अपने जबरदस्त संगठनात्मक कौशल से कार्यकर्ताओ को प्रेरित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक सूत्र ने कहा, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) शिव प्रकाश सहित केंद्रीय नेतृत्व द्वारा राज्य के लिए तैनात किए गए नेताओं ने पार्टी के भीतर विभिन्न समूहो को एक साथ लाने और अपने जबरदस्त संगठनात्मक कौशल से कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नतीजे दिखाते हैं हिंदी पट्टी में कायम है मोदी का जादू

**भाषा।** नई दिल्ली

**रविवार को आए विधानसभा** चुनाव नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील और शासन के मुद्दे पर केंद्रित भारतीय जनता पार्टी की रणनीति का स्पष्ट समर्थन करते नजर आए, जिससे हिंदी पट्टी में फिर से पैठ बनाने की कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। ऐसे में इस धारणा को भी बल मिला है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार सत्ताधारी दल जनता की पहली पसंद बन सकता है। भाजपा ने मुख्यमंत्री पद के लिए किसी चेहरे को आगे न करने की रणनीति अपनाई थी और मोदी सरकार के काम को मुख्य रूप से केंद्र में रखते हुए अभियान चलाया। इसे लेकर हालांकि कुछ हलकों में आशंका भी थी, क्योंकि पांच राज्यों के यह चुनाव कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद हो रहे थे, जहां भाजपा की यह रणनीति कारगर नहीं साबित हुई थी। कर्नाटक में बड़ी जीत ने कांग्रेस की उम्मीदों को हवा दे दी थी कि आखिरकार उसे स्थानीय नेतृत्व और कल्याणकारी योजनाओं के जरिए भाजपा की चुनावी सफलता की काट मिल गई है, लेकिन रविवार के फैसले से यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी का जादू अब भी कायम है। भाजपा के घोषणा-पत्र से लेकर प्रचार अभियान तक सबकुछ मोदी के इर्द-गिर्द घूमता नजर आया। घोषणा-पत्र में जहां मोदी



की गारंटी का जिक्र था, तो वहीं कल्याण और विकास के वादों को पूरा करने के लिए जनता का समर्थन हासिल करने के लिए मिजोरम को छोड़कर शेष चुनावी राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी ने घूम-धूम कर प्रचार किया। चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने राजस्थान और मध्य प्रदेश में 14-14 और छत्तीसगढ़ में पांच रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने राजस्थान में दो और मध्य प्रदेश में एक बड़ा रोड शो किया, इसके साथ ही कई रैली स्थलों पर पहुंचने के लिए वह समर्थकों की भीड़ के बीच से होते हुए पहुंचे। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पार्टी की जीत ने उसके कुछ नेताओं को भी चौंका दिया, क्योंकि ज्यादातर एग्जिट पोल ने पूर्व में कांग्रेस को बढ़त दी थी और बाद में उनके पूर्वानुमान मिले-जुले थे। पार्टी नेताओं ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के साथ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तैयार किया गया प्रचार अभियान भी कारगर रहा। भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाया और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मतदाताओं के कुछ वर्गों में कथित उदासीनता का मुकाबला गहन जमीनी काम और केंद्रीय मंत्रियों सहित कई क्षेत्रीय क्षत्रपों और सांसदों को चुनाव मैदान में उतारकर किया। चौहान हालांकि अपनी सरकार की योजनाओं, विशेषकर लाडली बहना योजना के इर्द-गिर्द अपना अभियान चलाकर और मतदाताओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाकर विरोधियों पर बढ़त बनाने में सफल रहे। उन्होंने खुद को लोगों के मामा के रूप में पेश किया और अधिकांश का मानना है कि रणनीति काम कर गई, खासकर एक मिलनसार और आम आदमी की उनकी छवि कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के चेहरे कमलनाथ के विपरीत थी, जिन्हें आलोचकों ने अहंकारी और टीम को साथ लेकर नहीं चलने वाला माना। तीन हिंदी भाषी राज्यों में कांग्रेस की हार से भाजपा को विशेष रूप से खुशी होगी, क्योंकि विपक्षी दल, खासकर उसके नेता राहुल गांधी द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं तक पहुंचने के लिए जातिगत जनगणना के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। कभी लोकलुभावन वादे करने को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधने वाली भाजपा हालांकि बाद में इस रणनीति पर कांग्रेस को टक्कर देती दिखी और बड़े वादे करने में पीछे नहीं रही।

### विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद राहुल गांधी समझ गए होंगे कि पनौती कौन है : विजयवर्गीय

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान मे भाजपा की प्रचंड जीत के बाद राहुल गांधी और उनकी पार्टी को शायद समझ मे आ गया होगा कि देश मे पनौती कौन है। गांधी ने क्रिकेट विश्व कप मे भारत की हार के बाद राजस्थान मे अपने चुनावी भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया था। भारतीय टीम क्रिकेट विश्वकप मे लगातार 10 मैच मे जीत हासिल करने के बाद फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार गई थी। इस मैच को देखने प्रधानमंत्री भी गए थे। विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री को लेकर गांधी की पनौती वाली टिप्पणी का जिक्र करते हुए इंदौर में संवाददाताओ से कहा, मैने पहले ही आपसे (मीडिया) कहा था कि जिन लोगो के पास संस्कार नही होते, वे पनौती जैसे शब्दो का इस्तेमाल करते है। जनता ने (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के) चुनावी नतीजो के जरिए इन लोगो को जवाब दे दिया है। इस देश मे पनौती कौन है, यह बात इस शब्द का इस्तेमाल करने वाले नेता और उनकी पार्टी शायद समझ गई होगी। भाजपा महासचिव ने यह भी कहा,मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ मे हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के कारण विधानसभा चुनाव जीते है। हम आने वाले लोकसभा चुनावो मे 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। क्या मध्यप्रदेश मे जीत का श्रेय राज्य सरकार की लाडली बहना योजना को जाता है, इस सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि कुछ दरबारी पत्रकार इस बात को स्थापित करने में लगे है।

### चुनाव परिणाम लोगों के साथ मोदी के अटूट जुड़ाव का सबूत हैः ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि तीन राज्यो मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अटूट जुड़ाव का साक्ष्य है।सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा कि मतदाताओं ने कांग्रेस एवं उसकी गारंटी को पूरी तरह खारिज कर दिया है तथा भाजपा के सुशासन, विकास एवं कल्याणकारी राजनीति पर भरोसा जताया है।उन्होंने कहा, ए जीत मोदीजी के नेतृत्व और भाजपा मे लोगो के लगातार बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। यह जनता के अपने प्रिय प्रधानमंत्री और उनकी सुशासन, विकास एवं गरीब कल्याण की राजनीति के साथ अटूट जुड़ाव को दर्शाता है।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा के हैट्रिक की गारंटीः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों को आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हैट्रिक की गारंटी करार करार दिया और कांग्रेस सहित अन्य सभी विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि चार में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि यह नतीजा उन ताकतों को भी चेतावनी है, जो प्रगति और जन कल्याण की राजनीति के खिलाफ खड़े रहते हैं तथा कांग्रेस और उसके साथी विकास का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, देश की सफलता की गारंटी बनेगी, ये भी मोदी की गारंटी है। आपको एक और बात याद रखनी है- जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है, वहां से मोदी की गारंटी शुरु होती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कि केंद्र की विभिन्न योजनाओं का विरोध करने के लिए कांग्रेस और उसके साथी भ्रष्टाचार में लग जाते हैं और गरीबों तक उन्हें पहुंचने में रुकावट डालने की कोशिश करते हैं। उन्होंने

**● कहा-ये परिणाम कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लिए सबक है कि कुछ परिवारवादियों के एक मंच पर आ जाने से देश का भरोसा नहीं जीता जा सकता**

कहा कि ऐसी सभी पार्टियों को आज गरीबों ने चेतावनी दी है कि सुधर जाइए। सुधर जाइए वरना जनता आपको चुन-चुन करके साफ कर देगी। सबक यह भी है कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं और उनके लिए भेजे जा रहे फंड के बीच में आने की कोशिश मत करो। जो बीच में आएगा, जनता उसे हटा देगी। कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र के हित में उसे सलाह दी की वह ऐसी राजनीति ना करे, जो देश विरोधी ताकतों को बल दे, देश को बांटने की चाह रखने वालों को मजबूती दे और देश को कमजोर करने वाले विचारों को गति दे। भारत माता की जय के नारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मोदी ने चुनावी नतीजों को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व करार दिया और कहा कि ये चुनाव



नतीजे घमंडिया गठबंधन के लिए भी बहुत बड़ा सबक हैं। उन्होंने कहा, सबक ये है कि सिर्फ कुछ परिवारवादियों के मंच पर एक साथ आ जाने से देश का भरोसा नहीं जीता जा सकता। देश की जनता का दिल जीतने के लिए राष्ट्रसेवा का जो जज्बा होना चाहिए, वो घमंडिया गठबंधन में नहीं है। गाली-गलौज, निराशा और नकारात्मकता फैलाने वाले इस घमंडिया गठबंधन को मीडिया की हेडलाइंस में जगह मिल सकती है, लेकिन जनता के दिल में स्थान नहीं दिला सकता। उन्होंने कहा, आज की इस हैट्रिक ने 2024 की हैट्रिक गारंटी दे दी है। ज्ञात हो कि 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं। मोदी ने कहा कि आज के जनादेश ने यह भी साबित किया है कि भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद को लेकर देश के हर नागरिक के दिल में जीरो टॉलरेंस बन रही है। उन्होंने कहा, आज देश को लगता है कि इन तीन बुराइयों को खत्म करने में अगर कोई प्रभावी है, तो वह भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ रखा है, उसे भारी जन समर्थन मिल रहा है और यह उन दलों व नेताओं को मतदाताओं की ओर से साफ चेतावनी है, जो भ्रष्टाचारियों के साथ खड़े होने में जरा भी शर्म का अनुभव नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, उन लोगों को देश की जनता ने आज साफ-साफ संदेश दे दिया है। ऐसे लोग भांति-भांति के तर्कों से भ्रष्टाचारियों को कवच देते हैं। ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार करने वाली जांच एजेंसियों को बदनाम करने में दिन-रात जुटे हुए हैं, वह समझ जाएं कि यह चुनाव नतीजे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भी जन समर्थन है। मोदी ने कहा कि आज सबका साथ, सबका विकास की भावना, विकसित भारत के आह्वान, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, वंचितों को वरीयता के विचार और भारत के विकास के लिए राज्यों के विकास के सोच की जीत हुई है। उन्होंने कहा, आज ईमानदारी, पारदर्शिता और सुशासन की जीत हुई है। सभी चुनावी राज्यों के मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के लोगों ने भाजपा पर भरपूर विश्वास दिखाया है, तो तेलंगाना में भी भाजपा के प्रति समर्थन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में भाजपा ने मतदाताओं से जो वादे किए हैं, उन्हें शत-प्रतिशत पूरा करेगी। उन्होंने कहा, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीनों राज्यों में महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों ने बढ़-चढ़कर भाजपा को समर्थन दिया है। उन्होंने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिश हुई। उन्होंने कहा, लेकिन मैं लगातार कहता रहा हूं कि मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं। मैं जब इन जातियों की बात करता हूं, तो इसमें हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार हैं। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है।

### सनातन के दुश्मनों ने खुद को नष्ट कर लियाः विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने तीन राज्यों में कांग्रेस को मिली चुनावी हार के बाद रविवार को कहा कि जो लोग सनातन धर्म को नष्ट करने निकले थे, उन्होने खुद को नष्ट कर लिया।विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के स्पष्ट संदर्भ मे एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जो लोग सनातन को नष्ट करने निकले थे, उन्हे आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा...उउ आशा है मतों के लिए भटके और तुष्टीकरण मे फंसे इन लोगो को अब सनातन की ताकत समझ आएगी?

### तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जनसेना पार्टी के आठों प्रत्याशियों की जमानत जब्त

**हैदराबाद।** अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण की अगुवाई वाली जनसेना पार्टी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव मे आठ सीटो पर उम्मीदवार उतारे थे और सभी सीटो पर उसके प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। केवल कुकटपल्ले विधानसभा क्षेत्र मे वह कुछ मुकाबले मे दिखी लेकिन वहां भी वह तीसरे स्थान पर रही।पार्टी ने कुकटपल्ले, खम्मम, कोठागुडुम, वरया, अश्वरावपेटा, कोडाड, नागरकुरनुल और तंदूर सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था।उसने अपने राजग सहयोगी भाजपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। अभिनेता कल्याण तेलंगाना के मतदाताओं पर अपना जादू नही चला पाए।

### स्टालिन ने विधानसभा चुनाव में जीत पर कांग्रेस, भाजपा को बधाई दी

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने रविवार को कांग्रेस पार्टी को तेलंगाना मे जीत और भाजपा को राजस्थान सहित तीन राज्यो मे विजई होने के लिए बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट मे स्टालिन ने कहा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों में विजेता दलो को बधाईउ उन्हे सभी वर्गो के लोगो के लिए सकारात्मक बदलाव, प्रगति और समृद्धि से भरे कार्यकाल की शुभकामनाएं।द्रमुक विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की प्रमुख सहयोगी है।

### छत्तीसगढ. :बघेल ने इस्तीफा सौंपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस को मिली हार के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया ।

# तेलंगाना चुनावः केसीआर मंत्रिमंडल के छह मंत्री हारे, विस अध्यक्ष जीते

**भाषा।** हैदराबाद

तेलंगाना विधानसभा चुनाव में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के छह मंत्रियों को भी हार का सामना करना पड़ा।पराजित मंत्री एर्बेली दयाकर राव, पुव्वाडा अजय कुमार, इंद्रकरण रेड्डी, श्रीनिवास गौड, कोप्पुला ईश्वर और एस निरंजन रेड्डी हैं। विधानसभा अध्यक्ष पोचारम श्रीनिवास रेड्डी ने बांसवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से अपने निकटतम कांग्रेसी प्रतिद्वंद्वी ई. श्रीनिवास रेड्डी पर 23,464 मतों के अंतर से जीत हासिल की। पालकुर्थी में कांग्रेस की यशस्विनी ममीडाला ने दयाकर राव को 47,000 से अधिक वोटों से हराया, जबकि निर्मल में भाजपा के अल्लेटी महेश्वर रेड्डी ने इंद्रकरण रेड्डी को 50,000 से अधिक वोटों से शिकस्त दी। कोप्पुला ईश्वर को धर्मपुरी में कांग्रेस के ए. लक्ष्मण कुमार ने 22,000 से अधिक वोटों से हराया, जबकि निरंजन रेड्डी वानापर्थी में मेघा रेड्डी तुडी से 25,000 से अधिक वोटों से हार गए। अजय कुमार कांग्रेस के तुम्मला नागेश्वर राव से 48,000 से अधिक वोटों से हार गए, जबकि श्रीनिवास गौड को कांग्रेस के एन्नम श्रीनिवास रेड्डी ने लगभग 19,000 मतों से हराया।

### शिवराज कैबिनेट के 10 से ज्यादा मंत्री हार गए

**भोपाल,।** मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दो तिहाई बहुमत मिल गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रदेश की 230 विधानसभा सीट में से भाजपा के उम्मीदवार 159 सीट जीत चुके है जबकि चार सीट पर आगे चल रहे हैं। वही कांग्रेस ने अब तक 63 सीट पर जीत दर्ज की है और वह तीन सीट पर आगे चल रही है।भाजपा मध्य प्रदेश मे सत्ता बरकरार रखने के साथ ही अपने विधायकों की संख्या बढ़ाने मे सफल रही जबकि शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के 10 से अधिक मौजूदा मंत्री पराजित हो गए हैं। जिन अन्य प्रमुख मंत्रियो को हार का सामना करना पड़ा उनमें अटेर से अरविंद भदोरिया, हरदा से कमल पटेल और बालाघाट से गौरीशंकर बिसेन शामिल है।

# मोदी को युगपुरुष बताने को सही ठहराया धनखड़ ने

**भाषा।** मुंबई

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की तारीफ में उनके लिए युगपुरुष शब्द के इस्तेमाल पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर इसका इस्तेमाल किया और इस मसले पर वह पीछे नहीं हटेंगे। मुंबई में पिछले महीने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने महात्मा गांधी को पिछली सदी का महापुरुष बताया था, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस सदी का युगपुरुष कहा था, जिसकी कुछ हलकों से आलोचना हुई थी। रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने इस शब्द के इस्तेमाल का बचाव किया। उन्होंने कहा, मैं पीछे नहीं हटा हूं। बहुत सचेत होकर मैंने मुंबई में एक समारोह में हमारे प्रधानमंत्री को युगपुरुष कहा था। आप युवा लड़के-लड़कियां, विश्लेषण करें, सार्वजनिक डोमेन पर जाएं और उन विशेषताओं का पता लगाएं, जिनके लिए हम युगपुरुष शब्द का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, आखिरकार, किसी विशेष समय पर एक युगपुरुष को होना ही होगा[8230] भारत से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। एक व्यक्ति जिसने हमारी लड़कियों के जीवन को बदल दिया और क्रांतिकारी बदलाव लाया... बैंकिंग समावेशन क्रांति की कल्पना करें... किसी ने कभी इसके बारे में नहीं सोचा था।

# अंतिम टी-20 में भारत ने मारी बाजी

- ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हराया
- श्रृंखला 4-1 से जीती

भाषा। बेंगलुरु



**भारत ने** रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को छह रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीती। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 160 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 8 विकेट पर 154 रन ही बना पाई। इससे पहले श्रेयस अय्यर के अर्धशतक की मदद से भारत ने चिन्नास्वामी स्टेडियम की धीमी पिच पर नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट पर 160 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने कसी गेंदबाजी करके भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अय्यर ने 37 गेंद पर 53 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अक्षर पटेल ने 21 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 31 रन का उपयोगी योगदान दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पावरप्ले के छह ओवर में 42 रन बनाए और इस बीच चार गेंद के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (15 गेंद पर 21) और रुतुराज गायकवाड (12 गेंद पर 10) के विकेट गंवाए।जायसवाल ने आरोन हार्डी और जेसन बेहरनडॉर्फ (38 रन देकर दो विकेट) पर छक्के लगाए लेकिन पिछले कुछ मैचों की तरह एक और लंबा शॉट खेलने के प्रयास में उन्होंने गेंद हवा में लहराकर पवेलियन की राह पकड़ी। गायकवाड भी सही टाइमिंग से बड़ा शॉट नहीं खेल पाए और मिड ऑफ पर कैच दे बैठे। बेन ड्वारशिस (30 रन देकर दो विकेट) ने गायकवाड को आउट करने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (05) को भी पवेलियन भेजा, जो शुरू में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा पाए।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी:** यशस्वी जायसवाल का एलिस बो बेहरनडोर्फ 21, गायकवाड़ का बेहरनडोर्फ बो ड्वारशुइस 10,अय्यर बो एलिस 53, यादव का मैकडरमॉट बो ड्वारशुइस 05,रिंकू का डेविड बो संघा 06,जितेश का शॉर्ट बो हार्डी 24,अक्षर का हार्डी बो बेहरनडोर्फ 31, बिश्नोई रन आउट 02,अर्शदीप नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (बाई: 01, लेग बाई: 02, वाइड: 03) 06,**कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 160 रन,**विकेट पतन:**1-33, 2-33, 3-46, 4-55, 5-97, 6-143, 7-156, 8-160,**गेंदबाजी:**हार्डी 4-0-21-1,बेहरनडोर्फ 4-0-38-2,ड्वारशुइस 4-0-30-2,एलिस 4-0-42-1,संघा4-0-26-1

**ऑस्ट्रेलिया पारी:** हेड बो बिश्नोई 28,फिलिप बो मुकेश 04,मैकडरमॉट का रिंकू बो अर्शदीप 54, हार्डी का अय्यर बो बिश्नोई 06,डेविड का आवेश बो अक्षर 17,शॉर्ट का रुतुराज बो मुकेश 16,वेड का अय्यर बो अर्शदीप 22,ड्वारशुइस बो मुकेश 00, एलिस नाबाद 04,बेहरनडोर्फ नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (वाइड: 01) 01,**कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 154 रन,**विकेट पतन:**1-22, 2-47, 3-55, 4-102, 5-116, 6-129, 7-129, 8-151,**गेंदबाजी:** अर्शदीप4-0-40-2,आवेश 4-0-39-0,मुकेश 4-0-32-3, बिश्नोई 4-0-29-2,अक्षर 4-0-14-1।

## त्रिपुरा ने मुंबई के खिलाफ किया उलटफेर, दिल्ली ने चंडीगढ़ को हराया

**बेंगलुरु।** त्रिपुरा ने विजय हजारे ट्रॉफी राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट में ग्रुप ए के मैच में रविवार को यहां मुंबई को 53 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के बावजूद मुंबई छह मैचों में 20 अंक लेकर ग्रुप तालिका में शीर्ष स्थान के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। टीम का ग्रुप चरण में एक मैच बचा हुआ है। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 288 रन बनाए। मुंबई को बारिश के कारण वीजेडी प्रणाली से इस मैच को जीतने के लिए 43 ओवर में 265 रन का लक्ष्य मिला।त्रिपुरा ने अनुभवी अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम को 40.3 ओवर में 211 रन पर आउट कर दिया। त्रिपुरा की जीत में हरफनमौला मणिशंकर मुरासिंह का शानदार योगदान रहा। उन्होंने 26 गेंद में नाबाद 55 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के बाद 8.1 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट चटकाए।

# इंग्लैंड ए की महिला टीम ने टी-20 श्रृंखला 2-1 से जीती

भारत को दो विकेट से हराया

भाषा। मुंबई



**इस्सी वोंग के** हरफनमौला खेल से इंग्लैंड महिला ए ने रविवार को यहां भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। वोंग ने 18 रन देकर दो विकेट लेने के बाद कम स्कोर वाले मैच में 30 गेंद में 28 रन की नाबाद पारी खेल टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ए ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद 19.2 ओवर में 101 रन बनाए। इंग्लैंड ए महिला टीम ने 19.2 ओवर में आठ विकेट पर 104 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मीनू मणि की अगुवाई वाली टीम ने 16वें ओवर में 81 रन तक इंग्लैंड महिला ए के आठ विकेट चटका लिए थे लेकिन विजई चौका जड़ने वाली वोंग ने फ्रिस्टी गोर्डन (नौ गेंद में नाबाद 10 रन) के साथ नौवें विकेट के लिए 23 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। वोंग ने इससे पहले श्रृंखला के दूसरे मैच में भी 15 गेंद में नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। भारत ने पहला मैच तीन रन से जीता था। इंग्लैंड के लिए कप्तान हॉली आर्मिताज ने 28 गेंद में 27 रन जबकि सेरेन स्माले ने 18 रन का योगदान दिया।

## रोडमैन के गोल से अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम ने चीन को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** ट्रिनिटी रोडमैन ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे अमेरिका ने शनिवार को यहां महिलाओं के प्रदर्शनी फुटबॉल मैच मे चीन को 3-0 से हरा दिया। चीन के खिलाफ दो प्रदर्शनी मुकाबलों के पहले मैच में रोडमैन के अलावा सोफिया स्मिथ और लिंडसे होरान ने भी गोल दागे। दूसरा प्रदर्शनी मैच टेक्सास के फ्रिस्को मे मंगलवार को खेला जाएगा। सोफिया ने आठवें मिनट मे रोडमैन के पास पर गोल दागकर अमेरिका को बढ़त दिलाई। राष्ट्रीय टीम की ओर से 37 मैच मे यह सोफिया का 15वां गोल था।

## रियाज ने बट को राष्ट्रीय चयन पैनल से हटाया

**लाहौर।** पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने पूर्व दागी कप्तान सलमान बट को राष्ट्रीय चयन पैनल में शामिल करने के एक दिन बाद गहन समीक्षा करते हुए अपने फैसले को पलट दिया। स्पॉट फिक्सिंग के लिए पांच साल के प्रतिबंध के बाद 2016 मे क्रिकेट में सफल वापसी करने वाले 39 वर्षीय बट को शुक्रवार को उनके पूर्व साथी कामरान अकमल और राव इफ्तिखार अंजुम के साथ मुख्य चयनकर्ता रियाज का सलाहकार सदस्य नियुक्त किया गया था।

## न्यूकासल ने मैनचेस्टर यूनाईटेड को हराया

**लंदन।** खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद न्यूकासल यूनाईटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां मैनेचस्टर यूनाईटेड को1-0 से हरा दिया। न्यूकासल के मैनेजर एडी होवे को लगातार तीसरे मैच मे समान एकादश के साथ शुरुआत करने को मजबूर होना पड़ा लेकिन उनके खिलाड़ी उम्मीद पर खरे उतरते हुए जीत दर्ज करने मे सफल रहे। मैच का एकमात्र गोल 55वे मिनट मे एंथोनी गोर्डन ने किया जो न्यूकासल को जीत दिलाने के लिए काफी था।

## लीग वन मैच के दौरान हिंसा से जुड़े मामले में नैनटेस समर्थक की मौत

**नैनटेस (फ्रांस)।** फ्रांस मे घरेलू फुटबॉल के मौजूदा सत्र मे हिंसा की नवीनतम घटना मे नीस पर1-0 से जीत से पहले हुई हिंसा मे नैनटेस के एक समर्थक की शनिवार को मौत हो गई। लीग वन (देश की शीर्ष फुटबॉल लीग) की टीम नैनटेस ने रात मे एक बयान मे कहा कि क्लब स्टेडियम के करीब यह प्रशंसक हमले मे गंभीर रूप से घायल हो गया था। क्लब ने कहा, हिंसा का यह मामला न्यायिक जांच का विषय है। इस 31 साल के प्रशंसक की पीठ मे गंभीर चोट लगी थी।

## मेदजेदोविच ने फिल्स को हराकर नेक्स्ट जेन फाइनल्स चैंपियनशिप जीती

**जेद्दा (सऊदी अरब)।** हेमाद मेदजेदोविच ने शनिवार को यहां शीर्ष वरीय आर्थर फिल्स को हराकर उलटफेर करते हुए नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस चैपियनशिप का खिताब जीत लिया। मेदजेदोविच ने दो घंटे और 11 मिनट चले फाइनल मे फिल्स को पांच सेट मे 3-4 (6), 4-1, 4-2, 3-4 (9), 4-1 से हराया। टूर्नामेंट के छह सत्र मे यह पहला मौका है जब फाइनल मे पांच सेट खेले गए।

## शेफलर वर्ल्ड चैलेंज में शीर्ष पर बरकरार

**नसाउ।** दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलर ने शनिवार को यहां तीसरे दौर में सात अंडर 65 के हफ्ते के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वर्ल्ड चैलेज गोल्फ टूर्नामेंट में बढ़त बरकरार रखी। यहां पिछले दो टूर्नामेंट के उप विजेता अमेरिका के शेफलर ने पहले दो दौर में 69 और 66 का स्कोर बनाया था।

# स्वर्णिम जीत से चूकी अश्विनी-तनीषा की जोड़ी

- सैयद मोदी बैडमिंटन के फाइनल में हारी

**लखनऊ।** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय जोड़ी को रविवार को यहां सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और केई नाकानिशी से हार का सामना करना पड़ा। इस साल नेट्स इंटरनेशनल चैलेंज और अबू धाबी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब अपने नाम करने वाली दुनिया की 32वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया लेकिन उन्हें 77 मिनट तक चले मुकाबले में 14–21, 21–17, 15–21 से शिकस्त मिली। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने मैच में अच्छी शुरुआत की लेकिन शुरुआती गेम में दबाव में बिखर गई। 36 साल की अश्विनी और 20 साल की तनीषा ने इस साल जनवरी में एक साथ खेलना शुरू किया है। इस जोड़ी ने दूसरा गेम जीतने के बाद तीसरे गेम में।–8 से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए स्कोर को 13–15 किया। भारतीय जोड़ी इसके बाद लय को बरकरार नहीं रख सकी और मुकाबले को गंवा दिया। मैच की शुरुआत में तनीषा के शानदार प्लेसमेंट की दम पर भारतीय जोड़ी ने 7–4 की बढ़त बनाई। रिन और केई ने इसके बाद लगातार तीन अंक बनाए। ब्रेक के समय तनीषा और अश्विनी की जोड़ी 11–8 से आगे थी। जापान की जोड़ी ने इसके बाद लगातार चार अंक जुटाए और फिर भारतीय जोड़ी ने कई गलतियां की जिससे वह 12–18 से पिछड़ गई। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 6–3 की बढ़त के साथ शुरुआत की।



## पुरुष सिंगल्स में जेन, महिला सिंगल्स में आकोहुरा चैंपियन




दूसरी ओर पुरुष सिंगल्स के फाइनल में चीनी ताइपे के ची यू जेन ने दूसरी वरीय जापान के केंटा निशिमोटो को रोमांचक मुकाबले में 20-22, 21-12, 21-17 से हराया। विश्व रैंकिंग में 12वीं वरीयता जापानी खिलाड़ी केंटा ने कड़े मुकाबले के बाद पहला गेम 22-20 से जीता।दूसरे गेम में विश्व रैंकिंग में 48वरीयता 26 साल के ची यू जेंग ने उम्दा कोर्ट कवरेज के सहारे बाद 21-12 से जीत लिया। तीसरे व निर्णायक गेम में ची यू जेन को प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अंक जुटाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। महिला सिंगल्स फाइनल में जापान की नोजोमी आकोहुरा ने पांचवीं वरीय डेनमार्क की लेन हाजमार्क केजरफेल्ड डेनमार्क को 21-19, 21-16 से हराया। पुरुष डबल्स में विश्व में 93वीं व टूर्नामेंट की गैर वरीय चुंग होन जियान व मोहम्मद हैकल की मलेशियाई जोड़ी ने विश्व रैंकिंग में 16वीं वरीय जोड़ी के खिलाफ खिताबी जीत दर्ज की। मिक्स डबल्स का खिताब इंडोनेशिया के दूसरी वरीय डेजन फर्डिनन्स्याह व ग्लोरिया इमानुएल विजाजा ने जीता जिन्होंने फाइनल में पांचवी वरीय जापान की यूकी कनेको व मिसाकी मत्सुतोमो को 20.22ए 21.19ए 25.23 से हराया। चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा उत्तर प्रदेश के खेल सचिव सुहास एलवाई उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डा.नवनीत सहगल , श्रीमती अलका दास ;ेयरपर्सन बीबीडी ग्रुप सुश्री सोनाक्षी दास उपाध्यक्ष बीबीडी उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्आनन्देश्वर पाण्डेय व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के महासचिव डाण्सुधर्मा सिंह द्वारा विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## अभिनव चौधरी पुरुष रेपिड फायर राष्ट्रीय चैंपियन बने

**भोपाल।** राजस्थान के अभिनव चौधरी ने रविवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल का खिताब जीता। अभिनव ने एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में फाइनल में 30 अंक के साथ उत्तर प्रदेश के अंकुर गोयल को पछाड़ा जिन्होंने 26 अंक जुटाए। दिल्ली के अर्पित गोयल 21 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अभिनव ने इससे पहले क्वालीफिकेशन में 584 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। जूनियर पुरुष रेपिड फायर पिस्टल में विजयवीर सिद्धू ने फाइनल में 28 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले हरियाणा के अनीष भानवाला ने 25 अंक के साथ रजत पदक जीता। अनीष (578) ने हालांकि समीर (578) और आदर्श सिंह (571) के साथ मिलकर कुल 1727 अंक के साथ पुरुष टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। विजयवीर, उनके जुड़वां भाई उदयवीर और राजकंवर ने जूनियर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## अगर कोई क्रिकेटर कमिंस से प्रेरणा नही लेता तो वह गलत खेल में है : इयान चैपल

सिडनी। आस्ट्रेलिया के महानतम कप्तानो में से एक इयान चैपल ने कहा कि अगर पैट कमिंस की प्रेरणादाई कप्तानी, शानदार कौशल और मैदान के अंदर और बाहर का आचरण उनके साथी खिलाड़ियों को प्रेरित नही करता तो वे गलत खेल में है। कमिंस ने छह महीने के दौरान एशेज खिताब बरकरार रखा, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती और भारत में वनडे विश्व कप जीता है। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो मे अपने कॉलम मे लिखा, कोई भी क्रिकेटर अगर कमिंस से प्रेरणा नही ले पाता है तो वह गलत खेल मे है। उन्होने लिखा, कमिंस हमेशा ही अच्छे कप्तान बनते। कुछ देर के लिए अगर उनके तेज गेंदबाज के तौर पर कप्तान के कारण होने वाली मुश्किलों को नजरअंदाज कर दिया जाए तो वह आस्ट्रेलियाई टीम मे सबसे ज्यादा प्रेरणादाई खिलाड़ी है जिसे क्रिकेट की समझ है। वही अगर उनके साथ क्रिकेट खेलने वाले कुछ बड़े नाम की बात की जाए तो वे आक्रामकता का मुखौटा पहने होते है, बेकार की छींटाकशी करते है लेकिन यही कमिंस अपने प्रदर्शन से उन पर बाजी मार लेते है। चैपल ने लिखा, कमिंस और उनकी टीम को खेलते हुए देखना अच्छा लगता है। कमिंस की टीम के अति आक्रामक होने की बात की जाती है लेकिन इसमे नकारात्मक प्रभाव नही दिखता। मै उन्हें मार्क वॉ और अनिल कुंबले की श्रेणी में रखूंगा जो काफी प्रतिस्पर्धी थे। विश्व क्रिकेट के सबसे सम्मानित खिलाड़ियों मे शुमार चैपल ने कहा, बड़बोलापन आपको चुनौतीपूर्ण खिलाड़ी नही बनाता बल्कि यह इसके विपरीत होता है। बल्कि कमिंस एक शानदार तेज गेंदबाज है और अक्सर उनकी इसलिए प्रशंसा की जाती है क्योंकि वह जरूरत पड़ने पर विकेट दिलाता है। वह ऐसा गेंदबाज है जो नियमित रूप से प्रतिद्वंद्वी टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों को परेशान करता है। यही खासियत उसे प्रेरणादाई कप्तान बनाती है।

## बढ़ रहा इंडियन रेसिंग व मोटरस्पोर्ट्स का क्रेज

**बेंगलुरु।** एक्सानमोबिल इस वर्ष इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पावर देकर भारत के तेजी से बढ़ते मोटरस्पोर्ट्स सेक्टर को ऊपर उठा रहा है। जिसमें देश में पहली बार एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट -एमआईसी और नए फॉर्मूला रेसिंग सर्किट-एफसीआर में आयोजित होने वाली इंडियन रेसिंग लीग -आईआरएल का दूसरा सीजन शामिल है। यह वर्ष पहली बार भारत और दक्षिण एशिया में शहर के केंद्र में द्वीप मैदानों के आसपास स्थित एफसीआर में रात की रेस का एक रोमांचक कैलेंडर शामिल है। यह रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड -आरपीपीएल के साथ एक्सानमोबिल की लगातार दूसरे वर्ष की साझेदारी का हिस्सा हैए जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की लोकप्रियता और पहुँच को बढ़ाने और इसे सभी रेसर्स के लिए अधिक किफायती बनाने की अपनी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहारू ष्भारत के मोटरस्पोर्ट्स सीन ने सभी सिलेंडरों पर फायरिंग कीए जिससे कई भावुक रेसर्स सुर्खियों में आए और इंडियन रेसिंग फेस्टिवल द्वारा पेश किए गए अवसर का लाभ उठाया। वैश्विक मोटरस्पोर्ट्स में देश की स्थिति को ऊपर उठाने वाले आरपीपीएल के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से हम न केवल आईआरएल सीजन 1 की सफलता पर गर्व कर रहे हैं बल्कि देश में पहली बार एफ4 इंडियन चैंपियनशिप को भी शक्ति प्रदान कर रहे हैं जो खेल के लिए एक गेम चेंजर होगा। उनके शक्तिशाली मशीनों को निर्बाध प्रदर्शन प्रदान करने में डवइपस 1 ज्ड में रेसर के विश्वास को यह निरंतर सहयोग गहराई से रेखांकित करता है। मोटरस्पोर्ट्स के प्रति उत्साही लोगों के मजबूत समुदाय का निर्माण करने के अलावा हम आत्मविश्वास और सच्ची खेल भावना के मूल्यों को उजागर कर रहे हैं और मोटरस्पोर्ट्स के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए अधिक युवा लोगों को सशक्त बना रहे हैं।

## खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार समिति के अध्यक्ष होंगे सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति खानविलकर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम खानविलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार की 12 सदस्ईय चयन समिति की अध्यक्षता करेंगे। खेल मंत्रालय ने रविवार को यह घोषणा की।समिति मे छह प्रमुख खेल हस्तियां भी शामिल है, जिनमे पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्लै, ओलंपियन मुक्केबाज अखिल कुमार, निशानेबाज शुमा शिरूर, टेबल टेनिस मे आठ बार के राष्ट्रीय चैंपियन कमलेश मेहता प्रमुख है। मेहता भारतीय टेबल टेनिस महासंघ का प्रतिनिधित्व करेंगे।भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक इकाई की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे तथा पावरलिफ्टिंग महासंघ के फरमान बाशा भी समिति मे शामिल है।दैनिक जागरण के खेल संपादक अभिषेक त्रिपाठी मीडिया के प्रतिनिधि के रूप मे समिति मे शामिल है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान, लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम के पुष्पेंद्र गर्ग और खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रेम कुमार झा सरकारी अधिकारियो के रूप मे समिति मे शामिल किए गए है।

## यूरो 2024: मेजबान जर्मनी ग्रुप ए में हंगरी, स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के साथ

हैम्बर्ग। मेजबान जर्मनी को अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैपियनशिप (यूरो 2024) के शनिवार को हुए ड्रॉ मे हंगरी, स्कॉटलैंड और स्विट्जरलैंड के साथ ग्रुप ए मे रखा गया है।
जर्मनी के लिए 2023 का साल निराशाजनक रहा और टीम 2024 मे बेहतर प्रदर्शन के साथ अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेगी। सितंबर मे कोच जूलियन नेगल्समैन के जर्मनी के साथ जुड़ने के बाद से टीम ने दो मैत्री मैच गंवाए है जबकि टीम को 2023 मे 13 मैत्री मैच मे से छह मे हार का सामना करना पड़ा। इस 24 टीम के टूर्नामेंट के ग्रुप बी मे गत चैंपियन इटली और स्पेन एक बार फिर भिड़ते हुए नजर आएंगे। टूर्नामेंट की इन दो सबसे सफल टीम ने यूरोपीय चैंपियनशिप के पिछले चार मे से तीन खिताब जीते है। ग्रुप की दो अन्य टीम क्रोएशिया और अल्बानिया है।
ग्रुप सी मे इंग्लैंड, डेनमार्क, स्लोवेनिया और सर्बिया को जगह मिली है जबकि ग्रुप डी मे फ्रांस, ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड के अलावा एक प्ले ऑफ (पोलैंड, एस्टोनिया, वेल्स या फिनलैंड मे से एक) विजेता को शामिल किया गया है।

## पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए वार्नर ऑस्ट्रेलियाई टीम में

सिडनी। डेविड वार्नर को पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट की घरेलू श्रृंखला के पहले मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम मे शामिल किया गया है जिससे उन्हे सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) मे संभावित विदाई का मौका मिल सकता है। रविवार को घोषित टीम मे 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वार्नर को भी जगह मिली है। यह टीम हालांकि पर्थ मे 14 से 19 दिसंबर तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए ही है।यदि वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम मे जगह बरकरार रखते है तो फिर उन्हे तीन से सात जनवरी तक अपने घरेलू मैदान एससीजी मे होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मे स्वप्निल विदाई का मौका मिल सकता है। वार्नर का हाल मे टेस्ट क्रिकेट मे फॉर्म मिश्रित रहा है और 2019 मे एडीलेड मे पाकिस्तान के खिलाफ तिहरा शतक जड़ने के बाद से उनका औसत 28 का रहा है। उन्होने सीमित ओवरो के प्रारूप मे खेलना जारी रखने और सिडनी मे टेस्ट करियर को अलविदा कहने की अपनी इच्छा स्पष्ट कर दी है। वार्नर पहले टेस्ट मे उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि सलामी बल्लेबाज कैमरन बेनक्राफ्ट, मैट रेनशॉ और मार्कस हैरिस के पास प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए टीम मे जगह बनाने का दावा मजबूत करने का मौका होगा।

# रामकुमार को आईटीएफ कलबुर्गी ओपन का खिताब



भाषा। कलबुर्गी

**भारत** के रामकुमार रामनाथन ने रविवार को यहां पुरुष एकल के एकतरफा फाइनल में ऑस्ट्रिया के डेविड पिचलर को सीधे सेटों में हराकर कलबुर्गी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता। पिछले सप्ताह आईटीएफ मुंबई ओपन का खिताब जीतने वाले रामकुमार ने पिचलर को केवल 64 मिनट में 6–2, 6–। से हराकर पिछले 57 दिनों की अवधि में अपना तीसरा आईटीएफ खिताब जीता। भारतीय डेविस कप टीम के सदस्य रामकुमार को इस जीत पर 3200 अमेरिकी डॉलर का चेक और 25 एटीपी अंक मिले। पिचलर को 2120 अमेरिकी डॉलर के अलावा 16 एटीपी अंक मिले। रामकुमार ने जीत के बाद कहा, लगातार दूसरा खिताब जीतकर मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने पिछले दो सप्ताह में अपनी सर्वश्रेष्ठ टेनिस का प्रदर्शन किया है। शुरू में यहां का कोर्ट मेरे अनुकूल नहीं था लेकिन मैंने बहुत जल्दी इससे सामंजस्य बिठाया।

# रिंकू टी20 विश्व कप के दावेदार हैं, पर यह कहना अभी जल्दबाजी होगी: नेहरा

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा के अनुसार बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह भारत की टी20 विश्व कप टीम में फिनिशर स्थान के लिए दावेदार के रूप में सामने आए हैं लेकिन उनका मानना है कि साथी खिलाड़ियों से उन्हें इस स्थान के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। टी20 विश्व कप अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।
रिंकू आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार फॉर्म में हैं। शुक्रवार को चौथे मैच में उन्होंने 29 गेंद में 46 रन की पारी खेली और भारत की 20 रन की जीत में अहम भूमिका अदा की और इससे टीम श्रृंखला 3–। से अपने नाम करने में सफल रही। नेहरा ने जियो सिनेमा पर कहा, इसमें कोई शक नहीं कि रिंकू भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने के दावेदार हैं। लेकिन विश्व कप अभी काफी दूर है और जिस स्थान के लिए वह दावेदार है, उसके लिए कई और खिलाड़ी उन्हें चुनौती पेश करेंगे। रिंकू ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में कुछ अच्छी पारियां खेलीं जिसमें तिरूवनंतपुरम में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनकी नौ गेंद में नाबाद 31 रन की पारी ने भारत की 44 रन की जीत में बड़ी भूमिका अदा की थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 विश्व कप के लिए भारत की योजना का हिस्सा होंगे या नहीं, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है तो टीम में कई बड़े बदलाव हो सकते हैं और रिंकू स्लॉग ओवर के लिए प्रबल दावेदार हो सकते हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा, आप जितेश शर्मा (विकेटकीपर बल्लेबाज) और तिलक वर्मा को भी देख सकते हो। इसलिए चर्चा करनी होगी कि श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या किन स्थानों पर खेलेंगे।

## द्वितीय अधीर दुबे टी-20 में ट्रिपल सेवन ने स्मैश क्लब को 41 रन से हराया

**लखनऊ।** आनंद शास्त्री नाबाद 80 के अर्धशतक के बाद राशिद 4 विकेटद्ध की उपयोगी गेंदबाजी से ट्रिपल सेवन क्लब ने द्वितीय अधीर दुबे टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में स्मैश क्रिकेट क्लब को 41 रन से पराजित किया। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर ट्रिपल सेवन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 176 रन बनाए। टीम 32 रन पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में फंस गयी थी। इसके बाद रेहान ने 45 गेंदों पर 4 चौके से 46 रन बनाकर टीम को संभाला।फिर आनंद शास्त्री ने 46 गेंदों पर 9 चौके व दो छक्के से नाबाद 80 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूती दी। स्मैश क्लब से अमित पुरी को 2 जबकि नितेंद्र, अभिषेक व नरेश भल्ला को एक.एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में स्मैश क्लब निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 135 रन ही बना सका और जीत से 41 रन दूर रह गया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक 56 रन, 41 गेंदए 9 चौकेद्ध ने अर्धशतक जड़ते हुए टीम को संभाला लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिल सका। उनके बाद गोल्डी सिंह ;13द्ध व अनुपम विश्वकर्मा ;21द्ध ही कुछ प्रतिरोध कर सके। ट्रिपल सेवन क्लब से राशिद ने 4 ओवर में 20 रन देकर चार विकेट की सफलता हासिल करते हुए टीम की जीत तय की। अनिल सिंह को दो जबकि महिराज सिंह व दीपक तनेजा को एक.एक विकेट की सफलता मिली। मैन ऑफद मैच का पुरस्कार ट्रिपल सेवन के आनंद शास्त्री को मिला।

# एथलीटों का राष्ट्रीय शिविर बंद करेगा एएफआई



**अमृतसर।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को फैसला किया कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद एलीट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर का आयोजन नहीं करेगा और शीर्ष खिलाड़ियों की देखरेख के लिए सार्वजनिक और निजी इकाइयों के लिए दरवाजे खोलेगा। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने यहां महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के अंतिम दिन कहा, हमने पेरिस (अगले साल) के बाद सीनियर राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर खत्म करने का फैसला किया है। हमने खेल मंत्रालय को भी इसकी सूचना दे दी है जिसने हमारे कदम की सराहना की है। उन्होंने कहा, साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) के एनसीओई (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों) में इतनी सारी अच्छी सुविधाएं हैं। रिलायंस, जेएसडब्ल्यू, टाटा और अन्य निजी इकाइयों में भी अच्छी सुविधाएं हैं। उन्होंने भारी भरकम निवेश किया है और विदेशी कोच को नियुक्त किया है। सुमारिवाला ने कहा, वे अपनी सुविधाओं पर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकते हैं। निजी इकाइयां ही नहीं बल्कि सेना खेल संस्थान, रेलवे, वायुसेना, नौसेना, ओएनजीसी, सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य इकाइयां और यहां तक कि राज्य सरकारें भी अपने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकती हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास पांच से 10 साइ केंद्र हैं लेकिन हमारे पास ऐसे 200 केंद्र हो सकते हैं (सार्वजनिक और निजी इकाइयों की मदद से ट्रेनिंग के लिए)। खिलाड़ी ट्रेनिंग के लिए शिविर की जगह अपने घरों में रह सकते हैं। एएफआई के इस कदम का मतलब है कि नीरज चोपड़ा, मुरली श्रीशंकर और अविनाश साबले जैसे शीर्ष खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद उसके तत्वावधान में ट्रेनिंग नहीं करेंगे लेकिन महासंघ उनकी प्रगति की निगरानी करता रहेगा। खिलाड़ी अब सीधे तौर पर सार्वजनिक और निजी इकाइयों के अंतर्गत आएंगे जिसमें ओडिशा, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसी राज्य सरकारें भी शामिल हैं।

## भारत 29 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की बोली लगाने के लिए तैयार

अमृतसर। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि 2027 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाने की अपनी पहले की योजना से हटते हुए राष्ट्रीय महासंघ इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 2029 सत्र की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाने को तैयार है। एएफआई पहले 2027 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार के लिए बोली लगाने पर विचार कर रहा था, लेकिन अब पता चला है कि उसने योजना छोड़ दी है और इसके बजाय वह 2029 सत्र की मेजबानी करना चाहता है। एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने एएफआई की वार्षिक आम सभा की बैठक (एजीएम) से इतर यह जानकारी दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।